दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 174 | जयपुर | मंगलवार, 29 अप्रैल, 2025 | बैशाख, शुक्ल पक्ष द्वितीया संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹5.00 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

**मौसम** जयपुर
41.0° अधिकतम तापमान
28.0° न्यूनतम तापमान

**बाजार** शेयर बाजार
सेंसेक्स 80,218.37 +1,005.84 (1.27%)
निफ्टी 24,328.50 +289.15 (1.20%)

**सर्राफा** सोना/चांदी
सोना 97,790 /10g
चांदी 1,00,500 /Kg

## मुख्यमंत्री ने ली नागरिक उड्डयन विभाग की समीक्षा बैठक

# विमानन क्षेत्र को विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध राज्य सरकार : शर्मा

**कहा : अत्याधुनिक हवाई सुविधाओं के विस्तार से अर्थव्यवस्था को मिलेगी गति**

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश में हवाई सुविधाओं का विस्तार करने के लिए राज्य सरकार ने दूरगामी निर्णय लिए हैं। इससे पर्यटन, शिक्षा एवं व्यापारिक गतिविधियों में वृद्धि होगी और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को अपेक्षित गति मिलेगी। श्री शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर नागरिक उड्डयन विभाग की समीक्षा कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक हवाई सुविधाएं उपलब्ध करने के क्रम में कोटा ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट महत्वपूर्ण साबित होगा। इस एयरपोर्ट के विकास के लिए राज्य सरकार एवं भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के मध्य एमओयू हो चुका है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की ईएचवी लाइन शिफ्टिंग और आरआरवीपीएनएल की लाइन शिफ्टिंग के कार्य में तेजी लाएं।



**विरासत और आधुनिक सुविधाओं का संगम होगा जयपुर स्टेट टर्मिनल**

मुख्यमंत्री ने कहा कि जयपुर एयरपोर्ट पर बनने जा रहे स्टेट टर्मिनल पर विश्व स्तरीय सुविधाएं विकसित की जाएं। इसमें ग्रीन एरिया, पार्किंग, मीटिंग हॉल आदि के संबंध में विशेष योजना बनाकर कार्य किया जाए ताकि आगंतुकों को श्रेष्ठ सुविधाएं एवं सेवाएं सुनिश्चित हो सकें। उन्होंने कहा कि टर्मिनल की बिल्डिंग के स्थापत्य में जयपुर की विरासत की झलक मिले और आधुनिक सुविधाएं भी विकसित हो। भविष्य में आगंतुकों की संख्या एवं हवाई सेवाओं के अनुरूप टर्मिनल का निर्माण किया जाए। बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि टर्मिनल के निर्माण के लिए 12 हजार 778 वर्ग मीटर भूमि का आवंटन हो चुका है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हवाई पट्टियों के उन्नयन और मरम्मत कार्य के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने उदयपुर हवाई अड्डे के विस्तार एवं उत्तरलाई हवाई पट्टी पर सिविल एन्क्लेव और अप्रोच रोड के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जयपुर एयरपोर्ट के टर्मिनल की क्षमता 50 लाख से बढ़ाकर 70 लाख यात्री प्रतिवर्ष की जा रही है।

श्री शर्मा ने प्रदेश में हवाई पट्टियों के उन्नयन और विस्तार की समीक्षा की। उन्होंने झुंझुनूं, आबू रोड़ और डूंगरपुर हवाई पट्टी के विस्तार व प्रतापगढ़ और हमीरगढ़ में फ्लाइंग ट्रेनिंग ऑर्गेनाइजेशन (एफटीओ) के कार्यों में गति लाने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने हरियाणा से सालासर और खाटूश्यामजी के लिए हवाई सुविधा और एयर एंबुलेंस सुविधा के विस्तार के संबंध में विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि एयर एंबुलेंस की सुविधा से दूरस्थ स्थानों के लिए आपातकालीन चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी जिससे आमजन को राहत मिलेगी। श्री शर्मा ने राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के दौरान नागरिक उड्डयन क्षेत्र में हुए एमओयू पर हुई प्रगति की समीक्षा की। बैठक में नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम कुमार दक, मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**संक्षिप्त समाचार**

## मुंबई हमले के मास्टरमाइंड की कस्टडी 12 दिन बढ़ी

**एनआईए ने तहव्वुर राणा की रिमांड बढ़ाने की मांग की थी; 10 अप्रैल को अमेरिका से लाया गया**



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** मुंबई में 26 नवंबर, 2008 को आतंकी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर हुसैन राणा की कस्टडी 12 दिनों के लिए बढ़ गई है। तहव्वुर राणा को आज दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया। एनआईए ने उसकी हिरासत बढ़ाने के लिए याचिका लगाई थी।

एनआईए तहव्वुर राणा को 10 अप्रैल को स्पेशल प्लेन से अमेरिका से भारत लेकर आई थी। उसका प्रत्यर्पण टॉप-सीक्रेट मिशन ऑपरेशन राणा के तहत हुआ था। 10 अप्रैल को उसे स्पेशल एनआईए जज चंद्रजीत सिंह ने उसे 18 दिन की कस्टडी में भेज दिया था। आज राणा की कस्टडी खत्म होने वाली थी।

तहव्वुर को अमेरिका के शिकागो में अक्टूबर 2009 में अमेरिकी एजेंसी एफबीआई ने गिरफ्तार किया था। उस पर मुंबई के 26/11 और कोपेनहेगन में आतंकी हमले को अंजाम देने के लिए जरूरी सामान मुहैया कराने का आरोप था। परिवार से बात करने की याचिका खारिज कर चुका कोर्ट इससे पहले पटियाला हाउस कोर्ट ने 24 अप्रैल को तहव्वुर राणा की याचिका परिवार से बात करने की मांग वाली खारिज कर दी थी।



## वैभव के शतक की मदद से जीता राजस्थान

**गुजरात को 8 विकेट से हराया; आईपीएल में सेंचुरी लगाने वाले यंगेस्ट प्लेयर बने सूर्यवंशी**

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** 14 साल के वैभव सूर्यवंशी के शतक की मदद से राजस्थान रॉयल्स को आईपीएल में लगातार 5 हार के बाद जीत मिली। टीम ने गुजरात टाइटंस को 8 विकेट से हराया। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान ने बॉलिंग चुनी। गुजरात ने 4 विकेट खोकर 209 रन बनाए। राजस्थान ने 2 विकेट के नुकसान पर 16वें ओवर में ही टारगेट हासिल कर लिया।

गुजरात से शुभमन गिल ने 84 और जोस बटलर ने 50 रन बनाए। राजस्थान से वैभव ने 101 और यशस्वी जायसवाल ने 70 रन बनाए। रियान पराग 32 रन बनाकर नॉटआउट रहे। महीश तीक्षणा को 2 विकेट मिले। वैभव आईपीएल और टी-20 में फिफ्टी और सेंचुरी लगाने वाले सबसे युवा प्लेयर बने। उन्होंने 35 गेंद पर शतक लगाया, यह आईपीएल में किसी भारतीय खिलाड़ी का सबसे कम गेंदों पर शतक है।

## पत्नी के निधन के बाद महेश जोशी को अंतरिम जमानत

**900 करोड़ के जेजेएम घोटाले में ईडी ने गिरफ्तार किया था, 4 दिन जेल से बाहर रहेंगे**

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** पत्नी कौशल जोशी के निधन के बाद पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता महेश जोशी को 4 दिन के लिए अंतरिम जमानत मिली है। जयपुर के मणिपाल हॉस्पिटल में कौशल जोशी भर्ती थीं। सोमवार सुबह उन्होंने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। 900 करोड़ के जल जीवन मिशन घोटाले के मामले में महेश जोशी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 24 अप्रैल को गिरफ्तार किया था। आज (सोमवार) उनकी रिमांड अवधि खत्म हो रही थी। जोशी को पीएमएलए मामलों की विशेष अदालत में पेश किया गया था। सुनवाई के बाद कोर्ट ने जेल भेज दिया था। इस दौरान सूचना मिली कि महेश जोशी की पत्नी का निधन हो गया।

इस पर महेश जोशी के वकील ने कोर्ट के सामने अंतरिम जमानत की अर्जी लगाई। कोर्ट ने सुनवाई की और 4 दिन की अंतरिम जमानत मंजूर कर ली। बताया जाता है कि पहले उन्हें कुछ घंटे के लिए जेल भेजा गया। इसके बाद उन्हें जमानत दी गई। दोपहर करीब 3 बजे महेश जोशी स्टेशन रोड स्थित अपने घर पहुंच गए।




# डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर अश्लीलता मामले में सुप्रीम कोर्ट सख्त

## कहा : ये गंभीर मुद्दा, सरकार एक्शन ले; केंद्र बोला- नए नियमों पर काम जारी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को ऑनलाइन अश्लील कंटेंट की स्ट्रीमिंग पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने केंद्र सरकार और 9 ओटीटी-सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने कहा कि याचिका एक गंभीर चिंता पैदा करती है। केंद्र को इस पर कुछ कदम उठाने की जरूरत है। यह मामला कार्यपालिका या विधायिका के अधिकार क्षेत्र में आता है। ऐसे भी हम पर आरोप हैं कि हम कार्यपालिका के अधिकार क्षेत्र में दखल देते हैं। फिर भी हम नोटिस जारी कर रहे हैं। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि ओटीटी और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर कंटेंट को लेकर कुछ रेगुलेशन पहले से मौजूद हैं। सरकार और नए नियम लागू करने पर विचार कर रही है। याचिकाकर्ता की ओर से एडवोकेट विष्णु शंकर जैन पेश हुए। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार से ओटीटी और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अश्लील कंटेंट पर रोक लगाने के लिए दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की गई है। याचिकाकर्ता का तर्क है कि ऐसी सामग्री युवाओं और समाज पर नकारात्मक प्रभाव डालती है।

**एडवोकेट विष्णु जैन:** सोशल मीडिया पर जो सामग्री बिना किसी प्रतिबंध के चल रही है, मैंने उसका उल्लेख किया है। यह बिना किसी जांच के हो रहा है। मैंने सेकेंड आदि के साथ पूरी सूची भी दी है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बिना किसी जांच के क्या दिखाया जा रहा है।

**स्त्र तुषार मेहता:** मैं इसे किसी भी तरह से प्रतिकूल रूप से नहीं ले रहा हूं। मेरी चिंता यह है कि बच्चे इस सब के संपर्क में हैं। कुछ नियमित कार्यक्रमों में भाषा आदि ऐसी होती है कि यह विकृत होती है और दो आदमी एक साथ बैठकर इसे देख भी नहीं सकते। उनके पास एकमात्र मानदंड यह है कि यह 18 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के लिए है।

**जस्टिस गवई:** हां हमने देखा है कि बच्चों को कुछ समय के लिए व्यस्त रखने के लिए फोन आदि दिए जाते हैं। यह या तो विधायिका या कार्यपालिका के लिए है। वैसे भी हम विधायिका या कार्यपालिका के अधिकार क्षेत्र में अतिक्रमण करने के आरोपों का सामना कर रहे हैं। फिर भी हम नोटिस जारी करेंगे।

**सुप्रीम कोर्ट:** याचिका में ओटीटी प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया पर विभिन्न आपत्तिजनक, अश्लील और अभद्र सामग्री के प्रदर्शन के संबंध में एक महत्वपूर्ण चिंता जताई गई है। एसजी ने कहा कि याचिका को किसी भी प्रतिकूल तरीके से नहीं लिया जाना चाहिए। यह प्रस्तुत किया गया है कि कुछ सामग्री विकृत है।

**सुप्रीम कोर्ट :** एसजी ने प्रस्तुत किया कि कुछ नियम



अस्तित्व में हैं और कुछ और पर विचार किया जा रहा है। इसलिए हम प्रतिवादियों को नोटिस जारी करते हैं। शेष प्रतिवादियों को ईमेल और सेवा के सामान्य तरीके से नोटिस दिया जाए।

कोर्ट ने 21 अप्रैल को भी कहा था- नियम बनाना केंद्र का काम सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले 21 अप्रैल को इसी याचिका पर सुनवाई की थी। तब भी कोर्ट ने कहा था कि याचिका में उठाया गया मुद्दा एक नीतिगत मामला है और यह केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र में है। इस संबंध में नियम बनाना केंद्र का काम है। जस्टिस गवई ने कहा था,हम पर आरोप लगाया जा रहा है कि हम कार्यपालिका और विधायी कार्यों में हस्तक्षेप कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के हाल ही में की गई टिप्पणियों के बाद आई है।

सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

ऑटोरिक्शा में चेन चोरी करने वाली गैंग का पर्दाफाश

# गैंग में शामिल महिला सहित चार बदमाश गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम (सीएसटी) ने वैशाली नगर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए चलते ऑटो रिक्शा में चेन चोरी करने वाली गैंग का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गैंग में शामिल महिला सहित चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। चलते ऑटोरिक्शा में वारदात करने के बाद सवारी को बीच रास्ते में छोड़ भागते थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई गोल्ड चेन और वारदात में यूज ऑटो रिक्शा बरामद किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त (क्राइम) कुंदन कंवरिया ने बताया कि सीएसटी ने वैशाली नगर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए चलते ऑटो रिक्शा में चेन चोरी करने के मामले में आरोपी राहुल परमार (25), उसकी पत्नी हिरल (23), सन्नी (25) व धनजी उर्फ राजू (45) निवासी खटकी वाड़ा भावनगर (गुजरात ) को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई सोने की चेन और वारदात में यूज ऑटोरिक्शा बरामद किया है। सीएसटी ने सीसीटीवी फुटेज को खंगाल बदमाशों को चिह्नित कर दबिश देकर पकड़ा है। पूछताछ में सामने आया है कि बस स्टैण्ड और ऑटो स्टैंड पर महिलाओं को कम किराया बता कर ऑटो में बैठाते। बीच रास्ते में ध्यान भटका कर चलते ऑटो में चैन चुरा लेते थे। फिर जरूरी काम का बहाना बनाकर सवारी को बीच रास्ते में ही उतारकर फरार हो जाते थे। आरोपी राहुल परमार नशे की लत होने के कारण क्राइम करने लगा था। वारदात के दौरान सन्नी ऑटो चलाता है। धनजी पीछे सवारी का ध्यान भटकाने का और हिरल वारदात को अंजाम देती है। पुलिस पूछताछ में कई वारदातों के खुलासे की संभावना है।

## उपखंड अधिकारी एवं पुलिस अधिकारियों ने जेल का औचक निरीक्षण किया

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** उपकाराग्रह जेल का उपखंड अधिकारी हेमराज गुर्जर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र पाल सिंह, सीओ गिरधर सिंह ने जाप्ते के औचक निरीक्षण कर बंधिया की सघन तलाशी ली, निरीक्षण के दौरान उपकाग्रह मे क्षमता से अधिक बंदी मिले।उपकाराग्रह की डिप्टी जेलर कमलेश कुमावत ने बताया कि उपकाराग्रह का एसडीएम हेमराज गुर्जर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र पाल सिंह, सीओ गिरधर सिह ने उपकाग्रह का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बंदियों एवं उनके सामान की सघन तलाशी ली गयी। जेल की तीनों बैरिकों में क्षमता से अधिक 111 बंदी मिले। जबकि जेल में 79 बंदियों की क्षमता है। अधिकारियों ने बैरिकों मे पंखा आदि की व्यवस्था सही मिलता। तलाशी के दौरान बंदियो के पास कोई आपत्तिजनक सामान नहीं मिला।

## रेलवे ट्रैक के पास मिला युवक का शव, ट्रेन से टकराने से हुई मौत, पुलिस पहचान में जुटी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजधानी जयपुर में करधनी थाना इलाके में सोमवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब बैनाड़ रोड स्थित मोहन हॉस्पिटल के पास रेलवे ट्रैक के पास एक युवक का शव पड़ा मिला। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमॉर्टम के लिए हॉस्पिटल की मोर्चरी में भिजवाया है। पुलिस उसकी शिनाख्त करने में जुटी है। पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया जांच में सामने आया है कि युवक की मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई है। ट्रेन से टकराने के बाद युवक रेलवे ट्रैक से उछल कर पास में जा गिरा। मृतक की उम्र लगभग 30 साल के आसपास प्रतीत हो रही है। घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस ने साक्ष्य एकत्र किए और आसपास के इलाकों में मृतक की पहचान के प्रयास किए, लेकिन फिलहाल उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस का कहना है कि युवक संभवत: रेलवे ट्रैक पार करते समय लापरवाही के चलते अचानक आती ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसे के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने आसपास के थानों को सूचना भेज दी है और गुमशुदगी के मामलों की भी जांच शुरू कर दी है। शव की पहचान होते ही परिजनों को सूचना देकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अवैध धारदार हथियार लेकर घूमने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** भट्टा बस्ती थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध धारदार हथियार लेकर घूमने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से धारदार चाकू व छुरा भी बरामद किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत पुलिस थाना भट्टा बस्ती थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध धारदार हथियार लेकर घूमने वाले शाहिद उर्फ डकैत निवासी भट्टा बस्ती जयपुर और जावेद हुसैन निवासी भट्टा बस्ती जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से धारदार चाकू व छुरा भी बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

इशरे उदयपुर सब चेप्टर का तीसरा पदस्थापना समारोह आयोजित

# होटल्स में उर्जा संरक्षण पर ध्यान दिया जाना चाहिये : आशु गुप्ता

बढ़ता राजस्थान




**उदयपुर ( दिनेश गुप्ता )।** किसी भी शहर में निर्बाध गति से उर्जा संचालन हेतु मुख्य रूप से होटल्स में उर्जा संरक्षण पर जोर दिये जानें की आवश्यकता है। मुख्य अतिथि आशु गुप्ता एक निजी होटल में आयोजित ईशरे संस्था के उदयपुर से सब चेप्टर के तीसरे पदस्थापना समारोह में प्रजेन्टेशन देते हुए उक्त बात कही। उन्होंने बताया कि वर्तमान में उर्जा संरक्षण की सख्त आवश्यकता है और इस पर कार्य करना जरूरी है। इस अवसर पर इशरे नॉर्थ-2 के रिजनल डायरेक्टर प्रो.एस.के.धनाशेखरन ने ईशरे उदयपुर सब चेप्टर की नवगठित कार्यकारिणी के अध्यक्ष नरेश जैन, निवर्तमान अध्यक्ष अशोक जैन, अध्यक्ष निर्वाचित यश सेन, सचिव धीरज टांक, कोषाध्यक्ष हरीश आचार्य के अतिरिक्त कार्यकारिणी सदस्य मेहबूब छींपा, लोहित अरोरा, विपुल भण्डारी, अमरप्रीतसिंह, योगेश कोटिया, इन्द्रा राम,रणवीर सिंह सोलंकी, पीयूष रावत, निर्मल माली, चिराग जैन, अनिता जैन को शपथ दिला पदस्थापित कराया। इस अवसर पर ट्रिपल आईडी सोसायटी के अध्यक्ष आर्किटेक्ट वेणुगोपाल,सचिव आर्किटेक्ट अंजली दुबे,आईआईए सोसायटी के सचिव आर्किटेक्ट अजय दक, इन्स्टीटयूट ऑफ इंजीनियर्स के चेयरमैन पुरूषोत्तम पालीवाल का उपरना ओढ़ाकर स्वागत किया।

जयपुर ईशरे से आये पी.के.आनन्द और मनीष मित्तल ने रेफकोल्ड पोस्टर का विमोचन किया। नरेश जैन ने कहा कि इस वर्ष एक बहुत बड़ी प्रदर्शनी आयोजित की जायेगी।

इस अवसर पर निवर्तमान अध्यक्ष अशोक जैन ने आने कार्यकाल में किये गये कार्यो की जानकारी दी एवं अपनी कार्यकारिणी के सदस्यों को स्मृतिचिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन धीरज टांक व यश सेन ने किया। अंत में सचिव धीरज टांक ने आभार ज्ञापित किया।

## नेत्र चिकित्सा शिविर को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता नित्येन्द्र मानव ने सीएमएचओ से की भेंट

### मानव ने ग्राम छींतोली में भी सिलिकोसिस जांच शिविर लगवाने की मांग करते हुए सीएमएचओ को मांग पत्र सौंपा

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** जीवन बचाओ आंदोलन और शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में महीने के प्रत्येक महीने के पहले मंगलवार को विराटनगर और दूसरे मंगलवार को नारायणपुर कस्बे में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित होने वाले नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर को लेकर जीवन बचाओ आंदोलन के मुख्य संयोजक एवं शिविर संयोजक नित्येन्द्र मानव जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर आशीष से भेंट कर शिविर के सफलतम आयोजन हेतु सम्बन्धित ब्लॉकों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए जाने की मांग की। जिस पर सीएमएचओ शेखावत ने विराटनगर व नारायणपुर ब्लॉक के ब्लॉक चिकित्सा अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही किए जाने को लेकर लिखित में निर्देशित किया। इस दौरान मानव ने डॉक्टर शेखावत को बताया कि ग्राम छींतोली मूर्ति कला को लेकर पूरे विश्वभर में विख्यात है। लेकिन यहां कार्यरत सैकड़ों मजदूरों के स्वास्थ्य परीक्षण को लेकर चिकित्सा विभाग द्वारा आज तक भी कोई चिकित्सा शिविर आयोजित नहीं किया गया है। जिससे यहां कार्यरत मजदूरों को सिलिकोसिस जैसी भयंकर बीमारी होने की संभावनाएं बनी हुई हैं। जिस पर सीएमएचओ ने आवश्यकतानुसार चिकित्सकों की टीम गठित कर ग्राम छींतोली में मूर्ति बनाने वाले कारीगरों की सिलिकोसिस सहित अन्य स्वास्थ्य सम्बन्धी जांचे नि:शुल्क रूप से करके कारीगरों का समुचित ईलाज किए जाने के निर्देश दिए हैं। जिस पर सामाजिक कार्यकर्ता नित्येन्द्र मानव ने सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत का आभार प्रकट किया। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत व शिविर संयोजक नित्येन्द्र मानव, बलवंत मीना व विष्णु मीना आदि ने भविष्य में आयोजित होने वाले शिविरों में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेकर शिविरों को सफल बनाने के लिए आमजन से अपील की।

# पुलिस थाना कोटपूतली व सरूण्ड पर सीएलजी की बैठक आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली। ( बिल्लूराम सैनी )।** पुलिस महानिदेशक द्वारा पहलगाम जम्मू कश्मीर में आतंकवादी घटना के संबंध में सीएलजी की बैठक का आयोजन कर साम्प्रदायिक सौहार्द, शांति एवं भाईचारा बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया था। जिस पर जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यन्त ने जिले के समस्त थाना अधिकारियों को सीएलजी बैठक आयोजित करने के संबंध में निर्देश प्रदान किए गए थे। इसी क्रम में रविवार को एएसपी वैभव शर्मा के निर्देशन में डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक व थानाधिकारी बाबूलाल मीणा द्वारा निकटवर्ती सरूण्ड पुलिस थाने पर सीएलजी मिटिंग का आयोजन किया गया। इस दौरान तहसीलदार रामधन गुर्जर भी मौजूद रहे। बैठक में सीएलजी सदस्यों, ग्राम रक्षक, पुलिस मित्रों, सुरक्षा सखी व गाँव के प्रबुद्धजनों से साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखने हेतु समझाईश की गई। इसी प्रकार स्थानीय पुलिस पर भी डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक व थानाधिकारी राजेश कुमार शर्मा द्वारा सीएलजी सदस्यों, शान्ति समिति, सुरक्षा सखी व ग्राम रक्षकों की मीटिंग आयोजित की गई।

बैठक में तहसीलदार रामधन गुर्जर भी उपस्थित रहे। इस दौरान सभी सदस्यों से पहलगाम में हुई घटना के मध्यनजर क्षेत्र में शान्ति, सौहार्द एवं भाईचारा बनाये रखने तथा सोशियल मीडिया पर अफवाहों, फेक न्यूज के सम्बन्ध में सजग रहकर जानकारी देने एवं लोगों को जागरूक करने हेतु अपील की गई।

बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने पूर्ण सहयोग करने एवं आम लोगों को जागरूक करने हेतु आश्वस्त किया गया। इस दौरान हरिप्रसाद सोनी, मौहम्मद इरफान कुरैशी, जयराम आर्य, रामसिंह पायला, अनिता जाट, ओमप्रकाश स्वामी, भीखाराम सैनी, अशोक कुमार रावत, सुशीला राठी, रेशमा देवी, ममता, इन्द्राज सोनी, गजराज यादव, रोहिताश, भैंरूराम, सुमन आदि सदस्यगण मौजूद रहे। जिसके बाद रविवार शाम को थाना अधिकारी राजेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों द्वारा कस्बे के मुख्य मार्गो पर गश्त की गई।

## भारतीय जनता पार्टी, शहर मण्डलभारत रत्न डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर जी के सम्मान अभीयान जन जागरण गोष्ठी का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )** सोमवार को भारतीय जनता पार्टी, शहर मण्डल, हिन्डोन द्वारा भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर जी के सम्मान अभीयान जन जागरण गोष्ठी का आयोजन, परशुराम वाटिका, हिन्डोन में रखा गया। गोष्ठी की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष बबली चतुर्वेदी द्वारा की गयी एवम गोष्ठी के मुख्य वक्ता प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवम पूर्व जिलाध्यक्ष हैमेंद्र वशिष्ठ एवम निवर्तमान मण्डल अध्यक्ष अनिल गोयल सह वक्ता रहे। गोष्ठी में हेमेंद्र वशिष्ठ एवं अनिल गोयल द्वारा डॉक्टर भीमराव अम्बेड कर जी की जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रजवलन के साथ की गयी। मंच संचालन ओमप्रकाश गुप्ता (ढिंढोरा) द्वारा किया गया। कार्यक्रम (गोष्ठी) में जिलाध्यक्ष महिला मोर्चो लज्जा रानी, खेमचंद कोली, रामेश्वर धाकड़, ओमप्रकाश उदेईया, अल्लानूर खान, सुधा गोयल, ज्योती सहारिया, मोहन अग्रवाल, जुगल चतुर्वेदी, मुकेश काका, जगदीश् जी पूर्व मण्डल अध्यक्ष, अरविंद सिंहल, गनेश कोली, राहुल हरसाना पार्षद, रमन डागुर, यूनुष भाइ, डॉ.विमल जैन, राधा मोहन पाठक, राजीव सहारिया, गजेंद्र सोलंकी, अमित पंजाबी, लुकमान, सोमेश लवपनिया, सुरेन्द्र जाटव, कुनाल वखमीकि, डॉ अमीर खा, गौरव चतुर्वेदी, राजेश, बालमिकी, सम्पत कोली, रमेश कोली, भूपेन्द्र गुर्जर, पिंटू शर्मा आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में पहलगाँव में शहीदों के सम्मान में 2 मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## 21 वां 8 दिवसीय धार्मिक एवं नैतिक संस्कार शिविर 18 मई से



बढ़ता राजस्थान

उदयपुर (दिनेश गुप्ता)। श्री जैनाचार्य देवेन्द्र महिला संस्थान की ओर से 18 मई से देवेन्द्र धाम में 21 वां 8 दिवसीय बाल संस्कार धार्मिक एवं नैतिक संस्कार शिविर आयोजित किया जायेगा। संस्थान की अध्यक्ष संध्या नाहर ने बताया कि शिविर 18 से 25 मई तक आयोजित होगा। जो प्रतिदिन प्रात: साढ़े 6 बजे से साढ़े 11 बजे तक चलेगा। जिसमें 6 से 14 वर्ष तक के जैन बालक-बालिकायें भाग लेंगे। मंत्री इन्दिरा चोर्डिया ने बताया कि शिविर में बच्चों को धार्मिक अध्ययन, योगा, नृत्य, एवं क्राफ्ट की कक्षायें लगेगी। आज देवेन्द्र धाम में पुष्पवती म.सा.की पुण्यतिथि पर नवकार महामंत्र का जाप करवाया गया। अल्पसंख्यक जैन कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षा अनिता भण्डारी द्वारा पक्षियों के लिये जल परिण्डे सभी सदस्यों को वितरीत किये गये। धन्यवाद की रस्म वनीता पामेचा ने अदा की।

## 18 वां गणिनी पदारोहण समारोह कल

बढ़ता राजस्थान

उदयपुर (दिनेश गुप्ता)। राष्ट्र संत गणिनी आर्यिका सुप्रकाशमति माताजी का 18वां गणिनि पद आरोहन एवं अक्षय त्रतिया महोत्सव बलीचा स्थित ध्यानोदय तीर्थ पर धूमधाम से मनाया जायेगा। ओमप्रकाश गोदावत ने बताया कि राष्ट्र संत कई उपसर्ग की विजेता बाल योगिनी गुरु माँ गणिनि आर्यिका 105 सुप्रकाशमति माताजी का 18वा गणिनि पद पर आरोहन दिवस एवं जैन धर्म के प्रवर्तक प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान का प्रथम साधु जीवन में आहार इक्षु रस का अक्षय तृतीय को हुआ था। ऐसे में दोनों आयोजन को सयुंक्त रूप में 30 अप्रेल 2025 को प्रात: 6बजे से ध्यानोदय तीर्थ बालीचा में सुप्रकाश मति माताजी के सानिध्य मे मनाया जायगा। उन्होंने बताया कि जिसमें प्रथम आदिनाथ प्रभु पर 108 गन्ने के रस का' अभिषेक होगा और तत्पश्चात गन्ने की ही महाशांति धारा होंगी। उसके बाद 18वें गणिनी आर्यिका का पूजन होगा जिसमें गुरु माँ के 18 विभिन्न रस से' चरण रज अभिषेक किया जायेगा। जिसका पुण्यार्जक खूबीलाल चित्तोड़ा आयड़ होंगे। विभिन्न 18 द्रव्य से 18 इंद्र द्वारा भव्य पूजन एवं गुरु माँ की महाआरती होगी एवं माताजी को बादामी लाल चित्तोडा द्वारा वस्त्र प्रदान किये जायेंगे। इक्षु रस के पुण्याथी ओम प्रकाश गोदावत होंगे। आर्यिका सुगीतमति ने कहा कि गुरु माँ सुप्रकाश माँ जो कि मात्र 13 वर्ष में एक छोटे से गांव कुंडलगढ़ से घर छोड़ कर दीक्षा लेली और आज करीब 43 वर्ष दीक्षा को हो गये है। उनके गुरु आचार्य अभिनन्दन दया सागर थे। उन्हें पोदनपुर में दीक्षा प्रदान की। गुरु माँ की ज्ञान की उच्च अध्ययन को देखते हुए आज से 18वर्ष पूर्व शेष पुर मोड़ पर आचार्य अभिनन्दन सागर महाराज ने जैन आर्यिका का सर्वोच्च पद 'गणिनी' प्रदान किया, जो कि आर्यिका समूह का संचालक होता है। संघष्ट साध्वी सुहितमति ने कहा कि गुरु माँ ने इन 43 वर्ष में पूरे भारत को 3 बार पद विहार करते हुए करीब 75000 किलोमीटर की यात्रा कर 121 सम्मेद शिखर जो कि झारखण्ड पहाड़ वंदना 511 श्रवण बेलगोला कर्नाटक वंदना एवं कई मंदिर का जीर्णोद्धार, कई नए तीर्थ एवं अनेक मनुष्य को मांसाहार का त्याग करवा कर धर्म की और बढ़ाई है।

## 33 केवी फिड़र पर होगा मेंटेनेंस कार्य, 04 घंटे बिजली आपूर्ति रहेगी ठप

बढ़ता राजस्थान

पावटा (सुशील कुमार बंसल)। कस्बे में मंगलवार की सुबह 7 बजे से 11 बजे तक तुलसीपुरा 33 केवी फिड़र पर मेंटेनेंस कार्य किया जायेगा। जिसके चलते बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता (एचटीएम) अमित ढाका ने बताया कि 132 केवी जीएसएस पावटा से निकलने वाले 33 केवी तुलसीपुरा फीडर पर मरम्मत और रख रखाव कार्य किया जाएगा। इस दौरान 33 केवी फीडर तुलसीपुरा की आपूर्ति ठप रहेगी। 33 केवी जीएसएस तुलसीपुरा से जुड़े सभी 11 केवी फीडरों की सप्लाई भी इन 4 घंटों के लिए बाधित रहेगी। इस कटौती से क्षेत्र के निवासियों को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है।

# मानसिक एवं शारीरिक दक्षता पर कार्यशाला आयोजित





बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** रोटरी क्लब उदयपुर द्वारा मानसिक एवं शारीरिक दक्षता विकास हेतु बच्चों, युवाओं एंव महिलाओं के लिये आज रोटरी बजाज भवन में कार्यशाला का आयोजन किया गया। क्लब अध्यक्ष अनिल छाजेड़ ने बताया कि इस कार्यशाला में विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों को सामाजिक ज्ञान एवं खेलकूद के माध्यम से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विजेता बच्चों एवं भागीदारी हेतु प्रत्येक बालक को पुरूस्कृत किया गया। इस प्रकार महिला सशक्तिकरण एवं युवा प्रोत्साहन हेतु विभिन्न आयोजन किये गये। जिसमें प्रथम पुरूस्कार के रूप में 32 इंच टीवी प्रीति शर्मा सहित दो अन्य विजेताओं को पुरूस्कृत किया गया। प्रारम्भ में क्लब अध्यक्ष अनिल छाजेड़ ने सभी का स्वागत किया। पूर्व प्रान्तपाल निर्मल सिंघवी ने दो नये सदस्यों हुसैन आफताब पालीवाला को शपथ दिलाकर क्लब की सदस्यता ग्रहण करायी। अनिल छाजेड़ व सचिव भरत सरूपरिया ने पिन पहनाकर रोटरी साहित्य प्रदान किया। इस अवसर पर रोटरी परिवारजनों ने हाउजी व खेलकूद में भाग लिया। समारोह में क्लब की ओर से तीन लाख का फर्नीचर कुंडई गांव व अन्य विद्यालयों के लिये प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन उमेश नागौरी, डॉ.सोमानी, सज्जन सेठ,मानिक नाहर,अरिहंत दुगड़ व अन्य ने किया। युवा सदस्यों में रवि पारख, गौरव सिंघवी, अंशुमन सेठ ने भी भाग लिया। दीपक मेहता, श्रीचंद खथुरिया, मानिक नाहर, निर्मल सिंघवी, अनिल छाजेड़, वीरेन्द्र सिरोया, वीना सिंघवी ने विजेताओं को पुरूस्कृत किया।

## मौसमी बीमारियों व हीटवेव को लेकर लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त : डॉ. पूरण चंद गुर्जर

### बीसीएमओ डॉ. पूरण चंद गुर्जर ने एन्टीलार्वा सर्वे एवं मौसमी बीमारियों व हीटवेव की समीक्षा कर दिये आवश्यक निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली। ( बिल्लूराम सैनी )।** बीसीएमओ डॉ. पूरण चंद गुर्जर ने सोमवार को एन्टीलार्वा सर्वे एवं मौसमी बीमारियों व हीटवेव की समीक्षा कर स्वास्थ्यकर्मियों व फील्ड स्टॉफ को आवश्यक निर्देश दिए देते हुये कहा कि मौसमी बीमारियों व हीटवेव के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। बीसीएमओ ने सोमवार को ब्लॉक कोटपूतली की सभी चिकित्सा संस्थानों की मौसमी बीमारियों व हीटवेव की समीक्षा करते हुये आवश्यक निर्देश प्रदान किए। उन्होंने एन्टीलार्वा सर्वे की मॉनीटरिंग हेतु टीमें बनाकर फील्ड में भेजी है, जो फिल्ड स्टॉफ द्वारा किये गये एन्टीलार्वा सर्वे की डोर टु डोर जाकर क्रॉसिंग चेकिंग करेगी। वहीं टीमों द्वारा शहरी क्षेत्र में विशेष नजर रखी जायेगी, कही भी कोई लापरवाही एवं कमी मिलने पर कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारियों को अवगत करवाया जायेगा। सोमवार को बीसीएमओ डॉ. पूरण चंद गुर्जर द्वारा वर्चुअल मॉनीटरिंग करने पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर-आरोग्य परम धनम् प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भालोजी व उप स्वास्थ्य केन्द्र पूतली पर कुछ स्टॉफ अनुपस्थित मिला। जिन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये है। बीसीएमओ ने कहा कि मौसमी बीमारियों व हीटवेव के दौरान बिना सूचना के अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों पर विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## सरोज यादव राष्ट्रीय महिला उपाध्यक्ष बनी

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** ग्राम पवाना अहीर निवासी सीनियर नर्सिंग ऑफिसर सरोज यादव को राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ भारतीय मजदूर संघ (भामस) की राष्ट्रीय महिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। प्रवक्ता रामकरण यादव ने बताया कि वर्तमान में राजस्थान राज्य कर्मचारी नर्सेज एसोसिएशन (भामस) की प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल रही सरोज यादव द्वारा कर्मचारी हितों के लिये बखूबी अंदाज में आवाज बुलंद करने व समर्पित और जुझारू संघर्ष की भूमिका के मध्य नजर राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा 26 व 27 अप्रैल को बूंदी में आयोजित अखिल भारतीय अधिवेशन के दौरान सरोज यादव को उक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिस पर सरोज यादव को प्राचार्य महेश चन्द यादव व ग्रामीणों द्वारा बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की गई हैं।

## आईपीएल टिकटों की कालाबाज़ारी करने वाली गैंग का भंडाफोड़

## क्राइम ब्रांच ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटन्स के बीच बहुप्रतीक्षित आईपीएल मुकाबले से पहले जयपुर। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम (सीएसटी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए टिकटों की कालाबाज़ारी करने वाले नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से बड़ी संख्या में महंगे टिकट और दो वाहन भी बरामद किए गए हैं। पुलिस उपायुक्त (क्राइम) कुंदन कंवरिया ने बताया कि सीएसटी ने पहली कार्रवाई लाल कोठी थाना इलाके में की और संदीप नाटाणी (45) निवासी नाटाणियों का रास्ता कोतवाली जयपुर और चंद्रप्रकाश (26) निवासी कंवर नगर ब्रह्मपुरी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से 40 टिकट (प्रति टिकट 2400), 16 टिकट (प्रति टिकट 3200) सहित एक सैंट्रो कार जब्त की है। वहीं दूसरी कार्रवाई गांधी नगर थाना इलाके में करते हुए राजेश विश्नोई (36) निवासी मूलत गांव चावंडिया पांचौड़ी नागौर हाल अनीता कॉलोनी बजाज नगर को गिरफ्तार किया। पुलिस आरोपी राजेश के कब्जे से 40 टिकट (प्रति टिकट 2200) और एक कार बरामद की है। पुलिस उपायुक्त (अपराध) ने बताया कि क्राइम ब्रांच को गुप्त सूचना मिली थी कि आगामी आईपीएल मैच के टिकट अवैध रूप से ऊंचे दामों पर बेचे जा रहे हैं। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक स्पेशल टीम गठित कर आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा। पूरी कार्रवाई में कांस्टेबल प्रदीप सोनी की विशेष भूमिका रही, जिनकी सतर्कता से यह कार्रवाई सफल रही।

## जिला कलेक्टर के निर्देश पर उपखण्ड अधिकारी ने ली बैठक



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** कोटपूतली बहरोड़ जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल के निर्देश अनुसार उपखंड क्षेत्र बानसूर में शांति एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत उपखंड कार्यालय बानसूर में उपखंड अधिकारी अनुराग हरित एवं पुलिस उपाधीक्षक दशरथ सिंह बानसूर के द्वारा उपखंड क्षेत्र के विभिन्न धर्म/जाति/संप्रदायों एवं प्रबुद्ध जनों के साथ आवश्यक बैठक ली गई। बैठक के दौरान उपखंड अधिकारी हरित के द्वारा उपस्थित प्रबुद्ध जनों से पुलिस प्रशासन का सहयोग करने एवं किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान नहीं देकर क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की विपरीत परिस्थिति की सूचना तुरंत प्रभाव से प्रशासन को देने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारीगण व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## विप्र संवाद राष्ट्रीय संयोजक मनोज पाराशर ने की सांसद मनोज तिवारी से शिष्टाचार भेंट

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** ब्राह्मण समाज विप्र संवाद के राष्ट्रीय संयोजक अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के युवा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोज पाराशर ने रविवार को दिल्ली लोकसभा सांसद एवं फ़िल्म अभिनेता मनोज तिवारी से उनके दिल्ली स्थित आवास पर मुलाकात कर सनातन बोर्ड की स्थापना परशुराम जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश की माँग सहित अन्य सामाजिक विषयों पर विस्तृत चर्चा की!

# अधिकारी पेयजल, बिजली, चिकित्सा एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के प्रति सजगता से करें कार्य, आमजन को नहीं हो कोई परेशानी : जिला कलक्टर

## जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने ली साप्ताहिक समीक्षा बैठक

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** जिला कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जनकल्याणकारी योजनाओं, बजट घोषणाओं तथा विभागीय गतिविधियों की गहन समीक्षा की गई। जिला कलक्टर ने मौसमी बीमारियों की रोकथाम, ग्रीष्मकालीन आकस्मिकता कार्य, विद्युत आपूर्ति, पोषण ट्रैकर, पालनहार योजना, मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0, जल जीवन मिशन, विद्युत आपूर्ति, चिकित्सा सेवा तथा पेयजल वितरण व्यवस्था आदि की विभागवार समीक्षा करते हुये संबंधित अधिकारियों को कार्यों को गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए नियमानुसार धरातलीय क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुये आमजन को शीघ्र लाभ पहुँचाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। आने वाला समय पेयजल, विद्युत और स्वास्थ्य सेवाओं की दृष्टि से संवेदनशील है, यह सुनिश्चित किया जायें कि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा ना हो। उन्होंने विद्यालयों और आंगनबाड़ी केन्द्रों में पेयजल एवं बिजली जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की उपलब्धता को प्राथमिकता से सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने पीएचईडी अधिकारी से कंटिंजेंसी प्लान, कलेक्टर इमरजेंट, टैंकर सप्लाई, बजट घोषणा के तहत ट्यूबवेल एवं हैंडपंप कमीशन्ड की वस्तुस्थिति की जानकारी लेकर गर्मी के मद्देनजर गुणवत्ता के साथ शीघ्र कार्य संपादित करने को कहा। उन्होंने कहा कि अधिकारी कार्यालयों में पक्षियों हेतु परिंडे लगायें एवं आमजन को प्रेरित करते हुये भामाशाहों की सहायता से अधिकाधिक परिंडे लगवाये। उन्होंने गर्मी को देखते हुये मनरेगा कार्य स्थलों, समस्त राजकीय कार्यालयों, पीएचसी, सीएचसी, उप स्वास्थ्य केन्द्रों आदि में आमजन हेतु छाया, बैठने व पेयजल की उचित व्यवस्था करवाने के लिये कहा। उन्होंने



कहा कि एमएसपी केंद्र पर किसानों हेतु आवश्यक सुविधायें सुनिश्चित करें। उन्होंने सीएमएचओ को निर्देशित किया हीटवेव एवं मौसमी बीमारियों के मद्देनजर पर्याप्त दवा भंडार सुनिश्चित करें एवं ओआरएस पर्याप्त मात्रा में रखें। चिकित्सा केंद्रों पर मरीज की एंट्री व डिस्चार्ज संबंधी दस्तावेजीकरण अपडेट रखें। नगर परिषद अधिकारी को शहर में निगरानी प्रणाली के तहत नियमित सफाई व्यवस्था हेतु संबंधित को पाबंद करने, अधिकारियों को नियमित फील्ड निरीक्षण करने सहित आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अधिकारी रात्रि चौपाल एवं जनसुनवाई के माध्यम से फील्ड में आमजन के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुने, आमजन के फोन उठायें, संवेदनशीलता से समस्यायें सुनकर उनका निस्तारण करें और नियमित रूप से कार्यालयों का निरीक्षण करें एवं विकास कार्यों का जमीनी स्तर पर जायजा लेकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उ बैठक में हरियालों राजस्थान और एक पेड़ माँ के नाम अभियान के बारे में चर्चा करते हुये नर्सरी में लक्ष्यानुरूप पौधे तैयार करने को कहा। बैठक में एसीईओ जिला परिषद महेंद्र सैनी, जिला रसद अधिकारी शशि शेखर शर्मा, सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मिले आर्टिस्ट डॉ. रामसिंह राजोरिया

## विश्व की सबसे सूक्ष्म हस्तलिखित श्रीमद्भागवत गीता के दर्शन कराए एवं चावल के दाने पर निर्मित राम मंदिर की प्रतिमा भेंट की

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** प्रसिद्ध सूक्ष्मकला आर्टिस्ट डॉ. रामसिंह राजोरिया ने आज राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री को विश्व की सबसे सूक्ष्म हस्तलिखित श्रीमद्भागवत गीता के दर्शन कराए तथा चावल के एक दाने पर उकेरी गई विश्व की सबसे सूक्ष्म राम मंदिर की प्रतिमा भेंट की। मुख्यमंत्री शर्मा ने इस अद्वितीय कृति को देखकर 'अद्भुत और अद्वितीय' की संज्ञा दी तथा डॉ. राजोरिया के असाधारण कौशल की सराहना की। डॉ. रामसिंह राजोरिया की यह अलौकिक रचना इससे पूर्व कई विख्यात संतों, विद्वानों एवं प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों को भी प्रदर्शित की जा चुकी है, जिनमें प्रेमानंद महाराज, धीरेंद्र शास्त्री, शंकराचार्य निश्चलानंद , अविमुक्तानंद ,गोविंद गिरी , अनिरुद्धाचार्य , मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्र दास, आनंद धाम रितेश्वर ,चिदानंद सरस्वती , जया किशोरी, राजन महाराज, योगगुरु बाबा रामदेव,रमेश बाबा, रामभद्राचार्य महाराज तथा इंद्रेश जैसे अनेक महान संत सम्मिलित थे। इसके अतिरिक्त, कई प्रमुख राजनेता जैसे केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, प्रेमचंद बैरवा, वासुदेव देवनानी, जोराराम कुमावत,बालमुकुंदाचार्य ,गोपाल शर्मा,मंजू शर्मा सहित करोड़ों श्रद्धालु इस कृति के दर्शन प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से कर चुके हैं। डॉ. राजोरिया द्वारा निर्मित यह



श्रीमद्भागवत गीता केवल 5 इंच लंबी और 3.5 इंच चौड़ी है। इसे एक विशेष सुई तकनीक द्वारा एक्रेलिक शीट पर अत्यंत सूक्ष्मता से 2 साल के अथक प्रयास के बाद उकेरा गया है। इस अद्वितीय कृति के नाम अब तक आठ विश्व रिकॉर्ड दर्ज हो चुके हैं। इस विशिष्ट उपलब्धि हेतु डॉ. राजोरिया को 'मानक डॉक्टरेट' की उपाधि से भी सम्मानित किया जा चुका है इस अवसर पर अभिषेक गुप्ता और रोहित राजोरिया भी उपस्थित रहें।

## कॉर्पोरेट का विश्व कप सीजन 2 और जयपुर कॉर्पोरेट प्रीमियर लीग सीजन 4 का ग्रैंड फिनाले आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** बहुप्रतीक्षित कॉर्पोरेट का विश्व कप - सीजन 2 और जयपुर कॉर्पोरेट प्रीमियर लीग सीजन 4 के फाइनल पीएस स्पोर्ट्स एरिना, मुहाना मंडी, जयपुर में सफलतापूर्वक आयोजित किए गया। दोनों फाइनल बड़े रोमांचक रहे। जिससे सभी प्रतिभागियों और दर्शकों के लिए एक अविस्मर्णीय माहौल बन गया। एचडीएफसी बैंक ने ड्यूश बैंक को हराकर कॉर्पोरेट का विश्व कप सीजन दो को जीता। मैन ऑफ द मैच जसमीत, फाइटर ऑफ द मैच वैभव माथुर,मैन ऑफ द टूर्नामेंट रवींद्र जांगिड़, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज विष्णु, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रवींद्र जांगिड़, सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक निशांत शर्मा रहे और फेयर प्ले अवार्ड टीपी हरिकेंस को दिया गया। इसी कड़ी में जयपुर कॉरपोरेट प्रीमियर लीग - सीजन 4 के फाइनल में प्लैटिनम कप एंटरप्रेन्योर्स ने बिगिगल्स को हराकर जीता, मैन ऑफ द मैच राहुल नायक और फाइटर ऑफ द मैच रविंद्र जांगिड़ रहे। गोल्ड कप में, द ब्लैक ईगल्स ने द वॉरियर्स को हराकर जीता, मैन ऑफ द मैच कमल भारद्वाज और फाइटर ऑफ द मैच गिरिराज रहे। सिल्वर कप में, द चार्टर्ड इलेवन ने अल्फा वॉरियर्स को हराकर जीता, मैन ऑफ द मैच देवेंद्र ढाका और फाइटर ऑफ द मैच शशांक महर्षि रहे। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी गिरिराज, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, कुशल अग्रवाल, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज जयंत गुप्ता, सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक अभिषेक अग्रवाल और वृंदा क्रिकेट क्लब को फेयर प्ले अवार्ड दिया गया। फाइनल के अवसर पर मुख्य अतिथि राजस्थान के प्रधान महालेखा परीक्षक सतीश गर्ग थे, साथ ही ड्यूश बैंक के निदेशक मोहम्मद रिजवान और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर पंकज सिंह विशिष्ट अतिथि थे। जयपुर कॉरपोरेट क्रिकेट एसोसिएशन (जेसीसीए) के संस्थापकों ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी प्रतिभागी टीमों, कॉर्पोरेट सदस्यों और प्रतिष्ठित अतिथियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## राज्यपाल से मिला मुस्लिम प्रोग्रेसिव फेडरेशन का प्रतिनिधिमंडल, जामा मस्जिद घटना पर सख्त कार्रवाई की मांग

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( बाबू अंसारी )।** हाल ही में जौहरी बाजार स्थित जामा मस्जिद परिसर में हुई घटना को लेकर सोमवार को मुस्लिम प्रोग्रेसिव फेडरेशन का एक प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से राजभवन में मिला। फेडरेशन के कन्वीनर अब्दुल सलाम जौहर के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को घटना से जुड़ी विस्तृत जानकारी दी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि 25 अप्रैल की रात जामा मस्जिद परिसर में जो घटना हुई, उससे समुदाय में भारी आक्रोश और



असुरक्षा की भावना है। माणक चौक थाने में 26 अप्रैल को दर्ज हुई एफआईआर पर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग भी ज्ञापन में की गई। राज्यपाल ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि वे मुख्यमंत्री से इस विषय पर चर्चा करेंगे और आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। प्रतिनिधिमंडल में कन्वीनर अब्दुल सलाम जौहर के अलावा हाजी निजामुद्दीन, हाजी यासीन खान कायमखानी, आदिल खान और मैमूना नर्गिस शामिल रहे।

## ग्राम नांगड़ीवास की वासुदेव डेयरी द्वारा शाहपुरा स्थित लोटस डेयरी को नहीं किया जा रहा था दुध सप्लाई

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)। ग्राम नागड़ीवास में वासुदेव डेयरी पर मिलावटी दुध बनाने की सूचना मिलने पर खाद्य सुरक्षा अधिकारीयों की टीम अपने जाँच दल के साथ विगत 24 अप्रैल को मौके पर पहुंची एवं निरीक्षण के दौरान लगभग एक हजार लीटर मिलावटी दुध मिला था पूछताछ करने पर वासुदेव डेयरी के मालिक अनिल गुर्जर उर्फ कृष्ण गुर्जर पुत्र कैलाश गुर्जर ने यह दुध की सप्लाई को शाहपुरा स्थित लोटस डेयरी को होना बताया था। जाँच दल द्वारा लोटस डेयरी का वैरीफिकेशन करने के पश्चात् यह पाया कि वासुदेव डेयरी का सैन्टर माह दिसम्बर 2024 से लोटस डेयरी ने मिलावट की आशंका होने पर बंद कर दिया था।

## सराहनीय कार्यों के लिए असरार अहमद खान का किया सम्मान

### अब्दुल करीम पीर साहब ने की कार्यक्रम की अध्यक्षता



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( बाबू अंसारी )।** पूर्व राज्यमंत्री एवं राजस्थान अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास आयोग के चेयरमैन रहे असरार अहमद खान का बेंगलुरू के प्रतिनिधिमंडल ने उनके द्वारा किए जा रहे सराहनीय कार्यों एवं उपलब्धियों के लिए सम्मान किया गया। वहीं आयोजित एक कार्यक्रम में कर्नाटक के विभिन्न जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ समाजजनों एवं बुद्धिजीवियों ने असरार अहमद द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में दी जा रही सेवाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

यह कार्यक्रम बेंगलुरू में कर्नाटक के विभिन्न जिलों से वहां के राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक, संगठनों द्वारा आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता अब्दुल करीम पीर साहब ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री असरार अहमद खान थे। वहीं कर्नाटक उर्दू अकादमी के चेयरमैन मोहम्मद अली काजी, सीनियर लॉयर मोहम्मद सलीम, प्रदेश काजी बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. हामिद फैसल, कर्नाटक मुस्लिम फोरम के अध्यक्ष एलएस बशीर विशिष्ट अतिथि रहे। इस अवसर पर कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष, सचिव, प्रदेश महिला कांग्रेस, अल्पसंख्यक विभाग के उपाध्यक्ष, अबू अत्तार सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

असरार अहमद खान को प्रदेश की दस से अधिक संस्थाओं ने परम्परागत रिवाजों से सम्मानित किया। वहीं वरिष्ठजनों ने माल्यार्पण कर स्वागत-सत्कार किया। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री असरार अहमद ने उन्हें मिले मान-सम्मान एवं स्वागत-सत्कार के लिए सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

# गैलेक्टोरिया में दूध का असामान्य टपकना : डॉ लियाकत अली मंसूरी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** गैलेक्टोरिया बीमारी में निप्पल से दूध का असामान्य डिस्चार्ज होता है जो स्तनपान के सामान्य दूध उत्पादन से बहुत ज्यादा होने से निप्पल से असामान्य टपकता रहता है। यह गैलेक्टोरिया बीमारी नहीं है, लेकिन इसका ईलाज कराना आवश्यक है । यह आमतौर पर महिलाओं में या उन लोगों में भी जिनके कभी बच्चे नहीं हुए हैं या जो रजोनिवृत्ति से गुजरे हैं। लेकिन कई बार गैलेक्टोरिया पुरुषों और शिशुओं में भी देखने को मिलता है ।

### कारण -

1. पिट्यूटरी ग्रंथि और हाइपोथैलेमस- गैलेक्टोरिया अक्सर शरीर में बहुत अधिक प्रोलैक्टिन होने के परिणामस्वरूप होता है। बच्चे के जन्म के बाद प्रोलैक्टिन दूध उत्पादन के लिए जिम्मेदार हार्मोन है। प्रोलैक्टिन पिट्यूटरी ग्रंथि द्वारा बनाया जाता है, जो मस्तिष्क के आधार पर एक छोटी सी बीन के आकार की ग्रंथि है जो कई हार्मोनों का स्राव करती है और उन्हें नियंत्रित करती है।
2. कुछ ऐलोपैथिक दवाइयां जैसे कि कुछ शामक, एंटीडिप्रेसेंट, एंटीसाइकोटिक्स और उच्च रक्तचाप की दवाएं।
3. ओपिओइड का उपयोग ।
4. हर्बल सप्लीमेंट, जैसे सौंफ, अनीस या मेथी के बीज।
5. जन्म नियंत्रण की गोलियाँ।
6. एक गैर-कैंसर पिट्यूटरी ट्यूमर, जिसे प्रोलैक्टिनोमा कहा जाता है, या पिट्यूटरी ग्रंथि की अन्य स्थितियां।
7. अंडरएक्टिव थायराइड यानी हाइपोथायरायडिज्म ।
8. गुर्दे की पुरानी बीमारी।

इडियोपैथिक गैलेक्टोरिया - कभी-कभी गैलेक्टोरिया का कारण नहीं ढूंढ पाते हैं। इसे इडियोपैथिक गैलेक्टोरिया कहते है। इसका मतलब यह हो सकता है कि स्तन ऊतक विशेष रूप से रक्त में दूध उत्पादक हार्मोन प्रोलैक्टिन के प्रति संवेदनशील है। यदि प्रोलैक्टिन के प्रति संवेदनशीलता बढ़ गई है, तो सामान्य प्रोलैक्टिन स्तर भी गैलेक्टोरिया का कारण बन सकता है।

### पुरुषों में गैलेक्टोरिया


पुरुषों में, गैलेक्टोरिया टेस्टोस्टेरोन की कमी से जुड़ा हो सकता है, जिसे पुरुष हाइपोगोनैडिज्म कहते है। यह आमतौर पर स्तन वृद्धि या कोमलता के साथ होता है, जिसे स्त्री रोग कहा जाता है। इरेक्टाइल डिसफंक्शन और यौन इच्छा की कमी भी टेस्टोस्टेरोन की कमी से जुड़ी है।

### नवजात शिशुओं में गैलेक्टोरिया

गैलेक्टोरिया कभी-कभी नवजात शिशुओं में होता है। उच्च मातृ एस्ट्रोजन का स्तर नाल को बच्चे के रक्त में पार करता है। यह बच्चे के स्तन ऊतक के विस्तार का कारण बन सकता है, जो दूधिया निप्पल डिस्चार्ज से जुड़ा हो सकता है। यह दूधिया निर्वहन अस्थायी है और अपने आप दूर हो जाता है। यदि डिस्चार्ज लगातार होता है, तो नवजात शिशु का मूल्यांकन स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर द्वारा किया जाना चाहिए।

जोखिम कारक- कुछ भी जो हार्मोन प्रोलैक्टिन की रिहाई को ट्रिगर करता है, गैलेक्टोरिया के जोखिम को बढ़ा सकता है। जोखिम कारकों में शामिल हैं
1 .कुछ दवाएं, अवैध दवाएं और कुछ हर्बल सप्लीमेंट।
2 .ऐसी स्थितियां जो पिट्यूटरी ग्रंथि को प्रभावित करती हैं, जैसे कि गैर-कैंसर पिट्यूटरी ट्यूमर।
3 .कुछ चिकित्सा स्थितियां, जैसे कि क्रोनिक किडनी रोग, रीढ़ की हड्डी की चोट, छाती की दीवार पर चोट और अंडरएक्टिव थायराइड।
4 .स्तनों को बहुत छूना और रगड़ना।
5 .तनाव।

यूनानी चिकित्सा—माजून नानख़्वाह, कुश्ता खुशिया जौहर और गेंदे के फूलों के बीजों चूर्ण आदि देते हैं ।






डॉ. लियाकत अली मंसूरी
(यूनानी चिकित्सक एवं हिजामा थैरेपी स्पेशियलिस्ट)
सवाई मानसिंह अस्पताल , जयपुर (राज.)

## सम्पादकीय

# पहलगाम की घाटी में इंसानियत की हत्या

जम्मू-कश्मीर के पहलगाँव में हुए आतंकी हमले में जहाँ हिन्दू पर्यटकों को उनका नाम गोली मार दी गई। ये हमला सिर्फ एक हत्या नहीं, बल्कि धार्मिक पहचान के आधार पर की गई घृणा और आतंक का प्रतीक है तो है ही, वहीं इंसानियत की भी हत्या है। यह घटना भारत की एकता, नागरिक सुरक्षा और धार्मिक सहिष्णुता पर चोट बताकर चेतावनी देती है कि यदि अब भी ठोस कदम नहीं उठाए गए तो अगला शिकार कोई और होगा। यह घटना शोक प्रकट करने की बजाय जवाबदेही, निर्णायक कार्रवाई और सामाजिक चेतना की मांग करती है, ताकि आतंक के आगे इंसानियत बार-बार न मरे। 22 अप्रैल की सुबह के कुछ शांत लम्हे। जम्मू-कश्मीर के पहलगाँव में बर्फीली वादियाँ पर्यटकों का स्वागत कर रही थीं। नवविवाहित जोड़े, बच्चे, बुजुर्ग - सबको उम्मीद थी कि कश्मीर की हवा में सुकून मिलेगा, तनाव से कुछ राहत मिलेगी। लेकिन तभी आतंक की आहट हुई। बंदूकें गरजीं। और उस वादी में जहाँ बर्फ गिरती है, अब खून बहा। राजस्थान से आया एक नवविवाहित दंपत्ति भी उन्हीं पर्यटकों में था। दोनों ने अभी पांच दिन पहले ही शादी की थी। वो अपने हनीमून के लिए कश्मीर आए थे। लेकिन शायद किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। आतंकियों ने गाड़ी रोकी, नाम पूछा, पहचान की और फिर गोली मार दी। युवक हिन्दू था। बस यही उसके मरने की वजह बन गई। सिर में गोली लगी। मौके पर ही दम तोड़ दिया। उसकी पत्नी, जिसके हाथों की मेंहदी अभी भी गीली थी, स्तब्ध खड़ी थी। शोक से ज़्यादा वो एक अनकहे डर में जमी हुई थी-जैसे समय वहीं थम गया हो। यह सिर्फ एक आतंकी हमला नहीं था। यह योजनाबद्ध नरसंहार था। एक सोच के तहत, एक धर्म के आधार पर। आज आतंकवाद महज़ क्षेत्रीय या वैचारिक लड़ाई नहीं रह गया है। यह अब धार्मिक पहचान को मिटाने का एक उपकरण बन चुका है। यह हत्या बताती हैं कि कुछ तत्व अब यह तय कर चुके हैं कि कौन जिएगा, कौन मरेगा और यह फ़ैसला नाम पूछकर किया जाएगा। क्या यही इंसानियत है, क्या यही 'कश्मीरियत' है, जिसके नाम पर हम वर्षों से शांति की दुहाई दे रहे हैं। सोशल मीडिया पर उस पत्नी की तस्वीर वायरल हुई, जो अपने पति के शव को निहार रही थी। न चीख, न रोना, न प्रतिरोध। बस एक स्थिर मौन- जो पूरी व्यवस्था पर सबसे कठोर आरोप बन गया। उस मौन में एक सवाल छुपा है हमने क्या ग़लत किया क्या एक जोड़े का कश्मीर आना, उसकी सुंदरता देखना, उसकी वादियों से प्यार करना अब गुनाह बन चुका है। हमें समझना होगा कि इस तस्वीर में केवल एक महिला नहीं थी, बल्कि उस पूरे राष्ट्र की आत्मा थी, जख्मी, असहाय और शर्मसार। हर हमले के बाद सरकार की ओर से एक तैयार स्क्रिप्ट आती है- निंदा, मुआवज़ा, जाँच। लेकिन जवाबदेही कहीं नहीं होती। क्या यह सवाल नहीं पूछा जाना चाहिए कि घाटी में आतंकियों को खुलेआम चलने-फिरने की छूट कैसे मिलती है। वे नाम पूछकर कैसे किसी को गोली मार सकते हैं और फिर बच निकलते हैं। क्या पर्यटन सीजन में अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती नहीं होनी चाहिए। क्या जम्मू-कश्मीर प्रशासन को यह नहीं पता कि ऐसे हमले पर्यटन, अर्थव्यवस्था और भारत की एकता - तीनों पर हमला करते हैं। जब भी भारत आतंक के ख़िलाफ़ सख़्ती दिखाता है तो मानवाधिकार की दुकानें खुल जाती हैं। दिल्ली, लंदन, न्यूयॉर्क - हर जगह के तथाकथित बुद्धिजीवी अचानक 'संवेदना' से भर जाते हैं। लेकिन जब किसी हिंदू नागरिक को सिर्फ उसके नाम के कारण सिर में गोली मारी जाती है, तब यही आवाज़ें खामोश हो जाती हैं। क्यों? क्या एक विशेष समुदाय के पीड़ितों के लिए ही संवेदना है। क्या हिन्दू होना अब मानवाधिकार के चश्मे से अदृश्य हो जाना है। पहलगाँव हमला केवल एक व्यक्ति की हत्या नहीं है, यह भारत की आत्मा पर हमला है। यह संदेश देने की कोशिश है कि यहाँ तुम्हारी जगह नहीं है। यह भारत की एकता, समरसता और धर्मनिरपेक्षता को चुनौती है।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 29 अप्रैल की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- दिल्ली में लाल किले की नींव 1639 में आज ही के दिन रखी गयी।
- ताइवान पर चीन के मिंग वंश ने 1661 में कब्जा किया।
- कनाडा के उत्तर-पश्चिम प्रदेश में 1903 में हुए भूस्खलन से 70 लोगों की मौत।
- सुभाषचंद्र बोस ने 1939 में कांग्रेस से इस्तीफा दिया।
- पाकिस्तान के अंतरिक्ष और ऊपरी वायुमंडल अनुसंधान आयोग ने अपने सातवें रॉकेट का 1965 में सफल प्रक्षेपण किया।
- अफगानिस्तान के विद्रोही गुट ने 1978 में यह घोषणा कि उसने अफगानिस्तान पर कब्जा कर लिया है।
- जापान की सेना ने 1945 में रंगून छोड़ा।
- बांग्लादेश के चटगांव में 1991 में आए एक चक्रवाती तूफान में एक लाख 38 हजार लोग मारे गए और दस लाख लोग बेघर हो गए।
- अमेरिका के लॉस एंजिल्स में 1992 में दंगे भड़के।
- 1993 में पहली बार बकिंघम पैलेस को आम जनता के लिए खोला गया था और उसे देखने के लिए आठ पाउंड का टिकट लगाया गया था।
- रासायनिक हथियारों पर 1997 से प्रतिबंध लागू।
- बच्चों के यौन शोषण पर रोक संबंधी विधेयक 1999 में जापानी संसद में मंजूर।
- सीरिया की अंतिम फौजी टुकड़ी 2005 में लेबनान से रवाना हुई।
- पाकिस्तान ने 2006 में हत्फ़-6 का परीक्षण किया।
- ऑस्ट्रेलिया ने 2007 में लगातार तीसरी बार क्रिकेट विश्वकप जीता।
- ईरान के राष्ट्रपति महमूद अहमदी नेजाद 2008 में एक संक्षिप्त यात्रा पर भारत पहुँचे।
- तिब्बत में मार्च 2008 में भड़की हिंसा के सिलसिले में एक स्थानीय अदालत ने 17 लोगों को 3 साल की क़ैद की सज़ा सुनाई।
- ब्रिटिश राजकुमार प्रिंस विलियम और केट मिडलटन का 2011 में विवाह हुआ।

### 29 अप्रैल को जन्मे व्यक्ति

- मेवाड़ के महाराणा प्रताप के मित्र, सहयोगी और विश्वासपात्र सलाहकार भामाशाह का 1547 में आज ही के दिन जन्म।
- सुप्रसिद्ध चित्रकार राजा रवि वर्मा का 1848 में आज ही दिन जन्म हुआ।
- भारतीय तबला खिलाड़ी अल्ला राखा का 1919 में जन्म।
- पश्चिमी शास्त्रीय संगीत के भारतीय कंडक्टर जुबिन मेहता का 1936 में जन्म।
- एक राजनेता के रूप में भारत के दसवीं लोकसभा, ग्यारहवीं लोकसभा, बारहवीं लोकसभा, तेरहवीं लोकसभा और पंद्रहवीं लोकसभा सांसद के सदस्य रह चुके ई. अहमद का 1938 में जन्म।
- भारतीय इतिहासकार और लेखक रामचंद्र गुहा का 1958 में जन्म।
- टेनिस खिलाड़ी आंद्रे अगासी का 1970 में जन्म।
- भारतीय क्रिकेटर आशीष नेहरा का 1979 में जन्म।

## विशेष आलेख

# पाक के खिलाफ कूटनीतिक एवं रणनीतिक दबाव जरूरी

**दुनिया पाकिस्तान के बदसूरत चेहरे को देख चुकी है, फिर भी दुनिया को बताना चाहिए कि पुलवामा हमले से पहले कैसे पाकिस्तानी सेना के प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने कट्टरपंथियों जैसा भड़काऊ बयान दिया था। जिसके कुछ समय बाद ही पहलगाम जैसा भयानक आतंकी हमला सामने आया। भारत को दुनिया को बताना चाहिए कि किस तरह पाकिस्तान दुनिया की शांति, अमन एवं उन्नत संसार-निर्माण के लिये खतरा बना हुआ है। जिसको सख्त आर्थिक प्रतिबंधों के जरिये आतंक से दूरी बनाने के लिये बाध्य किया जाना चाहिए। निश्चय ही अब पाक को सबक सिखाने का वक्त आ गया है।**


ललित गर्ग

पाकिस्तान की पहचान एक ऐसे देश के रूप में है जो कमजोर है, असफल है, कर्ज में डूबा है, अपने नागरिकों के हितों की रक्षा करने में नाकाम है, आतंक की नर्सरी एवं प्रयोगशाला है, ढहती अर्थव्यवस्था है, इन बड़ी नाकामियों को ढ़कने के लिये ही वह कश्मीर का राग अलापता रहा है, वहां के नेता एवं सैन्य अधिकारी तमाम जर्जरताओं एवं निराशाओं के बावजूद आज भी हिन्दू और भारत विरोध को ढ़ाल बनाकर ही अपनी सत्ता मजबूत करते रहे हैं। लेकिन अब उसका चेहरा इतना बदनुमा बन गया है कि उसने धर्म के नाम पर निर्दोष एवं बेगुनाह लोगों का खून बहाना शुरु कर दिया है। भारत ही नहीं, दुनिया में आतंक को फैलाने में अपनी जमीन, संसाधन एवं ताकत का प्रयोग खुलेआम करना शुरु कर दिया है, यह उसकी बौखलाहट ही है, यह उसकी निराशा ही है, यह उसकी विकृत सोच ही है। इस घिनौनी सोच का पर्दापाश पहलगाम के खौफनाक आतंकी हमले के रूप में पूरी दुनिया के सामने हुआ है। विडम्बना तो यह है कि भारत तथा अंतर्राष्ट्रीय दबाव के आगे लाचार हुए पाकिस्तान के सत्ताधीशों ने स्वीकार किया कि वे पिछले तीस साल से आतंक की फसल सींच रहे थे। भारत ने पूरी दुनिया को मुंबई के भीषण हमले, संसद पर हुए हमले तथा पुलवामा से लेकर उड़ी तक की आतंकवादी घटनाओं में पाक की संलिप्तता के मजबूत सबूत बार-बार दिए, लेकिन अमेरिका व उसके सहयोगी देशों एवं चीन ने इसे अनदेखा ही किया। लेकिन इस बार की पहलगाम घटना ने इन देशों के साथ पूरी दुनिया को झकझोर दिया है और पाकिस्तान के प्रति उनकी सोच बदली है। निश्चित रूप से एक राष्ट्र के रूप में पाकिस्तान की विफलता जग-जाहिर हो गई है, लेकिन उसके आतंकवादी होने के पुख्ता प्रमाणों ने दुनिया को एकजुट कर दिया है, यही कारण है कि दुनिया से वह अलग-थलग अकेला खड़ा है। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया कि पिछले तीस साल से पाक आतंकवादी तैयार करने का काम कर रहा था। साथ ही उन्होंने यह भी सफाई दी कि पाकिस्तान ने ये गंदा काम अमेरिका व ब्रिटेन जैसे देशों के कहने पर किया। सवाल यह है कि क्यों पाक ने एक संप्रभु राष्ट्र के रूप में अपने नैतिक दायित्व का पालन नहीं किया? क्यों उसने किन्हीं दूसरे देशों के कहने पर अपनी जमीन को आतंक की उर्वरा भूमि बनने दिया? क्यों उसने इस्लाम को आधार बनाकर कट्टरपंथ की फसल सींची? पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ की यह स्वीकारोक्ति भारत द्वारा लंबे समय से लगाये जा रहे उन आरोपों की पुष्टि ही है, जिसमें पाक को आतंक की पाठशाला बताया गया था। सोचने वाली बात तो यह भी है कि उसने इस्लाम एवं मुसलमान समुदाय को भी अपने गलत एवं गंदे मनसूंबों के लिये इस्तेमाल किया। यह कारण है कि अपने धर्म को धुंधलाने एवं बेजा इस्तेमाल का फल उसे तमाम असफलताओं एवं पराजयों के रूप में मिला है, अन्यथा इस्लाम का पवित्र उपयोग करने वाले देश तो दिनोंदिन आगे बढ़ रहे हैं, समृद्ध हो रहे हैं, अपने लोगों को उन्नत जीवन प्रदत्त कर रहे हैं, दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाकर खड़े है। आतंकवाद के मसले पर पाकिस्तान सुधर नहीं सकता, अतीत में भारत से तीन युद्ध हारने के बावजूद उसने कुछ सबक नहीं लिया। भारत को नुकसान पहचाने की नीति पर वह आज भी कायम है। भारत की अलग-अलग समय की सरकारों ने अनेक कोशिशें पाकिस्तान से संबंध सुधारने की है, लेकिन पाकिस्तान सुधरा नहीं। भारत के संबंध सुधार, शांति एवं पडोसी देश-धर्म के प्रयासों का जबाव उसने हमेशा आतंकवादी घटनाओं के रूप में ही दिया। भारत के इन सकारात्मक प्रयासों के बदले कभी कारगिल मिला, कभी पठानकोट, कभी उरी तो कभी मुंबई। लेकिन इस बार के पहलगाम के नृशंस आतंकी हमले के बाद हर भारतीय, यहां तक हर कश्मीरी की जुबान पर एक ही सवाल है कि इस पाकिस्तान का इलाज क्या है? लेकिन इस बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कुछ बड़ा और आरपार का करने के मुड़ में है। अब तक प्रधानमंत्रियों में वे सर्वाधिक शक्तिसम्पन्न एवं हौसले वाले महानायक है। पाकिस्तान इस समय बहुआयामी संकट का सामना कर रहा है, आंतरिक असंतोष, आर्थिक पतन एवं घटती अन्तर्राष्ट्रीय प्रासंगिकता के चलते वह बौखलाहट का शिकार है। इसी का परिणाम है कि वह भारतीय कार्रवाई के जवाब में परमाणु बम से हमले की धमकी, सिंधु नदी को रक्त से भरने तथा कश्मीर मुद्दे के अंतर्राष्ट्रीयकरण जैसे अनाप-शनाप बयानों से वह अपने ही पांव पर कुल्हाडी चलाता हुआ दिख रहा है। चीन पर उसका भरोसा भी उसे निराश ही करेगा।

पाकिस्तान में जब चीनी नागरिकों को निशाना बनाया जाता है, तब चीन को उसमें आतंकवाद नजर आता है, लेकिन मौका मिलने पर वह मसूद अजहर जैसे आतंकियों को बचाने से गुरेज नहीं करता। ऐसा नहीं है कि चीन मुस्लिमों का रहनुमा है। दुर्भाग्य से, बात जब भारत की आती है, तो आतंकवाद को लेकर पेइचिंग का नजरिया भी बदल जाता है। लेकिन इस बार चीन के सामने भारत का लुभावना बाजार है, इसके चलते वह पाकिस्तान का खुला समर्थन करेगा, इसमें शंका है। पाकिस्तान का एकमात्र बड़ा सहारा चीन भी उससे दूरी बना ले तो कोई आश्चर्य नहीं है। पाकिस्तान को वह हमेशा भारत को परेशान करने के टूल के रूप में इस्तेमाल करता आया है।

# खून का उबाल और माथे का पसीना सहेज कर रख.....

**हरिया सुबह सुबह अखवार के पन्ने पलट रहा था। रोज किसी ना किसी महकमें को लेकर कुछ इस प्रकार की खबरें मिलती है कि वह झुंझलाहट में माथा पीटने लगता। बरबस एक ही ख्याल आता कि सरकार बदले दूसरा साल चल रहा है। लेकिन जनहित के नाम पर क्या बदला सिर्फओर सिर्फसरकार का चेहरा बस ओर तो वहीं का वहीं है, वैसे का वैसा है। भाषणों का भूसा पहले भी परोसा जाता था अब भी वही हो रहा है।**


रामस्वरूप रावतसरे

सरकारी कामों में जैसे पहले सुविधा षुल्क देकर काम होता था। अब भी वही हो रहा हैं। फर्जीवाड़े की जुगत इतनी संगठित कि कोई कितना ही जतन करे। कुछ भी नहीं कर सकता। गर्मी आने पर पानी को लेकर पहले भी त्राही त्राही मंचती थी। अब भी वही हो रहा है। सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं पहले भी चौखट पर खड़ी हांफ्ती थी, अब भी वैसा ही है। अपराध होने के घण्टों बाद पुलिस घटना स्थल पर पहुचती थी। अब भी वही रफ्तार बनी हुई है। अपराधों का ग्राफजो पिछली सरकार के समय में था, उसमें कमी नहीं, दो चार प्रतिषत की बढोतरी ही हुई है। क्या इसे प्रोग्रेस के कॉलम में रखा जाय! खैर, सरकारी स्कूलों में आठ अध्यापक साठ बच्चों को पढाते थे, अब भी वैसा ही है। कॉलेजों में पढने वाले छात्रों की संख्या ठीक ठीक रहती है लेकिन यहां के कुछ पहुंच वाले प्रोफेसर डेपुटेषन पर षिक्षा संकुल में खाली बैठे ए सी का आनन्द पहले उस विचारधारा के ले रहे थे। अब इस सरकार की सोच रखने वाले ले रहे है। यानि सरकार बदलते ही वहां भी चेहरे मोहरे बदल गये है। अवैध कामों का धन्धा पिछली सरकार के समय में चलता था अब भी चल रहा है। अंतर इतना ही है कि सफेद पोस जिस दरवाजे से पहले अवैध कामों के लिए आते जाते थे उसे बंद कर दिया है और सुविधा के अनुसार दूसरा दरवाजा खोल लिया है। यह भी देखने में आ रहा है कि जो पहले इन कामों में लगे थे उन्होंने पुनः अपनी सैटिंग बैठा ली है या उनकी जगह नये लोग काम पर लग गये है। यानी धन्धा बदस्तूर चालू है। नगर निकायों में काम वैसे ही होता है जिस प्रकार पिछली सरकार के समय में होता था। कहते है पहले अधिकारी और नेता एक निष्चित सीमा में मान जाते थे और उसके बाद काम में कोई रूकावट नहीं होती थीं। अब सुना जाता है, नेता जी अलग अधिकारी - कर्मचारी अलग सौदा सप्पा करते है। हालात इस प्रकार के है कि कहने को सुषासन है लेकिन जनता को कितनी राहत है यह उसकी जुबानी सुना जा सकता है। यह भी जानकारी में आया है कि चिकित्सा विभाग में सैकड़ों की संख्या में डॉक्टर कई महिनों एपीओं रहे और खाली बैठकर सरकार से करोड़ों का वेतन उठाया। चिकित्सालयों में डॉक्टरों की कमी होने पर भी मंत्रालय के मुखिया ने उन्हें नियुक्ति नहीं दी। इसके पीछे क्या कारण हो सकता है! क्या यह सुषासन की पहली सीढी है? यह सब विचारते विचारते हरिया के माथे पर पसीना आ गया। उसी समय तनसुख भी आकर बैठ गया। तनसुख ने हरिया को बड़बड़ाते देख कहा - हरिया तुम्हारी तबियत तो ठीक है। हरिया बोला - तबियत तो ठीक है लेकिन सरकार के बदलने पर क्या बदला! तनसुख ने हरिया की ओर देखा और बोला - ''हरिया सरकार बदलने से तुम सोचते हो जनता की सुविधा में कुछ फर्क आयेगा। ऐसा कुछ भी नहीं होता। जो सरकार गई उसने इतने गड्डे कर दिये थे कि ये उन्हें भरें कि आगे बढे। यदि भरने में समय ओर षक्ति लगाते है तो इनका खुद का टारगेट पूरा नहीं होता। इसलिए ये ''जन'' के अनुसार नहीं ''तंत्र'' के अनुसार काम कर रहे है। जिससे इनका सभी प्रकार से छपने छपाने तथा कमाने का टारगेट सहज ही समय सीमा में पूरा हो ले।

## कुदरत ही ईश्वर


रूपक शर्मा

दोस्तों प्रकृति ही ईश्वर का स्वरूप माना गया है। हमारे सनातन संस्कृति के शास्त्रों में प्रकृति को इसलिए पूजा जाता है कि कहीं ना कहीं हम उस कुदरत को इसलिए पूजते हैं। कुदरत अपना इंसाफ खुद करती है देर से ही सही पर खुल्लेआम करती है। हम जीक्र कर रहे हैं केदारनाथ धाम में होने वाली उस त्रासदी का जहां उसे त्रासदी का नाम लेकर लोगों ने ईश्वर के उस कानून से समझौता महज किया। उस महाप्रलय की खतरनाक तस्वीरें भयावह और विभत्स तो थी लेकिन सत्य थी,ऐसा होना ही था जब इंसान ईश्वर की कायनात को उस हद तक ना समझे उसकी पूजा के बजाय वो उसके साथ छेड़खानी करे तो महाकाल ऐसे त्रासदी के संदेश देकर ये समझाते हैं कि ईश्वर भी है। देखिए केदारनाथ त्रासदी के बाद अनेकों लोगों ने अपने अपने मत रखें किसी ने प्रशासन पर ठीकरा फोड़ा तो किसी ने आस्था के नाम पर दुकान चलाने वालों पर। कोई इसे कुदरत का कहर बताता रहा तो किसी ने इसे प्रारब्ध बताया लेकिन अपने इस आलेख में मैं ये कहना चाहूंगा कि देखिए ये प्रलय नहीं बल्कि ईश्वर ने प्रलय के रूप में अपने तेज को दिखाया। सब कुछ बह गया बस मन्दिर बच गया। एक ईंट भी मन्दिर की ना ढ़ह पाई। कारण सबके सामने है यदि मन्दिर बह जाता तो लोग अपनी गिनती में उस महाकाल को भी खड़ा कर डालते कि हमारा घर,हमारा होटल,हमारी दुकान कि क्या औकात है, जब भगवान का मन्दिर ही प्रलय ने लील लिया लेकिन सत्य यहीं है कि मन्दिर पर खरोंच तक ना आई और सब कुछ दी एण्ड़ हो गया। ईश्वर के उस संदेश को समझने की महती आवश्यक्ता है मित्रों वहां बचा कोई नहीं जो भी जिस धर्म का जिस जाति का था ईश्वर ने कोई पूछताछ नहीं की ना ही छटनी की बल्कि तो लपेटे में आया उसे ले लिया। क्या धार्मिक क्या,पाखण्डी,क्या गरीब,क्या अमीर बस जो लपेटे में आया उसे ले लिया अपने आघोष में। ईश्वर किसी ना किसी स्वरूप में स्वयं के होनें का आभास ऐसे ही करता है। कहते हैं मारने वाला है भगवान बचाने वाला है भगवान तो वो ऐसे ही आभास करता है खुद का , कभी मार कर तो कभी बचाकर।

## 2025_0113
बढ़ता राजस्थान

### Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 9 | 8 | 1 | | 4 | 2 | 5 |
| | 4 | 2 | | | | | 3 | 8 |
| | | | 2 | 9 | 4 | | | |
| | | | | | 6 | 1 | 8 | |
| | | | 5 | | | 3 | 4 | 2 |
| | 3 | 1 | 4 | 2 | | | | |
| | | | | 5 | | | | 6 |
| 6 | | | 7 | | 2 | 8 | | 3 |
| 2 | | | 1 | 6 | 9 | | 7 | |

### Ans_2025_0112

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 8 | 7 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 5 | 9 | 7 | 4 | 3 | 6 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 9 | 2 | 4 |
| 7 | 3 | 2 | 1 | 9 | 5 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 9 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 3 | 1 |
| 6 | 1 | 8 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 3 |
| 2 | 5 | 6 | 3 | 4 | 1 | 8 | 9 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 6 | 5 | 9 | 1 | 4 | 2 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
लेन-देन में जल्दबाजी न करें। पुराना रोग उभर सकता है। दु:खद समाचार की प्राप्ति संभव है। किसी के उकसाने में न आएं। बात बिगड़ सकती है। आवश्यक निर्णय सोच-समझकर करें। नौकरी में कार्यभार रहेगा।

**वृष**
पुराना रोग उभर सकता है। अनहोनी की आशंका रहेगी। मातहतों से कहासुनी हो सकती है। पार्टनरों से मतभेद संभव है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। दूसरों से अपेक्षा न करें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। आय में निश्चितता रहेगी।

**मिथुन**
प्रेम-प्रसंग में आशातीत सफलता प्राप्त होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। कारोबार का विस्तार होगा। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। सुख के साधन जुटेंगे। शत्रु परास्त होंगे।

**कर्क**
आंखों को चोट व रोग से बचाएं। धन प्राप्ति सुगम होगी। सुख के साधन जुटेंगे। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। थकान व कमजोरी महसूस हो सकती है। दुर्घटना हो सकती है, सावधान रहें।

**सिंह**
किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। कारोबार में बुद्धिबल से उन्नति होगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। दुष्टजनों से सावधानी आवश्यक है।

**कन्या**
शत्रु भय रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। भूमि व भवन संबंधी खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। आर्थिक उन्नति होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी।

**तुला**
आज आपके धार्मिक एवं मांगलिक कामों में व्यस्त रहने की संभावना ज्यादा रहेगी। आप में आज क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए आप सावधान ही रहें। संतान एवं व्यापार की परेशानियों के कारण आपका मन अशांत रहेगा।

**वृश्चिक**
राज्य से प्रसन्नता रहेगी। कोई बड़ा काम हो सकता है। नई योजना बनेगी। नया उपक्रम प्रारंभ हो सकता है। सामाजिक कार्य करने का अवसर मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कोई नई समस्या आ सकती है।

**धनु**
पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। अज्ञात भय सताएगा। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। कुसंगति से बचें। चिंता रहेगी। धन प्राप्ति में अवरोध दूर होंगे।

**मकर**
आय में वृद्धि होगी। कारोबार लाभप्रद रहेगा। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। दूर से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय बढ़ेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**कुंभ**
राजभय रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। लेन-देन में जल्दबाजी हानि देगी। शारीरिक कष्ट संभव है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। व्यवस्था में मुश्किल होगी। दूसरों से अपेक्षा न करें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। अनहोनी की आशंका रहेगी।

**मीन**
घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। आय में वृद्धि होगी। कारोबार का विस्तार होगा। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। निवेश लाभदायक रहेगा। घर में सुख-शांति रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# राजस्थान में नए 8 जिलों का जमीनी ढांचा अभी तक अधूरा

## भजन लाल केबिनेट में अंतिम निर्णय हुए चार माह पूरे

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राजस्थान में नए 8 जिलों पर भजनलाल कैबिनेट में अंतिम निर्णय हुए 4 माह पूरे हो गए, लेकिन जमीनी ढांचा अधूरा है। यूं तो कलक्टर-पुलिस अधीक्षक की तैनाती से नए जिलों का शुभारंभ हो गया, लेकिन यहां न्यायालय-निर्वाचन कार्यालय खोलने पर अब तक निर्णय नहीं हुआ। नए जिले बनने के बावजूद आमजन को नई व्यवस्थाओं की शुरुआत का इंतजार है। जिले स्तर के अधिकांश कार्यालय कामचलाऊ भवनों में चल रहे हैं। स्थायी भवनों के निर्माण के लिए न जमीन का आवंटन हुआ और न बजट का।

### अभी क्या है स्थिति

**नए जिले**-जिला एवं सत्र न्यायालय व मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय के लिए बजट में घोषणा हो चुकी, लेकिन इनके खुलने का निर्णय नहीं हो पाया है।

**जिला उपभोक्ता आयोग**-हर जिले में अलग से आयोग का प्रावधान है, लेकिन इस पर कोई प्रस्ताव ही तैयार नहीं हुआ।

**किशोर न्याय बोर्ड**-बाल अपचारियों से संबंधित मामलों पर सुनवाई के लिए हर जिले में किशोर न्याय बोर्ड आवश्यक है, लेकिन नए जिलों में अब तक नहीं बने।

**विशेष न्यायालय**-मुकदमों की संया अधिक होने पर जिले में अलग से एससी-एसटी, पॉक्सो व फैमिली कोर्ट खोला जाना चाहिए, लेकिन हाईकोर्ट के न्याय जिला घोषित नहीं करने से यहां मुकदमों का अलग से निर्धारण ही नहीं हो रहा।

**जिला विधिक सेवा प्राधिकरण**-हर जिले में न्याय से वंचित लोगों की मदद के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आवश्यक है, लेकिन इन जिलों में अभी शुभारंभ नहीं।

**लोक अभियोजक**-हाईकोर्ट के जिला न्यायालय नहीं खोलने से यहां अलग से लोक अभियोजक कार्यालय भी शुरू नहीं हुए।

### नए जिलों की स्थिति

**खैरथल-तिजारा**-भूमि आवंटन को अंतिम रूप नहीं दिया जा सका।

**कोटपूतली-बहरोड**-कांग्रेस सरकार के समय 200 बीघा जमीन चिह्नित, लेकिन निर्माण शुरू नहीं।

**डीग**-जिला मुख्यालय के लिए स्थान का चयन हो गया, लेकिन निर्माण के लिए बजट नहीं मिला।

**ब्यावर**-मिनी सचिवालय के लिए 25 बीघा जमीन आवंटन। अभी कलक्टर कार्यालय पुराने उपखंड कार्यालय में ही संचालित।

**बालोतरा**-अभी तक निर्माण की प्रक्रिया शुरू नहीं।

**सलूम्बर**-कलक्ट्रेट के लिए बस्सी गांव की जमीन आरक्षित, लेकिन आवंटन नहीं। पुलिस लाइन को गामड़ा पाल में आवंटन।

**डीडवाना**-कुचामन-जमीन आवंटन का प्रस्ताव राज्य सरकार के पास विचाराधीन।

**फलोदी**-कलक्ट्रेट के लिए जोधपुर चौराहे पर रीको क्षेत्र के सामने 400 बीघा जमीन प्रस्तावित, सार्वजनिक निर्माण विभाग डीपीआर तैयार कर रहा है।

### ये बनाए गए नए जिले

ब्यावर, खैरथल-तिजारा, बालोतरा, सलूम्बर, डीडवाना-कुचामन, कोटपूतली-बहरोड, फलोदी और डीग।

### वेबसाइट पर अब भी 50 जिले

पिछली सरकार के समय के 9 जिले समाप्त होने के बावजूद राज्य सरकार की वेबसाइट पर प्रशासनिक ढांचे में अब तक 50 जिले बताए जा रहे हैं। हालांकि अधिकृत तौर पर जिलों की संख्या 41 है।

# नटवाड़ा में श्री बद्रीनाथ मन्दिर में नव संवत्सर का शगुन देखा जावेगा आज

बढ़ता राजस्थान



**नटवाड़ा (नि.स.)।** कस्बे में स्थित श्री बद्री विशाल धाम पर अक्षया तृतीया के अवसर पर आयोजित होने वाले तीन दिवसीय वार्षिक मेला का शुभारम्भ मंगलवार को कनक दण्डवत एवं ध्वजारोहण के साथ होगा। अक्षया तृतीया महोत्सव के दौरान गढ में सात अनाजो का पूजन कर मन्दिर के पुजारी को ध्वजा भेट की जावेगी। उसके बाद शुभ मुहुत में मन्दिर के पुजारी ध्वजा को भगवान के चरणों में अर्पित कर सम्पूर्ण विधि विधान से पूजा-अर्चना कर मन्दिर के शिखर पर ध्वजा फहरायेगे। ध्वज मन्दिर के शिखर पर ध्वजा फहरा कर नव संवत्सर का शगुन देखा जावेगा। मेला समिति अध्यक्ष एवं प्रशासक नीता कॅवर ने बताया कि ने बताया कि अक्षया तृतीया महोत्सव के दौरान 29 अप्रेल को गढ से शोभायात्रा निकाली जावेगी। इसके बाद मन्दिर के शिखर पर धर्म ध्वजा फहराकर मन्दिर परिसर से मेले का शुभारम्भ होगा। सम्पूर्ण रात्रि विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। धार्मिक एवं ऐतिहासिक मेले की सभी तैयारिया पूरी हो गई। मेले से जुड़ी बुनियादी सुविधाओ के लिए स्वयंसेवको को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मेले व्यवस्थित संचालन के लिए कार्यकर्ताओ अलग-अलग जिम्मेदारियां देकर कमेठियो का गठन किया गया। मेले में छाया, पानी एवं श्रद्वालुओ की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गए हैं। मन्दिर में साज-सज्जा व भक्तो की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम करवाए जा रहे हैं।

### ध्वजा फहराने की पौराणिक मान्यता

ठिकाना नटवाड़ा के महाराजा संदरकरण राठौड़ के शासनकाल में 1863 में गांव में भयंकर अकाल पड़ा। इसके बाद तत्कालीन महाराजा संदरकरण राठौड़ ने उनके आराध्य देव भगवान शिव से अच्छी बारिश की कामना की। इस पर भगवान शिव ने सपने में आकर कहा कि गांव में स्थित श्री बद्री विशाल मंदिर के शिखर पर ध्वजा फहराने के बाद तुम्हारी सभी मनोकामनाएं पूरी होगी। मंदिर के शिखर पर बैठने वाले पक्षी के आधार पर नव संवतसर का शगुन देखा जाएगा। भगवान के आदेश की पालन करते हुए महाराजा ने संवत 1864 में वैशाख शुक्ल पक्ष की दौज को शिखर पर ध्वजा फहराई। ध्वज फहराने के तुरंत बाद शिखर पर गुरुड़ पक्षी का जोड़ा बैठा। इसके बाद गाँव में अच्छी बारिश हुई एवं किसानों को बंपर पैदावार मिली। तब से लेकर अब तक हर वर्ष के शिखर पर ध्वजा फहराकर नव संवतसर का शगुन देखा जाता है।

# दो दिवसीय भव्य धार्मिक कार्यक्रम महापड़ागाहन का आयोजन आज से, 30 अप्रैल को होगा मुख्य आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** सकल दिगम्बर जैन समाज व श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर तीर्थ क्षेत्र कमेटी मालपुरा के संयुक्त तत्वावधान में आचार्य वसुनन्दी जी महाराज के मंगल आर्शिवाद व युगल मुनि शिवानन्द जी व प्रशमानन्द महाराज के पावन सानिंध्य में 108 श्रावक श्राविकाओं द्वारादो दिवसीय विशाल एवं भव्य धार्मिक महापड़गाहन का आयोजन 29 व 30 अप्रेल विनय टाकीज आदिनाथ मन्दिर के पास होगा। श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर तीर्थ क्षैत्र कमेटी अध्यक्ष एडवोकेट रवि कुमार जैन ने बताया कि मालपुरा में प्रथम बार इस प्रकार का विशाल एवं भव्य धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। जैन ने दो दिवसीय धार्मिक आयोजन के कार्यक्रमो की जानकारी देते हुए बताया कि विधानाचार्य पं. बृजेन्द्र शास्त्री देवेन्द्र नगर मध्य प्रदेश केनिर्देशन में 29 अप्रैल मंगलवार को प्रात: 8.30 बजे मंगल प्रवचन,दोपहर 3.30 बजे स्वाध्याय व शंका समाधान, सायंकाल 6.30 बजे गुरूभक्ति, प्रश्नमंच व आरती तथा रात्रि में 8 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन होगा। वहीं 30 अप्रेल गुरूवार को प्रात: 9.15 बजे से अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर 108 श्रावक श्राविकाओं के साथ महापड़गाहन का आयोजन किया जाएगा। समाज के सुनील जैन ने बताया कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। आयोजन को अधिक से अधिक रूचिकर व धर्म प्रभावना बढ़ाने को लेकर आयोजन से जुड़े सभी लोग मिलकर प्रयास कर रहे हैं। आयोजन के लिए दोनो मुनिराज का मालपुरा में मंगल प्रवेश हो चुका है।

# भीषण गर्मी से आमजन को राहत मिले, मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं : शुभम

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिले में बिजली, पानी, चिकित्सा तथा मौसमी बीमारियों सहित आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र के वीसी कक्ष में आयोजित हुई। बैठक में जिला कलक्टर ने सभी उपखंड अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्र में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठकें आयोजित कर बिजली, पानी, चिकित्सा, हीटवेव जैसी समस्याओं के समाधान हेतु प्रभावी कदम उठाएं। साथ ही उपखंड अधिकारियों को क्षेत्रों का नियमित दौरा कर आमजन से फीडबैक प्राप्त कर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। जिला कलक्टर ने समस्त राजकीय कार्यालयों में आगंतुकों के लिए पेयजल एवं बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। खंडार क्षेत्र में किसानों की फसल सुरक्षा हेतु कृषि उपज मंडी खंडार में बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश उपखंड अधिकारी दामोदर सिंह को प्रदान किए। उन्होंने पीएम कुसुम योजना एवं पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग बी.एल. मीणा को जागरूकता अभियान चलाकर अधिक से अधिक आमजन को योजनाओं से लाभांवित करने के निर्देश दिए। वहीं, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल जैमिनी को लू-तापघात की स्थिति से निपटने, मौसमी बीमारियों के बचाव हेतु समस्त चिकित्सालयों में उपचार के लिए आवश्यक सभी सेवाओं को दुरूस्त करने, लू-तापघात के मरीजों के लिए आईसीयू वार्ड में बेड आरक्षित रखने एवं आवश्यक दवाओं की समुचित मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पशुओं के लिए खेड़ियों में भी पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, एसडीएम अनूप सिंह, सहायक कलक्टर रूबी अंसार, तहसीलदार नीरू सिंह, अधीक्षण अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग भगवान सहाय मीणा, उप निदेशक उद्यान हेमराज मीणा, नगर परिषद आयुक्त नरसी मीणा सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

# गणेश मंदिर मार्ग पर फिर बाघ, दुर्ग के पास किया बाघिन ने किया शिकार

बढ़ता राजस्थान



**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** रणथंभौर त्रिनेत्र गणेश मंदिर मार्ग और रणथंभौर दुर्ग पर बाघ-बाघिनों का लगातार मूवमेंट बना हुआ है। जानकारी के अनुसार विगत दिवस सुबह करीब नौ बजे त्रिनेत्र गणेश मंदिर मार्ग पर एक अर्द्ध वयस्क शावक पर्यटकों और श्रद्धालुओं को विचरण करता नजर आया। इससे कुछ देर के लिए मार्ग पर यातायात रोक दिया गया। हालांकि करीब पांच से दस मिनट के बाद शावक का मूवमेंट एक बार फिर जंगल की ओर हो गया। इससे श्रद्धालु और वन विभाग ने राहत की सांस ली। गौरतलब है कि गत दिनों त्रिनेत्र गणेश मंदिर मार्ग पर बाघिन के हमले में एक सात वर्षीय बालक की मौत हो जाने के बाद वन विभाग की ओर से त्रिनेत्र गणेश मंदिर मार्ग पर श्रद्धालुओं का प्रवेश बंद कर दिया गया था हालांकि लोगों की मांग के बीच वन विभाग की ओर से शनिवार से एक बार फिर से त्रिनेत्र गणेश मंदिर मार्ग, रणथभौर दुर्ग और गणेश मंदिर को एक बार फिर से श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया था। वहीं गत शनिवार को भी दुर्ग पर भालू का मूवमेंट देखा गया था। दुर्ग के पास किया सांभर का शिकार: वहीं दूसरी ओर रणथभौर दुर्ग पर बाघों और अन्य वन्यजीवों का मूवमेंट लगातार बना हुआ है। जानकारी के अनुसार दोपहर में पाताल देवी के नजदीक त्रिनेत्र गणेश मंदिर के पास जनरेटर के स्थान के पीछे बाघिन रिद्धि यानी टी-124 ने सांभर का शिकार किया है। ऐसे में एक बार फिर से त्रिनेत्र के दर्शनों के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं में दशहत का माहैल बना हुआ है।

### वन विभाग ने लगाया स्टाफ

त्रिनेत्र गणेश मंदिर के पास बाघिन रिद्धि के सांभर का शिकार करने के बाद वन विभाग की ओर से एहतियात के तौर पर मॉनिटरिंग और ट्रेकिंग के लिए वन कर्मियों को तैनात किया गया है। वन विभाग की ओर से छतरी वाले मार्ग को बंद करके अन्य मार्ग से श्रद्धालुओं को त्रिनेत्र गणेश मंदिर तक भेजा जा रहा है।

### इनका कहना है...

बाघिन रिद्धी ने दुर्ग के पास ही एक सांभर का शिकार किया है। वन विभाग की ओर से मॉनिटरिंग और ट्रेकिंग की जा रही है। एहतियात के तौर त्रिनेत्र गणेश के दर्शनों के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को दूसरे मार्ग से मंदिर तक भेजा जा रहा है।

**- अश्वनी प्रताप सिंह, क्षेत्रीय वनाधिकारी, आरओपीटी, रणथंभौर**

# जिला प्रमुख सरोज बंसल एवं जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने प्रशंसा पत्र, शील्ड देकर सम्मानित किया

## पोषण अभियान, 2025 में आशान्वित ब्लॉक, पीपलू के कार्मिकों का किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान




**टोंक (का.स.)।** जिला परिषद सभागार, टोंक में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राष्ट्रीय पोषण मिशन के तहत पोषण अभियान, 2025 में आशान्वित ब्लॉक, पीपलू में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की उपनिदेशक सरोज मीणा ने बताया कि सम्मान समारोह में जिला प्रमुख सरोज बंसल, जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा एवं जिला परिषद सदस्य ममता चौधरी ने समारोह में उपस्थित महिला पर्यवेक्षकों एवं पीपलू ब्लॉक की कार्यकर्ताओं को प्रशंसा पत्र, शील्ड व माला पहनाकर उनको सम्मानित किया। उपनिदेशक मीणा ने बताया कि सम्मान समारोह में आशान्वित ब्लॉक पीपलू में आंगनबाड़ी बच्चों के वजन माप का 22 से 99.99 प्रतिशत होने का उल्लेख करने की प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विडियो का भी प्रसारण किया गया। मीणा ने बताया कि पोषण पखवाड़े में 8 से 22 अप्रैल तक डेशबोर्ड एंट्री में टोंक जिले का चतुर्थ स्थान रहा है। समारोह में जिला परिषद के सीईओ परशुराम धानका, पीपलू उपखंड अधिकारी गणराज बड़गौती, महिला अधिकारिता विभाग की सहायक निदेशक मैरिंगटन सोनी, पीपलू विकास अधिकारी, जलदाय विभाग के सहायक अभियंता, टोंक शहर की बाल विकास परियोजना अधिकारी चंद्रा जोशी, अंजली गुप्ता, नीलिमा आमेरा, पीपलू सीडीपीओ, महिला पर्यवेक्षक एवं पीपलू ब्लॉक की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रही।

# रक्तदान शिविर में 51 यूनिट रक्त हुआ संग्रहित

बढ़ता राजस्थान




**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** ब्राह्मण महासंघ सवाई माधोपुर एवं अपेक्स रणथंभौर सेविका अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर में 51 यूनिट रक्त डोनेट हुआ। शिविर के संयोजक डॉ मनीष शर्मा ने बताया कि रक्तदान शिविर का शुभारंभ भगवान परशुराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला कलेक्टर संजय शर्मा उपस्थित रहे, जबकि शिविर की अध्यक्षता ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष वेदप्रकाश उपाध्याय ने की। शिविर मे विशिष्ट अतिथि आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक हनुमान शर्मा, ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश संगठन महामंत्री शांतनु पाराशर, अपेक्स सेविका के केंद्राधीक्षक अभिमन्यु सिंह चंपावत, न्यूरोलॉजिस्ट डॉ राकेश, ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश प्रतिनिधि सुरेन्द्र शर्मा उपस्थित रहे। उपस्थित अतिथियों का आयोजकों द्वारा परशुराम भगवान का दुपट्टा पहनाकर एवं गुलदस्ता भेंट कर अभिनंदन किया।

# कलश यात्रा के साथ 108 कुंडीय नव दिवसीय श्री चंडी महायज्ञ शुरू

बढ़ता राजस्थान



**नटवाड़ा (नि.स.)।** प्रदेश की खुशहाली एवं मानव के कल्याण की कामना को लेकर नटवाड़ा में स्थित श्री बद्रीनाथ भगवान के मंदिर परिसर में आयोजित होने वाले नव दिवसीय 108 कुंडीय श्री चंडी महायज्ञ सोमवार को कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। जिसमें विद्वानों द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ देश की खुशहाली की कामना की। हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य ने भगवा ध्वज फहरा कर मंत्रोच्चार के साथ कलश यात्रा की शुरुआत की। उन्होने कहा कि वैज्ञानिकों ने इस तथ्य को स्वीकार किया है कि यज्ञ के माध्यम से वातावरण के कार्बन-डाई-ऑक्साइड और ऑक्सीजन का संतुलन स्थापित किया जा सकता है। जिस प्रकार कर्मकाण्डी यज्ञ प्राकृतिक चक्र तथा वातावरण शुद्धि के लिए आवश्यक है उसी प्रकार श्रमात्मक, भावनात्मक यज्ञ अन्त: शुद्धि के लिए आवश्यक है। यज्ञ के प्रथम दिन बैंड-बजे के साथ सैकड़ों की संख्या में महिलाएं सर पर कलश रखकर शोभायात्रा में शामिल हुई। यज्ञ स्थल से गाजे बाजे के साथ भारत माता की जय, श्री बद्रीनाथ भगवान की जय और हम बदलेंगे युग बदलेगा के जयघोष के साथ बड़े तालाब में जल भरा। कस्बे में पहली बार काफी बड़े स्तर पर कलश यात्रा निकाली गई जिसमें पूरा हिन्दू समाज शामिल हुआ।

जगह-जगह हुई पुष्प वर्षा से कस्बे के मार्ग फूलो से भगवा रंग में रंग गए। कस्बेवासियों ने कलश यात्रा को घंटों तक पैरों पर एक जगह खड़े होकर निहारा। कलश यात्रा में शामिल बच्चे, बड़े, बुजुर्ग, महिलाएं, युवतियां सब भगवा रंग में रंगे दिखे।

हाथों में भगवा झंडे और सिर पर भगवा साफा न केवल पुरुषों ने पहना बल्कि बालक-बालिकाओं और महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर रखा था। करीब चार घंटे निकली कलश यात्रा से नाटेश्वर नगरी का पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा का कस्बे में जगह-जगह पर श्रद्धालुओं ने स्वागत किया।

# भारत जब आजाद हुआ तो एक सूई भी नहीं बनती थी : रावत

## आपको जब विरासत में सबकुछ मिल गया तो संविधान पर संकट आ गया!

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** राजस्थान की राजधानी गुलाबी नगरी जयपुर के रामलीला मैदान में संविधान बचाओ रैली का आयोजन हुआ। रैली में बानसूर से भी सैकड़ों की संख्या में पूर्व मंत्री शकुंतला रावत के नेतृत्व में कांग्रेसजन शामिल हुए।संविधान बचाओ रैली को सम्बोधित करते हुए राजस्थान की शेरनी और आयरन लेडी के नाम से प्रसिद्ध पूर्व मंत्री शकुंतला रावत ने कहा कि जब भारत आजाद हुआ तो भारत में एक सूई का भी निर्माण नहीं होता था। आज आपको जो विरासत मिली है उसमें आप संविधान बदलने की सोच रहे हैं। उन्होंने बिना नाम लिए कहा कांग्रेस व गाँधी परिवार ने देश को क्या नहीं दिया जो उनके नाम से विचलित होते हो। कांग्रेस व नेहरू गाँधी परिवार ने अपने खून से इस देश को



सींचा है। लेकिन विरासत में आपको इतना मिलने के बावजूद भी आपने राष्ट्र के लिए क्या किया है। नेताजी सुभाषचन्द्र बॉस की आजाद हिन्द सेना, असंख्य शहीदों और कांग्रेस के संघर्ष और बलिदानों के बाद भारत आजाद हुआ था। आप लोग हमेंशा कांग्रेस व नेहरू गाँधी परिवार को कोसने के सिवा कुछ नहीं किया। भारत की आजादी और संविधान निर्माण में बाबा साहेब अम्बेडकर की भी अहम भूमिका रही है। आज जो देश चल रहा है जिस संविधान के बलबूते सत्ता में बैठे हुए हो वह भी बाबा साहेब अम्बेडकर का संविधान ही है। रावत ने कहा कि आप जो संविधान बदलने का प्रयास कर रहे हैं भारत के लोग इसे कतई बर्दास्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि महिलाओं, किसानों, मजदूरों और आमजन को जो अधिकार मिले हैं वह सब संविधान की देन है। उन्होंने इस मौके पर कहा कि हम सब भारत के लोग और सम्पूर्ण कांग्रेस खड़गे जी के साथ खड़े हैं।

रैली में राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्दसिंह डोटासरा,एआईसीसी महासचिव भंवर जीतेन्द्रसिंह, युवा दिलों की धड़कन पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, पूर्व उपमुख्यमंत्री तथा राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलेट, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, राजस्थान प्रदेश के सभी सांसदों, विधायकों, जिलाध्यक्षो, सहित ब्लॉक अध्यक्षो और मण्डल अध्यक्षो सहित काफ़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## सरकारी नौकरी जॉइन करने से 2 दिन पहले मौत, पुलिस मान रही संदिग्ध मौत, परिजनों ने कहा -दवा छिड़काव करते समय अचेत हुआ

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** अलवर के बड़ौदामेव थाना क्षेत्र के निभेड़ा गांव में 22 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक समुन्दर सिंह का एलडीसी पद पर चयन हुआ था और 30 अप्रैल को अजमेर में उसकी ज्वाइनिंग होनी थी। बड़ौदामेव थाना के एएसआई हरिमन के अनुसार, मृतक समुन्दर सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह के साथ उसकी चचेरी बहन का भी उसी पद पर अजमेर में चयन हुआ था। दोनों को 30 अप्रैल को ज्वाइनिंग करनी थी। परिजनों ने बताया कि घटना के समय समुन्दर खेत में कीटनाशक दवा का छिड़काव कर रहा था। इसी दौरान वह अचानक बेहोश हो गया। परिजन तुरंत उसे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता खेती-बाड़ी और मजदूरी का काम करते हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मेडिकल करने वाले डॉक्टर का कहना है कि शरीर पर चोट के निशान नहीं थे। प्रारंभिक तौर पर कुछ जहरीला खाने जैसा ही लगा है। बाकी रिपोर्ट आने पर पता चलेगा।

## पहलगाम हमले के विरोध में आज अलवर बंद, व्यापारी करेंगे श्रद्धांजलि सभा, सुबह होपसर्कस पर एकत्रित होंगे

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में अलवर जिला व्यापार महासंघ ने मंगलवार को पूर्ण बंद का आह्वान किया है। सुबह 8 बजे से शाम तक अलवर शहर सहित जिले की सभी तहसीलों में बाजार बंद रहेंगे। व्यापारी होपसर्कस पर एकत्रित होकर हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। जिला व्यापार महासंघ के अध्यक्ष रमेश जुनेजा ने कहा कि आतंकी घटना से पूरे जिले के लोग आहत हैं। किसी की मां का बेटा गया, किसी का भाई चला गया। आतंकियों ने धर्म पूछकर नृशंस हत्या कर दी। इस पीड़ा को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि बंद के जरिए सरकार को संदेश दिया जाएगा कि आतंकवाद को खत्म करने में सभी साथ हैं। जुनेजा ने बताया कि बंद स्वैच्छिक रहेगा। बंद सफल बनाने के लिए 10 टीमें बनाई गई हैं। व्यापारियों को समझाकर दुकानें बंद कराई जाएंगी। अलवर शहर के साथ आसपास की तहसीलों के व्यापारियों ने भी बंद का समर्थन किया है। व्यापारियों की मांग है कि सरकार पीओके को वापस ले और आतंक का बदला लिया जाए।

## महिला समिति की ओर से ग्रीष्मकालीन शिविर 1 मई से

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर( राजकुमार गुप्ता )।** महिला समिति राजगढ़ की ओर से ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन 1 मई से किया जाएगा। समिति की अध्यक्ष मीतू सिंह आर्य व संरक्षक नीरज शर्मा ने बताया कि महिला समिति की ओर से 1 मई से 30 मई तक ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन आर्य समाज मंदिर में प्रतिदिन सायं 4 बजे से 6 बजे तक होगा। जिसमें मेहन्दी, डांस, हैंड क्राफ्ट, सिलाई, पार्लर, जूडो-कराटे का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## श्री प्रयागदास आश्रम : आस्था के साथ शिक्षा का भी केंद्र माचाड़ी

बढ़ता राजस्थान

**माचाड़ी/अलवर( राजकुमार गुप्ता )।** खोहरा ग्राम स्थित श्री प्रयागदास आश्रम न सिर्फ आध्यात्मिक शांति का केंद्र बना है, बल्कि अब यह शिक्षा के क्षेत्र में भी एक मिसाल कायम कर रहा है। मन्दिर के साथ-साथ अब यह स्थान विद्या मन्दिर के रूप में भी पहचान बना चुका है। श्री प्रयागदास श्रम सेवामंडल के सदस्य लवली भारद्वाज ने बताया कि यहाँ इब्तिदा नि:शुल्क शिक्षण संस्थान के माध्यम से ग्रामीण बालिकाओं को मुफ्त शिक्षा प्रदान की जा रही है। संस्थान की अध्यापिका कविता के अनुसार श्री प्रयागदास श्रम सेवामंडल के सहयोग से सैकड़ों बच्चियाँ इस शिक्षण केंद्र में पढ़ाई कर रही हैं। उनका लक्ष्य है कि ग्रामीण अंचलों की बेटियाँ भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित न रहें। आश्रम में पढ़ाई के साथ-साथ सुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है। गर्मी को ध्यान में रखते हुए कक्षाओं में पंखे लगाए गए हैं, और साफ-सुथरे क्लासरूम, पीने का ठंडा पानी, बैठने के लिए दरी-पट्टी जैसी सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ की गई हैं। श्री प्रयागदास श्रम सेवामंडल का यह प्रयास सराहनीय है कि वह शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के स्वास्थ्य और सुविधा का भी उतना ही ख्याल रखता है। श्री प्रयागदास आश्रम आज एक ऐसा स्थान बन गया है जहाँ ईश्वर की भक्ति के साथ-साथ ज्ञान की रौशनी भी फैलाई जा रही है। वास्तव में यह जगह अब संस्कार और शिक्षा का संगम बन चुकी है।

## सेवा सर्वोपरि के तहत गरीब बच्चियों की शादी में दिया कन्यादान



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** रोटरी चैरिटेबल ब्लड सेंटर की ओर से एक गरीब परिवार सूरज जांगिड़ निवासी बख्तल की चौकी अलवर के यहां दो बच्चियों की शादी में कन्यादान हेतु जानकारी प्राप्त होने पर आवश्यकतानुसार दो गोदरेज की अलमारी उनके घर बख्तल चौकी स्थित पर जाकर भेंट की गई। साथ में 1100/, 1100 रूपये की राशि कन्यादान में नकद दिए गए। इस अवसर पर प्राप्त कर्ता सूरज जांगिड़ एवं उनकी धर्मपत्नी को सम्मान संस्थान के सचिव राजेश सिंघल, संस्थान पीआरओ हजारी लाल मीना तथा स्थानीय निवासी राकेश शर्मा साथ में रहे।

## नाहर शक्ति माता का मेला 2 मई को

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर( राजकुमार गुप्ता )।** नाहर शक्ति माता का वार्षिक मेला 2 मई को आयोजित होगा। नाहर शक्ति मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि 1 मई को माता का जागरण व 2 मई को मेले का आयोजन होगा। मेले के दिन ही भंडारे का आयोजन भी होगा। मेले में आसपास के इलाके सहित दूर-दराज से श्रद्धालु माता के दर्शनों के लिए आते हैं।

## रोटरी डिस्ट्रिक लर्निंग असेंबली में राजेश सिंघल को सह प्रांतपाल की उपाधि से नवाजा





बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** होटल हयात रीजेंसी गुरुग्राम में आयोजित रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3053 की लर्निंग असेंबली आगामी प्रांतपाल निशा शेखावत (बीकानेर) के कार्यकाल के लिए तीन दिवसीय आयोजन हुए कार्यक्रम की का शुभारंभ मीटिंग कॉल तो ऑर्डर प्रांतपाल राहुल श्रीवास्तव ने किया। असेंबली में मुख्य अतिथि दिल्ली की सांसद बांसुरी स्वराज रही। समापन दिनांक 27 अप्रैल को हुआ जिसमें कुल 550 सदस्यों ने अलवर क्लब से 50 सदस्यों ने भाग लिया। अनेक मोटीवेशन स्पीकर आए जिनमें आमोघ प्रभु जी इस्कॉन, मोटिवेशनल स्पीकर जय प्रकाश काबरा तथा कविता कवियित्री अनामिका जैन अम्बर, कवि आईपीएस पवन जैन, संजय झाला ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बीकानेर क्लब से स्वयं निशा शेखावत ने अपने क्लब रोटरी क्लब अजमेर की ओर से प्रस्तुती दी, जिसमें अन्य क्लब के अलावा रोटरी क्लब अलवर की रोटेरियन महिलाओं में डिस्ट्रिक्ट को चेयर नीलू जैन, मनीषा जैन, इंदिरा गुप्ता, रचना जैन, सोनिया जैन ने भी राजस्थानी नृत्य प्रस्तुति दी जिसे सभी ने सराहा।

राजेश सिंघल के कॉर्डिनेशन में अलवर क्लब 50 सदस्यों की सबसे अधिक संख्या रही, जिसके लिए पुरस्कृत किया गया। राजेश सिंघल को आगामी सहायक प्रांतपाल की उपाधि से प्रांतपाल निशा शेखावत, वरिष्ठतम पूर्व प्रांतपाल वीरेन्द्र गंगवाल काका, पूर्व प्रांतपाल राठी, पूर्व प्रांतपाल पवन ने प्रमाण पत्र के साथ नवाजा गया।

राजेश सिंघल को चार क्लब का प्रभार दिया गया गया है। जिनमें रोटरी क्लब अलवर, रोटरी क्लब सरिस्का, रोटरी क्लब अलवर शालीमार तथा रोटरी क्लब भरतपुर प्रभात दिया गया।

## खोहरा के युवाओं ने चलाया श्री प्रयागदास वाटिका में महा वृक्षारोपण अभियान 751 पेड़ लगाए



बढ़ता राजस्थान

**माचाड़ी/अलवर( राजकुमार गुप्ता )।** क्षेत्र के खोहरा मलावली पर्वत श्रृंखलाओं के बीच स्थित प्रयागदास हनुमान मंदिर आश्रम पर श्री प्रयागदास श्रम सेवामंडल के पर्यावरण प्रेमी सदस्यों ने एक पेड़ प्रयागदास वाटिका के नाम महा वृक्षारोपण के तहत पेड़ लगाएं। श्री प्रयागदास श्रम सेवामंडल के सदस्य लवली भारद्वाज ने बताया कि श्रम सेवा मंडल ने प्रयागदास आश्रम पर श्री प्रयागदास वाटिका बनाने का संकल्प लिया था इसी संकल्प के तहत सप्त दिवसीय वृक्षारोपण अभियान का आगाज किया गया इसमें 751 पेड़ पौधे लगाए जा रहे हैं। मंदिर महन्त बाबा गोविन्द भारती के हाथों पेड़ लगाकर शुरू की गई। 251 छायादार पेड़ लगाए गए जिनमें मोल श्री , अशोका इत्यादि के पेड़ लगाए गए। श्री प्रयागदास वाटिका पहाड़ी पर फूल लगाने के लिए फूलों के पेड़ और 501 हैज के पेड़ और संपूर्ण वाटिका में गार्डन घास रोपित की गई। धार्मिक पूजन में काम आने वाले बेलपत्र,अशोका, आंवले, केला इत्यादि के भी पेड़ लगाए गए। इस मौके पर मंडल सदस्य हैमू सैनी, संजय राजपूत, गोपाल मीणा, कृष्णा ,नमन , तनीष, आशीष शर्मा, आदि सदस्य मौजूद रहे ।सभी ने वृक्षारोपण के साथ साथ पेड़ों की देखभाल की जिम्मेदारी का भी संकल्प लिया। श्री प्रयागदास वाटिका निर्माण और प्रयाग दास आश्रम को हरियाली युक्त करने के लिए श्री प्रयागदास श्रम सेवामंडल के सदस्य तन मन धन से सेवा में जुटे हुए हैं।

## राजस्थान में गुंडाराज का आलम, दलितों और गरीबों पर बढ़ रहे अत्याचार : टीकाराम जूली

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने फिर एक बार राजस्थान प्रदेश में पनप रहे गुंडाराज के खिलाफ सरकार पर जमकर हमला बोला है। जूली बोले राजस्थान प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद दलितों पर अत्याचार का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है और सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है। जूली बोले इस सरकार के राज में जब एक दलित नेता को उनके नुमाइंदे टारगेट कर सकते हैं तो आम दलित की सुरक्षा की जिम्मेदारी आखिर किससे की जा सकती है। अलवर जिले के काठुवास में एक दलित युवक की डंडे से कायरतापूर्ण की गई मारपीट के बाद जूली ने प्रदेश सरकार की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। जूली ने कहा कि काठूवास अलवर की घटना हमारी संवेदनाओं को झकझोरने वाली आज प्रदेश की हकीकत हैं। भाजपा सरकार के राज में दलित, आदिवासी और गरीब होना गुनाह हो गया है। उन्होंने कह कि प्रदेश में आलम यह है कि




मारो, पीटो, फिर पुलिस थाने में एफआईआर मत होने दो, यही सच्चाई है भाजपा के राज की है। उन्होंने मुख्यमंत्री से कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की हालत दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है। गरीबों, दलितों, पिछड़ों पर हो रहे हमले इस बात के प्रमाण हैं कि सरकार की संवेदनशीलता खत्म हो चुकी है और सत्ता मौन तमाशबीन बनी बैठी है। उन्होंने कहा कि दलितों-आदिवासियों और गरीबों के न्याय की लड़ाई के लिए कांग्रेस का कार्यकर्ता सड़कों से लेकर मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे।

## रसद सामग्री से भरा ट्रक केदारनाथ हुआ रवाना, अमरनाथ बर्फानी सेवा समिति केदारनाथ में करेगी अखंड भंडारा

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर( राजकुमार गुप्ता )।** श्री अमरनाथ बर्फानी सेवा समिति की ओर से श्री केदारनाथ धाम में आयोजित होने वाले आठवें विशाल भंडारे के लिए आवश्यक रसद सामग्री से भरा एक ट्रक सोमवार को दोपहर 3 बजे कंपनी बाग के सामने रिवाज रिजॉर्ट से राजेश जोशी के नेतृत्व में रवाना किया गया। केदारनाथ में यह भंडारा 2 मई से 23 अक्टूबर 2025 तक चलेगा। रसद सामग्री के ट्रक रवाना करने से पहले पंडित राजेंद्र आचार्य द्वारा पूजन किया गया। इसके बाद हरी झंडी दिखाई गई। इस अवसर पर आर पी महावर विजय सोलवेक्स, अपना घर आश्रम शालीमार के डायरेक्टर अशोक सैनी, बाबू झालानी सीबा मसाला, विष्णु शर्मा, महेश मुद्गल, राजीव शर्मा मनोज शर्मा, प्रमोद शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार प्रकाश बेनीवाल, महेश खंडेलवाल, मनोज विजय, सुरेश यादव, नरेश गॉड सहित अन्य सेवादार उपस्थित रहे।

## गौ स्वामणि का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव पर सोमवार को अलवर जिला युवा ब्राह्मण सभा द्वारा बुधविहार गौ शाला में गौ स्वामणि की। अलवर जिला युवा ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष पंडित विवेकानन्द शर्मा ने बताया की श्री परशुराम जन्मोत्सव पर युवा टीम द्वारा गौ स्वामणि का आयोजन किया जाता हैं। गौ स्वामणि में टीम के हेमंत शर्मा, कमलेश कुमार शर्मा,उमेश शर्मा,साहिल शर्मा, पंकज शर्मा, होती लाल शर्मा, रिक्की टोंगडा, ओमप्रकाश शर्मा,ललित भारद्वाज, बजरंग शर्मा, अशोक शर्मा, गौरव शर्मा, मनोज शर्मा, पवन शर्मा,अनिल शर्मा, अंकुल शर्मा,रतनदीप भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

## सैनी महासभा समिति की नवीन कार्यकारिणी को दिलवाई शपथ



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** सैनी महासभा समिति की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह दयाला वाली समिति भवन में आयोजित हुआ। नवनियुक्त समिति अध्यक्ष निरंजन सैनी ने अतिथियों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया ।शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्ति ऐक्शन पी डी सैनी अध्यक्ष सैनी समाज राजगढ़, अध्यक्षता सैनी महासभा समिति कोटपूतली बहरोड़ जिलाअध्यक्ष बबलू बबेरवाल,विशिष्ट अतिथि पप्पू राम सैनी अध्यक्ष सैनी समाज नारायणपुर रहे। पी डी सैनी ने नवीन कार्यकारिणी को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई ।इस मौके पर पीडी सैनी ने समाज में फैली बुराइयों, फिजूल खर्ची,मृत्यु भोज, दहेज प्रथा को बंद करने व समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर दिया। पूर्व अध्यक्ष सुरेश चंद सैनी,पूर्ण सैनी अध्यापक, उपाध्यक्ष रोहिताशव सैनी, पूर्व अध्यक्ष धर्मचंद सैनी, महासचिव किशोरीलाल सैनी आदि वक्ताओं ने भी अपने विचार रखें ।इस मौके पर समिति संरक्षक ताराचंद सैनी, उपाध्यक्ष महेश सैनी अध्यापक, जीतराम सैनी, राजू अधोपिया, सचिव प्रकाश सैनी, प्रवक्ता लक्ष्मण प्रसाद सैनी, कोषाध्यक्ष संतलाल सैनी,व्यवस्थापक रामचंद्र सैनी,संगठन मंत्री टिंकू सैनी, प्रचार मंत्री प्रकाश सैनी, भंडार मंत्री मेहर चन्द सैनी, सयोंजक अशोक सैनी, प्यारेलाल सैनी, मन्नालाल सैनी भिवाला, रामस्वरूप सैनी, मामराज ठेकेदार, महेंद्र ठेकेदार, चंद्रपाल सैनी सहित काफ़ी संख्या में सैनी समाज के लोग मौजूद रहे।

## पहलगाम आंतकी हमले के विरोध में पाकिस्तान प्रधानमंत्री का फूंका पुतला



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर( राजकुमार गुप्ता )।** पिछले दिनों जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा हिंदू पर्यटकों को धार्मिकता के आधार पर गोली मारे जाने से संपूर्ण देश के लोगों में जबरदस्त आक्रोश है। सोमवार को बजरंग सेना राजगढ़ ने जिला अध्यक्ष विष्णु कुमार जांगिड़ के नेतृत्व में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के खिलाफ नारेबाजी कर पुतला फूंका। वहीं उपस्थित नागरिकों ने इस कायराना हरकत की कड़े शब्दों में निंदा की। इस अवसर पर लायंस क्लब के प्रांतीय चेयरमैन खेम सिंह आर्य, राहुल दीक्षित, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित, उमेश मंडावरा, संजय राजस्थानी, बजरंग सेवा धर्म अध्यक्ष आचार्य सुरेश मिश्रा, प्रभारी शिम्भू दयाल जांगिड़, जय राजपूत, बजरंग सेना सचिव संगीता चेयरवाल, बजरंग सेवा महिला मोर्चा अध्यक्ष सुनीता शर्मा, सदस्य काली सैनी, मंजू बंजारा,निर्मला सैनी, माया सैनी सहित काफी संख्या में बजरंग सेना के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नान्ता में फिर दिखा लेपर्ड, बालाजी मंदिर परिसर में घुसकर किया बछड़े पर हमला, गाय ने बचाई जान

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** नान्ता में एक बार फिर लेपर्ड का मूवमेंट सामने आया है। नांता इलाके के मेंढकी पाल के बालाजी मन्दिर परिसर स्थित बाड़े में एक लेपर्ड घुस गया जिससे वहां पर बंधे जानवरों में अफरा तफरी मच गई लेपर्ड ने एक बछड़े का भी शिकार किया । सम्भावतया बछड़े को मुंह में दबोच कर ले जा रहा था। इस दौरान गाय ने हमला कर दिया। इस पर लेपर्ड बछड़े को छोड़कर भाग गया। सुबह घटना का पता लगने पर फॉरेस्ट विभाग को सूचना दी।

**बछड़े के गर्दन पर बने बाईट निशान और पगमार्ग से हुई पुष्टि :** फॉरेस्ट विभाग की टीम मौके पर पहुंच कर घाव के निशानों को देखकर गेट प्रजाति के जानवर की पुष्टि की आसपास तालाब की ओर जाकर देखा तो वहां पर ले पढ़ के पैरों के निशान भी नजर आ गए जिससे लेपर्ड होने की पुष्टि भी हो गई। जानकारी अनुसार घटना देर रात की है। मेंढकी बालाजी के पास बाड़े में गाय बंधी हुई थी। उसके साथ बछड़ा भी था। बाड़े की दीवार करीब 4 फीट ऊंची थी। लेपर्ड 4 फीट ऊंची दीवार फांदकर बाड़े में आया और बछड़े पर अटैक कर दिया। लेपर्ड बछड़े को ले जाने लगा तो गाय ने लेपर्ड पर हमला कर दिया। गाय ने रस्सी तोड़ दी। लेपर्ड बछड़े को छोड़कर भाग गया। फारेस्ट विभाग की मानें तो इस इलाके में लेपर्ड का मूवमेंट रहता है। पीछे की तरफ थर्मल का तालाब है। यह क्षेत्र जंगली जानवरों का प्राकृतिक परिक्षेत्र रहा है ऐसे में इस क्षेत्र को विकसित करना चाहिए यही नहीं थर्मल की तालाब वाली पल पर अन्य जानवरों की भी मूवमेंट अक्सर देखी जाती है यहां रहने वाले फैक्ट्री के मजदूर और यहां बसी बस्तियों में भी पालतू जानवरों के आए दिन गायब होने की सूचनाये आती रहती है। ऐसे में वन्य जीव विभाग को चाहिए कि वह इन क्षेत्रों को अपने अधिग्रहण में लेकर यहां पर एक गहन वन क्षेत्र का विकास करें और आम लोगों की सुरक्षा के लिए प्राकृतिक रूप से विकसित कर इन क्षेत्रों को प्रतिबंधित करते हुए पर्याप्त मात्रा में सुरक्षित दीवारों का निर्माण करावे।

**वन्य जीव के हमले में पालतू जानवर हानि पर मुआवजे का है प्रावधान :** बछड़े के शिकार होने पर मुआवजा दिलाने का प्रावधान वन्य जीव विभाग द्वारा किया गया है। उचित कार्यवाही करवाई करके जो भी मुआवजा होगा दिलवाया जाएगा।।




शिकार हुए बछड़े के बाइट मार्क देख कर पुष्टि करते वन्य जीव विभाग के अधिकारी

## इनका कहना

देर रात लेपर्ड ने एक बछड़े का शिकार किया है। विभाग की टीम मौके पर पहुंची है। इस इलाके में लेपर्ड का मूवमेंट रहता है।

**अनुराग भटनागर**
**डीएफओ वन्यजीव विभाग**

## हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के लिए फायर एनओसी की अवधि बढ़ाकर तीन वर्ष किए जाने का होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान कोटा डिवीजन ने किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान, कोटा डिवीजन के अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी एवं महासचिव संदीप पाडिया ने संयुक्त बयान जारी कर राज्य सरकार द्वारा हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के होटल एवं रिसॉर्ट्स के लिए फायर एनओसी की वैधता अवधि को एक वर्ष से बढ़ाकर तीन वर्ष किए जाने के निर्णय का गर्मजोशी से स्वागत किया है। उन्होंने इसे होटल फेडरेशन तथा राजस्थान के पर्यटन एवं हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि करार दिया। यह मांग लंबे समय से होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान द्वारा विभिन्न मंचों पर पुरजोर तरीके से उठाई जा रही थी। अब जाकर सरकार ने इस मांग को स्वीकार करते हुए हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के हित में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी ने कहा कि, फायर एनओसी की अवधि बढ़ने से होटल उद्योग पर से प्रशासनिक दबाव कम होगा तथा होटल व्यवसायी अपनी सेवाओं पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकेंगे। यह निर्णय राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने में भी सहायक सिद्ध होगा। अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी ने यह भी मांग रखी कि, जिस प्रकार होटल एवं रिसॉर्ट्स के फायर एनओसी की अवधि तीन वर्ष की गई है, उसी प्रकार हॉस्टलों के लिए भी वर्तमान दो वर्ष की फायर एनओसी अवधि को तीन वर्ष किया जाना चाहिए। इससे हॉस्टल व्यवसाय से जुड़े उद्यमियों को भी राहत मिलेगी और वे अधिक सुगमता से अपने संचालन को आगे बढ़ा सकेंगे।

## गुदली गांव में दो नाबालिग बालिकाओं के विवाह रुकवाए गए

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़, ( नि.स. )।** अक्षय तृतीया पर दो नाबालिग बालिकाओं के विवाह होने से से पूर्व सोमवार को आकोला थाना क्षेत्र के गुदली गांव में दो नाबालिग बालिकाओं के विवाह की सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन पर मिली। सूचना के आधार पर जिला प्रशासन, पुलिस, चाइल्ड हेल्पलाइन टीम और गायत्री सेवा संस्थान की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। उस समय बारातियों के लिए भोजन तैयार किया जा रहा था। जांच में बालिकाओं के पिता ने दोनों के 18 वर्ष से अधिक उम्र का दावा किया, लेकिन दस्तावेजों की जांच में वे नाबालिग पाई गईं। टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बालिकाओं के पिता को विवाह न करने की सख्त हिदायत दी और उन्हें पाबंद किया गया। इस कार्रवाई में आकोला थाना बाल कल्याण पुलिस अधिकारी भंवरलाल, चाइल्ड हेल्पलाइन जिला प्रभारी नवीन काकड़दा, गायत्री सेवा संस्थान के जिला समन्वयक अमित राव और टीम सदस्य कुसुम मेनारिया, अब्दुल वाहिद व इरफान मोहम्मद उपस्थित रहे।

## दीगोद में 6 करोड़ की लागत से बनेगा कॉलेज भवन बनेगा



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** ऊर्जा मंत्री श्री हीरालाल नागर ने सोमवार को दीगोद में 6 करोड रुपए की लागत से बनने वाले कॉलेज भवन का शिलान्यास किया। इस दौरान विधिवत् पूजा अर्चना कर भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल, प्रधान कृष्णा शर्मा, मंडल अध्यक्ष इंद्र खंडेलवाल समेत कई लोग मौजूद रहे। समारोह को संबोधित करते हुए श्री नागर ने कहा कि सांगोद विधानसभा में शिक्षा, चिकित्सा, पानी, बिजली और सड़क की सभी मूलभूत आवश्यकताएं पूरी करने के प्रयास कर रहे हैं। कॉलेज का भूमि पूजन हुआ है तो बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर भेजने की आवश्यकता नहीं रहेगी। बच्चों को शिक्षा देने के लिए राजस्थान सरकार स्कूल कॉलेज भी खोल रही है । साथ ही, रोजगार देने के लिए संभावनाओं के द्वार भी खोल रही है।

### कई विकास कार्यो का लोकार्पण

उन्होंने कहा कि गांवों में स्वास्थ्य केन्द्र बन रहे और तालाबों का सौंदर्यकरण के साथ सुदृढ़ीकरण हो रहा। निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली मिल रही है। गांव गांव में सड़कें बन रही हैं। इस अवसर पर उच्च शिक्षा विभाग, ऊर्जा विभाग, जलदाय विभाग तथा सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से किए जा रहे विभिन्न कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास सम्पन्न हुआ। ऊर्जा मंत्री श्री नागर ने डूंगरज्या स्थित कमल सरोवर में नवनिर्मित कक्षा कक्षों का लोकार्पण किया। उन्होंने सहायक अभियंता कार्यालय दीगोद में आयोजित समारोह में 1 करोड रुपए की लागत से निर्मित सहायक अभियंता कार्यालय भवन का लोकार्पण किया। साथ ही, ग्रामीण जल योजना के तहत 35 लाख रुपए की लागत से बदली गई पुरानी जीर्ण शीर्ण पेयजल पाइपलाइन का भी लोकार्पण किया।

## कृष्णा प्रीमियम ब्रांड प्रमुख डेयरी ब्रांड्स बना हुआ है : अग्रवाल
### नैनवां पोद्दार मैरीज गार्ड़न में हुआ व्यापारी मिलन सम्मेलन

बढ़ता राजस्थान



**नैनवां, ( टी.आर सैनी )।** रविवार को पौद्दार मैरिज गार्डन में भोले बाबा ग्रुप के प्रसिद्ध डेयरी ब्रांड कृष्णा प्रीमियम की ओर से व्यापारी मिलन सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कृष्णा प्रीमियम ब्रांड के वरिष्ठ अधिकारी ,व्यापारी बन्धु एवं अन्य उद्योग विशेषज्ञ उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत कंपनी के डायरेक्टर गोविन्द अग्रवाल के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने कंपनी की अब तक की यात्रा, आने वाली चुनौतियों और भावी योजनाओं पर विस्तार से जानकारी दी।अग्रवाल ने बताया कि कृष्णा प्रीमियम ब्रांड आज विकसित भारत के प्रमुख डेयरी ब्रांड्स में गिना जाता है। कंपनी प्रतिदिन 3,00,000 किसानों से लगभग 16 लाख लीटर ताजा दूध एकत्र कर, उससे उच्च गुणवत्ता वाला देसी घी तैयार करती है। हर दूध की बूंद को तकनीक द्वारा परखा जाता है, ताकि दूध वसा की शुद्धता की 100 प्रतिशत गारंटी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने आगे बताया कि हमारे सभी उत्पाद जैसे देसी घी, गाय का घी, स्किम्ड मिल्क पाउडर, बटर, डेयरी व्हिटनर और न्भ्ज् मिल्क को 42 क्वालिटी चेक होने के पश्चात बाजारों के लिए पैक किया जाता है। कार्यक्रम में नैनवां,देई सहित अन्य स्थानो के जाने माने व्यापारियो ने शिरकत की गई।

### जिला मुख्यालय से 130 किलोमीटर दूर रावतभाटा में कलक्टर ने विकास कार्यो की ली समीक्षा
## जिला कलक्टर ने किया मेडिकल चेकअप कैंप का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़, ( नि.स. )।** जिला कलक्टर आलोक रंजन की अध्यक्षता में सोमवार को जिला मुख्यालय से लगभग 130 किलोमीटर दूर स्थित रावतभाटा उपखंड मुख्यालय पर समस्त उपखंड स्तरीय अधिकारियों के साथ संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

जिला कलक्टर ने जल स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को निर्देशित किया कि पचपहाड़ पेयजल योजना से संबंधित समस्त कार्यवाही अब रावतभाटा क्षेत्राधिकार के अंतर्गत करते हुए त्वरित क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। चिकित्सा विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि उप जिला चिकित्सालय रावतभाटा का कार्य निर्माणाधीन है। इस पर कलक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जावदा एवं दुधीतलाई के निर्माण कार्य का निरीक्षण कर गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बीसीएमओ रावतभाटा ने नर्सिंग महाविद्यालय के फंड आवंटन की समस्या से अवगत कराया, जिस पर जिला कलक्टर ने शीघ्र फंड स्वीकृति हेतु संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित करने का आश्वासन दिया। विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने अधिशाषी अभियंता, एवीवीएनएल चित्तौड़गढ़ को ग्राम लोठियाना में 132 केवी जीएसएस तथा ग्राम बस्सी में 33/11 केवी जीएसएस का कार्य समयबद्ध पूर्ण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। वन विभाग को मजदूरों का शीघ्र भुगतान एवं वनों में आगजनी की घटनाओं पर तुरंत प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। शिक्षा विभाग के अधिकारियों को समसा एवं डीएमएफटी योजना के तहत बजट की स्थिति स्पष्ट करने तथा वर्ष 2018 से पूर्व के लंबित बजट हेतु तत्काल प्रस्ताव भेजने के निर्देश प्रदान किए।

**जिला कलक्टर ने मेडिकल कैंप का किया निरीक्षण :**

जिला कलक्टर आलोक रंजन ने परमाणु बिजलीघर द्वारा आयोजित मेडिकल चेकअप शिविर का निरीक्षण किया। शिविर में आंखों के चश्मे एवं कान की मशीनें वितरित की गईं। उन्होंने आयोजकों द्वारा किए गए सामाजिक सरोकार के कार्यों की सराहना की।

## राजनगर स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में नवनिर्मित कक्षाकक्षो का उद्घाटन
### कोटा राउण्ड टेबल द्वारा राजनगर राजकीय विद्यालय में कराए गए विकास कार्य
### शिक्षा हमारे समाज की रीढ़ है : अमृता दुहान

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** राजनगर स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय,कोटा में 35 लाख रुपये की लागत से कोटा राउण्ड टेबल 281 द्वारा निर्मित नए भवन का उद्घाटन भव्य समारोह में किया गया। इस अवसर पर कोटा सिटी की पुलिस अधीक्षक अमृता दुहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं, जबकि राउंड टेबल इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष चैतन्य देव सिंह और क्षेत्रीय अध्यक्ष अनुतोष संचेती विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे।

**विद्यालय में हुआ विकास कार्य :** टेबल चैयरमेन निमिष पराशर ने बताया कि निर्माण कार्य पिछले वर्ष 1 अक्टूबर, 2024 को प्रारंभ हुआ था और इसे 27 अप्रैल, 2025 को सफलतापूर्वक पूरा किया गया। इस परियोजना के अंतर्गत 6 नए कक्षा-कक्षों का निर्माण,लड़के और लड़कियों के लिए अलग-अलग शौचालय सुविधाओं का नवीनीकरण,बैडमिंटन और वॉलीबॉल खेल क्षेत्र का विकास, हरित वातावरण के लिए वृक्षारोपण के कार्य करवाएं गए है। इस विकास से विद्यालय के 200 विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षिक और खेल सुविधाएँ मिल सकेंगी।

**शिक्षा हमारे समाज की रीढ़ :** समारोह में मुख्य अतिथि अमृता दुहान ने अपने संबोधन में कहा, शिक्षा हमारे समाज की रीढ़ है और सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है। मुझे अत्यंत प्रसन्नता है कि कोटा राउण्ड टेबल 281 के प्रयासों से इस विद्यालय में ऐसी आधुनिक सुविधाएँ विकसित की गई हैं। ये निर्माण कार्य केवल भवन निर्माण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ये हमारे विद्यार्थिओं के उज्जवल भविष्य की नींव हैं। उन्होंने आगे कहा, मुझे विश्वास है कि इन सुविधाओं से विद्यार्थिओं के समग्र विकास में मदद मिलेगी और वे न केवल अकादमिक रूप से बल्कि खेल के क्षेत्र में भी उत्कृष्टता प्राप्त करेंगे। मैं चत्रक्ष 281 की टीम को उनके सराहनीय प्रयासों के लिए बधाई देती हूँ।

## जंगला तोड़ कर मकान में घुसे चोर, जाग होने पर नगदी चुरा कर हुए फरार

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** कस्बे सहित देहात क्षेत्र में एक बार फिर चोरियो की वारदाते बढ़ने लग गई है। रविवार की रात्रि को थाना क्षेत्र के रजलावता गांव में सुरेश कुमार नागर पुत्र सत्यनारायण के मकान में जंगला तोड़ कर अज्ञात चोर मकान के अंदर प्रवेश कर गये।

बक्से का ताला तोड़ कर उसमें रखे हुए 25 हजार चोरी करके ले गये। गनीमत यह रही कि सत्यनारायण धाकड़ उसी कमरे में सो रहे थे। एकाएक बक्से के ताला तोड़ा तो उनको अवाज आ गई। उन्होने जोर से कहा कि कौन है,कमरे में। अज्ञात चोरो को लगा की जाग हो गई है,इसलिए बक्से में रखे हुए अन्य सोने चांदी के गहनो को चुरा कर नहीं ले गये। पुलिस ने मौके पर पहुँच कर चोरी की वारदात का जायजा लिया गया। पुलिस ने बताया कि मामले की जॉच की जा रही है।

# विकसित भारत की राह गांव मे कृषि उद्योगों से : दिनेश कुलकर्णी
### भारतीय किसान संघ के संभाग कार्यालय बलदाऊ भवन का लोकार्पण सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( विनोद गौड़ )।** भारतीय किसान संघ के काला तलाव स्थित सम्भागीय कार्यालय बलदाऊ भवन का लोकार्पण समारोह सोमवार को आयोजित किया गया।समारोह में संत निरंजननाथ अवधूत, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक राजेंद्र द्विवेदी, भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय संगठन मंत्री दिनेश कुलकर्णी तथा अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य राजेन्द्र पालीवाल अतिथि के तौर पर उपस्थित थे। मुख्य वक्ता दिनेश कुलकर्णी देश का सपना 2047 तक विकसित भारत बनना है। विकसित भारत में किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका है,उसी के अनुरूप अपनी क्षमता का भी विस्तार करना होगा। देश की 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। इसके लिए हमें रूपरेखा भी तैयार करनी होगी। वैज्ञानिकों और किसानों ने मिलकर खाद्यान्न में भारत को स्वावलंबी बनाया है। अब हमें गौ कृषि वाणिज्यम की अवधारणा पर काम करना है। हमें उद्योगशील अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ना होगा। जिसके तहत गांव-गांव में कृषि आधारित पूरक उद्योगों की श्रृंखला खड़ी करनी होगी। इसीलिए सरकार को पूर्व में लाए गए कृषि कानूनों को सुधारों के साथ फिर से लागू करना चाहिए। भारतीय किसान संघ के निरंतर जागरण के कार्यक्रम और कृषि अनुसंधान परिषद में भी जैविक कृषि का पाठ्यक्रम तैयार किया जा रहा है। समारोह में अखिल भारतीय अधिकारी कैलाश गेंदोलिया, हुकुमचंद पाटीदार, मणिलाल लबाना, मोहन नागर काला तलाव, प्रान्त प्रचारक एवं पालक अधिकारी विजयानंद, मुरलीधर, प्रांत कार्यवाह शंकर माली, प्रान्त अध्यक्ष शंकरलाल नागर, प्रदेश महामंत्री तुलछाराम सिंवर, प्रदेश महिला प्रमुख राम मूर्ति मीणा, सह प्रमुख रमा शर्मा, शहर अध्यक्ष बृजराज नागर, लघु उद्योग भारती के ताराचंद गोयल, पवन टांक, पूर्व संगठन मंत्री राजबीर सिंह, दल्लाराम बटेसर, धनसिंह गुर्जर, रामनाथ मालव, कालूलाल गुर्जर समेत भामाशाह और ग्राम पंचायतों के प्रभारी व दायित्ववान कार्यकर्ता उपस्थित रहे। तथाकथित किसान नेता सिंधु जल समझौता रद्द करने के खिलाफ देशविरोधी बयान दे रहे दिनेश कुलकर्णी ने कहा कि खेती किसानी को लेकर समाज विरोधी ताकतें गलत नेरेटिव खड़ा करने का प्रयास कर रही हैं। जिससे देश को नुकसान हो रहा है। तथाकथित किसान नेता सिंधु जल समझौता रद्द करने के खिलाफ देश विरोधी बयान दे रहे हैं। ऐसे लोगों को जवाब देने के लिए हमें अध्ययनशील कार्यकर्ता खड़े करने होंगे। हमें एक लाख गांव और एक करोड़ किसानों तक पहुंचने के काम का आधार अपने कार्यालय को बनाना होगा। इस दौरान पहलगाम आतंकी हमले में प्राण गंवाने वाले देशवासी पर्यटकों को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि भी दी गई।

# सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर निकाली कलशो के साथ शोभायात्रा
### डीजे पर युवक युवतियो ने किया नृत्य, पुष्प वर्षा के साथ किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** नैनवां माली सैनी समाज के सामूहिक द्वितीय सम्मेलन को लेकर सोमवार को भव्य कलश व शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा नैनवां कस्बे के कंकाली माता मंदिर परिसर से शुरू हुई। शोभायात्रा से पूर्व प्रधान कलश सहित घोड़ियो की बोली लगाई गई। इसके बाद मां कंकाली की पूजा अर्चना के साथ शोभायात्रा की शुरूआत हुई। शोभायात्रा में 101 महिलाएं कलश लेकर चल रही थी। इसके आगे पांच घुड़ सवार धर्म ध्वज लेकर चल रहे थे। डीजे के भजनो पर युवक युवतिया नृत्य करते हुए चल रहे थे। कलश यात्रा के बाद मां कंकाली का विमान चल रहा था। इसके पीछे परम्परागत मश्क बाजे के साथ विमान चल रहा था। शोभायात्रा माता मंदिर से देईपोल होते हुए देईपोल चूंगी नाका पर पहुँची जहां शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया।

समाज सेवको द्वारा शोभायात्रा में शामिल लोगो को ठण्डा पानी की व्यवस्था की गई। देईपोल चूंगी नाका से बटवाड़िया की टेक,जजावर रोड़,बांसी रोड़ होते हुए सकल धीवर माली समाज 60गांव चैरासी छात्रावास पर पहुँची जहां आचार्य द्वारा पूजा अर्चना के साथ गणेश स्थापना की गई। इसके साथ ही सामूहिक विवाह सम्मेलन की व्यवस्थाओ की शुरूआत की गई। शोभायात्रा में सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति के पदाधिकारी सहित नैनवां,खानपुरा,रजलावता,जजावर सहित अन्य गांव के प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

# आमजन को पेयजल, विद्युत और चिकित्सा सेवाएं मिले निर्बाध : डीएम

## आवश्यक सेवाओं और बजट घोषणाओं की प्रगति की बैठक का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** बिजली, पानी, मौसमी बीमारी सहित अन्य प्रमुख बिन्दुओं की समीक्षा बैठक का आयोजन जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता मे जिला कलक्ट्रेट के सभाकक्ष में हुआ। बैठक में उन्होंने गर्मी के मौसम के मद्देनजर जिले वासियों को मौसमी बीमारियों और पेयजल की समस्या से प्रभावी रूप से निपटने के लिए सभी अधिकारी को सजगता और संवेदनशीलता के साथ अपने कार्यों को करने के निर्देश दिए। बैठक में जिले में बजट घोषणाओं के तहत विभिन्न कार्यो की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी टीम भावना से कार्य करते हुए जिले के ग्रामीण ने एवं शहरी क्षेत्रों में पेयजल एवं विद्युत सालाई निर्वाध बनाये रखते हुए आमजन की समस्याओं को संवेदनशीलता से निराकरण करना सुनित करें। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए आवश्यक सेवाओं से जुडे विभाग नियंत्रण कक्ष स्थापित कर प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण कर आमजन को राहत प्रदान करें। अधिकारी 24 घंटे में दर्ज शिकायतों का प्रतिदिन निरीक्षण कर आमजन से फीडबेक भी ले जिससे समस्या निराकरण की जानकारी मिल सके। उन्ननि विभाग के अधिकारियों को शहरी क्षेत्रों में सभी आवासीय एरिया में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए आवश्यकता पड़ने पर टैंकरों से पानी की उपलब्धता कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अवैध कनेक्शनों के खिलाफ नियमित अभियान चालाये तथा नवीन कनेक्शनों को समय पर जारी करें। उन्होंने कहा कि पंचायत समितिवार हैण्डपम्प मिस्त्री की टीम बनाकर पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराये। जल जीवन मिशन में कार्यों को गति देते हुए खोदी गई सड़कों की गुणवत्ता से पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का समय पर निरीक्षण कर फीडबैक लेने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत निगम को जिले में सभी जलस्त्रोतों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाये रखकर नवीन ट्यूबवैलों पर समय पर कनेक्शन करने आम उपभाक्ताओं के जले ट्रांसफार्मर को समय पर बदलने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मौसम खराब होने से विद्युत सप्लाई में व्यवधान आने पर शीघ्र दुरूस्त कराई जाये। उन्होंने ढीले तारों को टीम बनाकर कर ठीक कराने घरेलू एवं कृषि कनेक्शनों के लिए आवश्यक सामग्री निधारित समय में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने चिकित्सा विभाग को नियंत्रण कक्ष को 24 घंटे सक्रिय रखकर समस्याओं का निराकरण करने, प्रत्येक चिकित्सा संस्थानों में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने हीटवेव से बचाव के लिए समय-समय पर एडवाइजरी जारी करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्साकर्मियों को आमजन से निरन्तर सम्पर्क बनाये रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी चिकित्सा संस्थानों में हीटवेव से बचाव की आवश्यक दवायें, ओआरएस घोल का पर्याप्त स्टॉक रखें तीमारदारों के लिए छाया, पानी तथा वार्डों में पंखे, कूलर, एसी को दुरुस्त रखें। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में सभी स्टॉफ संवेदनशीलता से कार्य कर समय की पालना सुसनिश्चित करें। उन्होंने सभी विभागों को बजट घोषणाओं को प्रगति की समीक्षा कर समयबद्ध धरातल पर साकार करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी सरकार को मंशा के अनुसार पेयजल, विद्युत आपूर्ति बनाये रखकर आमजन को निर्बाध आपूर्ति बनाये रखने, चिकित्सा सेवाओं को उपलब्धता करने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ, उप निदेशक आईसीडीएस धीरेन्द्र सिंह सहित सम्बन्धित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# गुमट क्षेत्र में अवैध नल कनेक्शन को लेकर विभाग की कार्यवाही

## आठ दिन के कैम्प में फर्जी उपभोक्ताओं ने नहीं दिया ध्यान तो सख्ती के मूड में आया विभाग, पुलिस के साथ घर-घर जाकर कार्यवाही, कई दर्जन कनेक्शन काटें, 13 को नोटिस

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के गुमट क्षेत्र में अवैध नल कनेक्शन की भरमार है। ऐसे में पिछले 8 दिन से जलदाय विभाग द्वारा अवैध कनेक्शन को वैध कनेक्शन में बदलने के लिए अभियान चलाया हुआ है और क्षेत्र वाइज कैंप लगाकर कनेक्शन को रेगुलर करने का प्रयास किया जा रहा है। आठ दिन से लगातार चलाये जा रहे कैंप में अब तक केवल 23 उपभोक्ताओं द्वारा ही आवेदन किया गया है। जबकि क्षेत्र में अवैध कनेक्शन की संख्या सैकड़ो में है। ऐसे में सोमवार को जलदाय विभाग द्वारा मामले में सख्त रुख अपनाते हुए पुलिस प्रशासन के साथ घर-घर जाकर कार्रवाई की है। जिसमें दर्जनों अवैध कनेक्शन को काटा गया है। 13 उपभोक्ताओं को नोटिस दिया है और नागरिकों से अपील की है कि वे कैंप में आकर अवैध कनेक्शन को रेगुलर करने के लिए आवेदन करें।

जलदाय विभाग के सहायक अभियंता चेतन प्रकाश जाट के नेतृत्व में जलदाय विभाग के टीम कर्मचारी नेकराम मीणा, रामकुमार मीना, ऋषभ परमार,उमेश शर्मा एवं अन्य के साथ पुलिस जाप्ते को लेकर गुमट क्षेत्र की करीम कॉलोनी, छोकर कॉलोनी,उस्मानी कॉलोनी, बड़ी बाखर, छोटे किले में घर-घर जाकर कार्रवाही की है। इस दौरान उपभोक्ताओं द्वारा जब विभाग की कार्रवाई पर ध्यान नहीं दिया गया। न कोई सन्तुष्टपूर्ण जबाब दिया तो कार्मिको ने दर्जनों अवैध कनेक्शन काट दिए हैं। 13 उपभोक्ताओं को नोटिस दिए हैं।

**8 दिन के कैंप में केवल 23 फाइल हुई जमा :** एईएन चेतन प्रकाश जाट ने बताया कि 8 दिन से क्षेत्र में जलदाय विभाग के कार्मिक कैंप लगाकर बैठे हैं लेकिन केवल 23 फाइल ही जमा हुई है। यह कैंप 30 अप्रैल तक चलेंगे। जिसमें नाममात्र कागजों पर उपभोक्ताओं के कनेक्शन को रेगुलर किया जा रहा है लेकिन फिर भी उपभोक्ता ध्यान नहीं दे रहे हैं। पूरी कार्रवाही में कोतवाली थाने के एएसआई नीरज शर्मा के नेतृत्व में महिला और पुरुष जवान पूरी कार्रवाई के दौरान साथ रहे।

# बसेड़ी क्षेत्र की तीन ग्राम पंचायतो के सैकड़ो लोगो ने धौलपुर कलेक्टर को दिया ज्ञापन

## निधारा, धीमरी और इब्राहिमपुर के सैकड़ो ग्रामीणों की बाड़ी में शामिल करने की मांग

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** जिले की बसेड़ी विधानसभा में स्थित तीन ग्राम पंचायतो के सैकड़ो लोगों द्वारा सोमवार को धौलपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौप पूर्व की तरह बाड़ी विधानसभा में ही शामिल करने की मांग की है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पूर्ववर्ती गहलोत सरकार द्वारा अपने फायदे के लिए उन्हें बाड़ी विधानसभा से हटाकर बसेड़ी विधानसभा में जोड़ दिया गया। जिसका उनसे कोई नाता नही है। वर्तमान में तीनों ग्राम पंचायतो के लोग परेशान हो रहे हैं। बाड़ी उपखंड में शामिल ग्राम पंचायत निधारा, धीमरी और इब्राहिमपुर के ग्रामीणों ने इन तीनों पंचायतों को बाड़ी पंचायत में शामिल करने के लिए कलेक्टर श्रीनिधि बीटी को ज्ञापन दिया है। ग्रामीणों ने कलेक्टर को अवगत कराया की सन 2020 से पूर्व तीनों ग्राम पंचायतें बाड़ी पंचायत समिति का हिस्सा थी लेकिन पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा अपना प्रतिनिधित्व बढ़ाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत निधारा,धीमरी व इब्राहिमपुर में काँटछाट कर बसेड़ी पंचायत समिति और विधानसभा में जोड़ दिया। जिसका ग्रामीणों ने उंस समय भी विरोध किया। लेकिन कोई सुनवाई नही हुई। तीनों ग्राम पंचायतों की तहसील बाड़ी है,थाना बाड़ी है,बीसीएमओ बाड़ी है,सीडीपीओ बाड़ी है। लेकिन विभिन्न प्रकार की योजनाओं के लाभार्थियों जैसे पेंशन,प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड,जनाधार व श्रम कार्ड,जाति प्रमाण पत्र मूल निवास इत्यादि के लिए बसेड़ी जाना पड़ता है। इसके अतिरिक्त निधारा ग्राम पंचायत की दूरी बाड़ी से मात्र 1 किमी है, निधारा व बाड़ी का श्मशान घाट भी तुलसीवन धाम भी एक ही है जो निधारा ग्राम पंचायत में आता है। धीमरी के गांव खटानेपुरा,टोडपुरा की दूरी बाड़ी से मात्र 6 किमी है, इब्राहिमपुर के ग्राम संडपुरा व बटेश्वर की दूरी बाड़ी से 5 व 7 किमी है। ज्ञापन के दौरान तीनो ग्राम पंचायतों के ग्रामीण लल्ला सरपंच, विनोद संडपुरा, महेश सरपंच, कप्तान निधारा, रवि बटेश्वर मंडल अध्यक्ष, बनवारी सरपंच, कुलराज थानेदार, शैलू गुर्जर जिला अध्यक्ष भीम आर्मी,रघुराज गुर्जर,रामपूजन सरपंच, निर्भय विरामपुर, सुनील गुर्जर, पीतम सिंह निधारा, सोबरन सिंह, महावीर हुलासी पुरा, रामलखन सरपंच निधारा, महादेवा बटेश्वर, शिवसिंह, भरतलाल, परमानंद, सीताराम,चौबसिंह, रामेश्वर, विशाल, बच्चू, नेकराम, रणधीर, भानु, दलजीत व सोनू के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

उद्यान विभाग की समीक्षा बैठक

# भ्रष्टाचार पर जीरो टोलरेन्स के साथ बजट घोषणाओं का क्रियान्वयन करें : डॉ किरोड़ी




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने उद्यान विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में कोताही न बरतें। उन्होंने कहा कि कार्य के प्रति लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों की जिम्मेदारी तय कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

डॉ. मीणा ने सोमवार को पंत कृषि भवन में उद्यान विभाग की समीक्षा बैठक में विभागीय योजनाओं की गति बढ़ाकर ज्यादा से ज्यादा कृषकों को समय पर लाभान्वित करने, सभी अधिकारियों को भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टोलरेन्स की नीति अपनाने के निर्देश दिए ।

कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री ने बैठक में उद्यान विभाग की 2024-25 की बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने सूक्ष्म सिंचाई , ड्रिप, फव्वारा, प्याज भण्ड़ार गृह, मधुमक्खी पालन, पॉली हाऊस, शेडनेट हाऊस, सोलर पम्प, एक्सीलेन्स सेंटर, राजहंस नर्सरी, फल बगीचों की स्थापना, प्लास्टिक मल्च, पीएम कुसुम कम्पोनेन्ट —बी योजना आदि की प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिये।

बजट घोषणा 2025-26 की समीक्षा करते हुए डॉ. मीणा ने योजनाओं को पूरी ईमानदारी से लागू कर पात्र किसानों को ज्यादा से ज्यादा लाभ देते हुए समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बजट घोषणाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन करने, क्रियान्वयन में आ रही परेशानियों को तत्काल प्रभाव से दूर कर प्रभावी रूप में धरातल पर लागू करने तथा योजनाओं का कृषक गोष्ठियों, रात्रि चौपालो, सोशल मीडिया, समाचार पत्रों और टी.वी. चैनल्स के माध्यम से प्रचार-प्रसार कर कृषकों को लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। डॉ. मीणा ने कहा कि पानी की कमी को देखते हुए सूक्ष्म सिंचाई से पूरे प्रदेश के कृषकों को लाभान्वित किया जाए, सूक्ष्म सिंचाई संयंत्रों का गुणवत्ता नियंत्रण परीक्षण करवाया जाए। उन्होंने सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि बीमित पॉली हाऊस डेमेज होने पर किसानों को मिलने वाले लाभ की नवीनतम स्टेटस रिपोर्ट 7 दिवस में मुख्यालय को भिजवाएं। उन्होंने सोलर पम्प में उच्च गुणवत्ता की सोलर प्लेटें लगवाने के निर्देश दिए जिससे किसानों को किसी तरह की कोई समस्या न आये।

उन्होंने राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के दौरान हुए कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्रों के एमओयू की प्रगति की समीक्षा करते हुए एमओयू के क्रियान्वयन में आ रही दिक्कतों को दूर कर इन्हें जल्द से जल्द क्रियान्वित करने के निर्देश दिये।

बैठक में कृषि एवं उद्यानिकी के शासन सचिव श्री राजन विशाल, उद्यानिकी आयुक्त श्री सुरेश कुमार ओला सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे, उद्यान विभाग के जिला अधिकारी वी.सी. के माध्यम से जुड़े।

# आम के बाग में जबरन घुसे युवको ने की माली की जमकर पिटाई, खाई से धकेला माली की मां ने कराया आरोपियों के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज

बढ़ता राजस्थान



बाड़ी (राजू शर्मा)। शहर की तुलसी वन रोड पर आम के बाग में झगड़े का मामला सामने आया है। शहर के कसाई पाड़ा निवासी तीन युवक बाग में घुसकर जब जबरन आम तोड़ने लगे तो माली ने मना किया। मना करने पर माली की लात-घुसो से पूरी तरह मारपीट की गई साथ में जाति सूचक शब्दों से भी अपमानित किया गया। घटना के बाद पीड़ित माली द्वारा अपनी मां के साथ कोतवाली थाने में रिपोर्ट दी गई है। शहर के कीड़ी मोहल्ला निवासी बुजुर्ग महिला गुड्डी पत्नी राम सिंह कोली ने बताया कि उन्होंने एक बाग तुलसी वन रोड पर निर्माणाधीन जिला अस्पताल के पास किराए पर लिया है। जिसमें आम की फसल हो रही है। बाग में वर्तमान में हो रही आम की फसल को लेकर उनका बेटा राजू और अन्य परिवरीजन लगातार बाग में चौकसी कर रहे हैं। रविवार की शाम चौकसी के दौरान शहर के कसाई पाड़ा निवासी आरोपी चांद खां उर्फ ढंढेरा पुत्र छन्नू कसाई और दो अन्य युवक बाग में जबरन घुस आए और आम तोड़ने लगे। जब राजू ने उनको आम तोड़ते देखा और आम तोड़ने की मना किया तो आरोपी उसके पास आए और उसको गालियां देते हुए जाति सूचक शब्द कहे। इस दौरान जब राजू ने विरोध किया तो आरोपियों ने उसकी लात-घूसों से न केवल मारपीट की बल्कि बाग की खाई से पटक दिया। घटना में राजू बुरी तरह से चोटिल हो गया। जिसे बाद में परिजन अस्पताल ले गए। घटना को लेकर पीड़ित मां गुड्डी पत्नी रामसिंह कोली ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रिपोर्ट में पीड़िता ने आरोप लगाया है कि आरोपी युवकों ने उनको घटना की रिपोर्ट कराने पर जान से मारने की धमकी दी है साथ में करीब 5 किलो आम भी जबरन तोड़कर ले गए है।

# कृषि महाविद्यालय में विभिन्न विषय में प्रवेश परीक्षा 29 जून को

बढ़ता राजस्थान

भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय)। जेट, प्री-पीजी एवं पीएचडी प्रवेश परीक्षा-2025 के तहत राजस्थान राज्य के कृषि, पशु चिकित्सा विश्वविद्यालयों और निजी महाविद्यालयों द्वारा प्रस्तावित विभिन्न कृषि एवं संबद्ध डिग्री पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा 29 जून 2025 को आयोजित की जायेगी। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र 28 अप्रैल 2025 से 28 मई 2025 तक और विलंब शुल्क के साथ 31 मई 2025 स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय बीकानेर की अधिकारिक बेवसाइट पर भरा जा सकता है। कृषि महाविद्यालय भुसावर के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने बताया कि स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय बीकानेर ने राजस्थान में कृषि स्नातक, स्नातकोत्तर व विद्यावाचस्पति डिग्री में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा 2025 की घोषणा कर दी है।

एसडीएम की अध्यक्षता में साप्ताहिक बैठक

# अधिकारियो को निर्देश, बिजली पानी, साफ-सफाई को लेकर दे विशेष ध्यान

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के उपखंड अधिकारी कार्यालय में सोमवार को एसडीएम भगवत शरण त्यागी की अध्यक्षता में साप्ताहिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मौजूद अधिकारियों को एसडीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए के भीषण गर्मी को देखते हुए पेयजल व्यवस्था, बिजली सप्लाई के साथ-साथ साफ-सफाई पर पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की वे बाजार में जाकर दुकानों के आगे होने वाले अतिक्रमण को चिन्हित करें। दुकानदारों को चेतावनी दें और नहीं मानने पर जेसीबी द्वारा कार्रवाई की जाए। एसडीएम त्यागी ने नगर पालिका ईओ को निर्देश दिए कि वे शहर के 8 जोन में साफ सफाई को लेकर खुद मॉनिटरिंग करें। जो नाले अवरुद्ध पड़े है या भरे हुए हैं उन्हें साफ कराया जाए। गंदगी को तुरंत निस्तारित करे। मैरिज होम की गंदगी, चाट पकौड़ी वाले ढकेल वालो पर गंदगी को लेकर विशेष सतर्कता भरते। मिष्ठान विक्रेताओं के यहां जाकर भी यह जांच करें कि उनके यहां जो व्यंजन बना रहे हैं उनमें अशुद्धता या गंदगी तो नहीं है और वह किस प्रकार कचरे का निस्तारण कर रहे हैं। एसडीएम भगवत शरण त्यागी ने बताया कि शहर में आगामी दिनों में युवाओं में फैलते नशे के कारोबार को लेकर भी कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए पुलिस प्रशासन को निर्देश दिए हैं साथ में झोलाछाप चिकित्सकों और अवैध क्लिनिक संचालकों की जांच के लिए भी चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं। बैठक के दौरान दोना पत्तल के शहर के अंदर स्थित फैक्ट्री को लेकर भी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। साप्ताहिक बैठक में तहसीलदार उत्तम चंद्र बंसल, डिस्कॉम के एईएन आरडी मीण, नगर पालिका ईओ श्याम बिहारी गोयल के साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# पहलगाम शहीदों को दी श्रद्धांजलि, गायत्री मंत्र उच्चारण के साथ श्रद्धा सुमन अर्पित

बढ़ता राजस्थान



**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** पहलगाम आंतकी हमले में शहीद हुए निर्दोष पर्यटकों को गंगा जी गोला परिसर में स्थित आदर्श विद्या मंदिर प्रांगण में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर गायत्री मंत्र के साथ श्रद्धा सुमन अर्पित किए। भारत विकास परिषद स्थानीय शाखा के प्रकल्प प्रभारी अंशु मित्तल, शाखा अध्यक्ष मनीष मित्तल, सचिव डा. विजय पहाडिया, कोषाध्यक्ष राजेश गोयल, हेमन्त पाण्डेय, ताराचंद गोयल, दिलीप सिंघल, अमित सिंघल, रवि सिंघल,ने इस करना कार्य के लिए कड़ी निंदा करते हुए परमपिता परमेश्वर से दिवंगत आत्माओं को की शांति के लिए कामना की एवं इस दुख की घड़ी में उनके समस्त पर जन्म और इस मित्रों को परमपिता परमेश्वर से संबल प्रदान करने की विनती की।

# पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए भारतीय लोगों की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए भारतीय लोगों की आत्मा की शांति के लिए 27 अप्रेल को धौलपुर की अग्रणीय सामाजिक संस्था 'हल्लाबोल जनसरोकार मंच' के बैनर तले धौलपुर के लोगों ने धौलपुर के गांधी पार्क में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। उक्त सभा में दो मिनट का मौन धारण करके अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। इसके पश्चात दीपक जलाकर दिवंगत परिवारों और उनकी शहादत को स्मरण करते हुए इस अमानवीय कृत्य की भर्त्सना करते घोर निन्दा की। ऐडवोकेट प्रमोद कुमार शर्मा ने इस अमानवीय हृदय विदारक घटना कि निंदा करते हुए केंद्र सरकार से कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने अपील की। प्रमुख समाजसेवी मुकेश शर्मा, धौलपुर ड्रीम के गौरव गर्ग, संजय शर्मा, मूवीन अहमद फारुकी, जगदीशम इंटरनेशनल फाउंडेशन के प्रमुख डॉक्टर प्रकाशदीप तिवारी एवं प्रशासनिक अधिकारी अमर गोस्वामी ने इस आतंकवादी हमले की कठोर शब्दों में निंदा की,और सभी ने कहाँ की इस क्रूर और कायराना हरकत ने इंसानियत को शर्मशार किया है। धौलपुर के सभी नागरिकों ने राष्ट्र सर्वोपरि की भावना और देश में एकजुटता की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए दहशतगर्दों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की, ताकि भविष्य में ऐसी दर्दनाक और वीभत्स घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# मेवाड़ के प्रसिद्ध शनिधाम श्री शनिमहाराज आली में आयोजित कार्यक्रम का देर रात्रि तक मेलार्थियों ने लुत्फ उठाया





बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** उपखंड क्षेत्र में स्थित मेवाड़ के प्रसिद्ध तीर्थस्थल श्री शनिमहाराज आली के बैशाखी अमावस्या के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय मेले के द्वितीय दिवस रविवार रात्रि मेले के रंगमंच पर सुपर स्टार कलाकारा राणी रंगीली एंड पार्टी द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।जिसमे नृत्यकारा हंसा रंगीली,राखी रंगीली, डांसर रवीना, मुस्कान, भारती तथा हास्य कलाकार रमेश कुमार द्वारा मेलार्थियों का खूब मनोरंजन किया गया। श्री शनिमहाराज आली मंदिर प्रबंधकारिणी कमेटी के तत्वावधान में श्री शनिदेव के वार्षिक मेले में आयोजित भव्य भजन संध्या एवं राजस्थानी आर्केस्ट्रा कार्यक्रम में मेलार्थियों एवं श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ा तथा हजारों धर्मप्रेमियों की उपस्थिति में उक्त कार्यक्रम देर रात्रि तक संचालित हुआ।जिसमे रंगमंच पर भजन गायिका माया गुर्जर ने शनि देव के मेले जावा,शनिदेव के चांदी को छतर चढ़ाऊं ली आदि प्रख्यात भजन प्रस्तुत किए गए। इस दौरान राजस्थानी भजन गायक महेंद्र अलबेला ने राम अब कभी वनवास नहीं जाएंगे आदि भजनों से चहुंओर भक्तिमय माहौल का संचार किया। तीन दिवसीय भव्य धार्मिक मेले के द्वितीय दिवस भव्य भजन संध्या एवं राजस्थानी आर्केस्ट्रा कार्यक्रम का महेंद्र अलबेला द्वारा म्हारा कीर्तन में रंग बरसाओ रंग बरसाओ,आओ जी गजानंद आओ से शुभारंभ किया गया।इस दौरान राजस्थानी डांसर राणी रंगीली द्वारा रंगमंच पर प्रस्तुत नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।हास्य कलाकार रमेश एवं हंसा रंगीली ने अपनी हास्य प्रस्तुति से दर्शकों को हंसाकर लोटपोट कर दिया।यहां दिल्ली के छेनीलाल एंड ग्रुप की झांकियों ने मेलार्थियों को आकर्षित करते हुवे चहुंओर देशभक्ति एवं धार्मिक माहौल का संचार किया। मेले दूसरे दिन रविवार को श्रद्धालुओं एवं मेलार्थियों का हुजूम बढ़ता प्रतीत हुआ।जिसको लेकर श्री शनिमहाराज आली मंदिर प्रबंधकारिणी कमेटी द्वारा माकूल व्यवस्थाओं का प्रबंध किया गया।

जिससे श्रद्धालुओं को तीव्र गर्मी से राहत मिल सके।मेला ग्राउंड में लगे सैकड़ों विभिन्न प्रकार के प्रतिष्ठानों पर खरीददारी हेतु मेलार्थियों का हुजूम बना रहा। मेले की भव्यता के चलते पार्किंग स्थल से वाहनो का अंबार सड़क किनारे तक पहुंच गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस जाप्ता एवं मंदिर कमेटी द्वारा वॉलेंटियर्स तैनात किये गये।इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्रीय विधायक अर्जुनलाल जीनगर में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुवे आतंकी हमले में शहीद नागरिकों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर पूर्व विधायक बद्रीलाल जाट, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिनेश पाराशर, रतन नाथ योगी, विजय सिंह भादसोड़ा, अशोक पारलिया, सत्यनारायण शर्मा, जानकीदास, भागीरथ चंदेल, भेरूलाल जाट अकोला आदि अतिथि रूप में उपस्थित रहे।

मंचासिन अतिथियों का श्री शनिमहाराज मंदिर प्रबंधकारिणी कमेटी अध्यक्ष नरेंद्रपाल सिंह, सचिव कालू सिंह, मंत्री छगनलाल गुर्जर, कृष्णगोपाल शर्मा, सत्यनारायण जाट आदि कमेटी पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया।

यहां श्री शनिमहाराज आली तीर्थ स्थल पर आयोजित तीन दिवसीय भव्य धार्मिक मेले के अंतिम दिवस 28 अप्रैल सोमवार रात्रि मेले के रंगमंच पर पारंपरिक तुर्रा कलंगी दंगल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे आर्गेनाइजर ओंकारदास वैष्णव पंचदेवरा की अगुवाई में उस्मान घोसुंडा, भगवतीलाल चिकारड़ा, दुर्गेश लालपुरा, लादू सेन बरडोद, धीरज बीनोता, सत्तू चिकारड़ा, लोकेश गरदाना द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।



# जैन सोशल ग्रुप का शपथ ग्रहण समारोह एवं अवॉर्ड सेरेमनी कार्यक्रम संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** जैन सोशल ग्रुप की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह एक होटल में आयोजित किया गया। प्रोजेक्ट डायरेक्टर सुनील एकता पापड़ीवाल एवं डॉक्टर मोहित शिल्पा जैन ने बताया की जैन सोशल ग्रुप के वर्ष 2025- 27 की नई कार्यकारी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया जिसमें योगेश- निधि गंगवाल अध्यक्ष , दीक्षिता- रोबिन कासलीवाल सचिव , वैभव-सलोनी डगारिया कोषाध्यक्ष, सुरेंद्र- संगीता छाबड़ा उपाध्यक्ष एवं रवि-कनक गंगवाल सह सचिव, शिबू-अनूप सोगानी को प्रवक्ता, एकता-सुनील पापड़ीवाल प्रवक्ता (मीडिया) को पद के लिए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा ने शपथ दिलाई। कार्यक्रम के अध्यक्षता सभापति सरोज- अग्रवाल ने की। नॉर्दर्न रीजन के इंटरनेशनल डायरेक्टर महेंद्र सिंघवी द्वारा नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को पद स्थापित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष योगेंद्र-एकता कासलीवाल द्वारा उनके कार्यकाल में सभी सदस्यों का के द्वारा पूर्ण सहयोग देने के लिए धन्यवाद दिया गया एवं सभी सदस्यों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मंगलाचरण दीपांशी अजमेरा द्वारा प्रस्तुत किया गया। पूर्व सचिव सुरेंद्र- संगीता छाबड़ा द्वारा वर्ष 2023- 25 की प्रोजेक्ट रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।नव निर्वाचित अध्यक्ष द्वारा जैन सोशल ग्रुप के नए सदस्यों के रूप में निशांत- निकिता पाटौदी राहुल- स्वाति गंगवाल, भूपेंद्र- अनीता कासलीवाल, मनीष- राकेश शाह, गिरीश-हर्षिता शाहको जैन सोशल ग्रुप के नए सदस्यों के रूप में शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में समाज कल्याण अधिकारी अर्पित जैन, जेसीजीआईफ़ के पूर्व सचिव अनिल काला नॉर्दर्न रीजन के पूर्व उपाध्यक्ष इंजीनियर मनीष जैन, नॉर्दर्न रीजन उपाध्यक्ष सुधीर जी गंगवाल, नॉर्दर्न रीजन सचिव मनीष जी जैन, नॉर्दर्न रीजन कोषाध्यक्ष तरुण जी जैन, नॉर्दर्न रीजन पीआरओ प्रेमजी सिंघवी उपस्थित थे। वर्तमान अध्यक्ष योगेश गंगवाल द्वारा पूरे वर्ष पर्यंत चलने वाले सभी प्रोजेक्ट के बारे में बताया गया। सभी अतिथियों के साथ जेएसजी की नई कार्यकारिणी एवं सभी सदस्यों ने एक पौधा मां के नाम प्रोजेक्ट की शुरुआत की जिसमें सभी ने 1000 पौधे लगाने का संकल्प लिया और उसकी हमेशा देखभाल करने की जिम्मेदारी ली। जेएसजी के बच्चों के द्वारा धार्मिक संदेश हेतु बेहद सुंदर नाटिका प्रस्तुत की गई।

कार्यक्रम में सकल जैन समाज के अध्यक्ष संजय जी जैन, मंत्री महावीर जी धनोपिया, सरावगी समाज अध्यक्ष संतोष जी पाटनी, मंत्री योगेंद्र कासलीवाल, महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती चंद्रेश छाबड़ा मंत्री श्रीमती कनक पाटनी, जैन युवा संगठन अध्यक्ष रॉबिन कासलीवाल, मंत्री अभिषेक छाबड़ा व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### भाजपा की जिला स्तरीय विचार गोष्ठी आयोजित

# वक्फ संपत्तियों पर कांग्रेस नेताओं ने कब्जा किया, वक्फ संशोधन बिल गरीब मुसलमानों के लिए : कैलाश चौधरी

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी के निर्देशानुसार डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान और वक्फ सुधार जनजागरण अभियान के तहत जिला स्तरीय विचार गोष्ठी भाजपा कार्यालय पर आयोजित हुई। इसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हमीद मेवाती, सांसद दामोदर अग्रवाल, विधायक, महापौर व अन्य नेता मौजूद रहे। जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि कैलाश चौधरी ने वक्फ संशोधन बिल का समर्थन करते हुए कांग्रेस पर वक्फ संपत्तियों पर कब्जा करने का आरोप लगाया।



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि ये संपत्तियां गरीब मुसलमानों के लिए अस्पताल, स्कूल, कॉलेज व अन्य सुविधाओं के निर्माण में काम आएं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सिर्फ वोट बैंक की राजनीति कर रही है और जिनकी जमीन खिसक रही है, वही बिल का विरोध कर रहे हैं। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर पूरे समाज के नेता थे, जबकि कांग्रेस ने उन्हें केवल दलितों तक सीमित कर अपमानित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के कारण बाबा साहेब को भारत रत्न मिलने में 40 साल लगे, जिसे अटल बिहारी वाजपेयी के सहयोग से वीपी सिंह सरकार ने पूरा किया। अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हमीद मेवाती ने कहा कि वक्फ संशोधन बिल मुस्लिम समाज के जरूरतमंद वर्ग के हित में है और अल्पसंख्यक मोर्चा इसे लेकर जनजागरण करेगा। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद त्रिपाठी ने और आभार जिला मंत्री एवं अंबेडकर सम्मान अभियान संयोजक गोपाल तेली ने व्यक्त किया। गोष्ठी की शुरुआत में पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए जवानों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता पेंटर सूरज, जिला महामंत्री राजकुमार आंचलिया, बाबूलाल आचार्य, मंजू चेचाणी, सुरेंद्र सिंह मोटरास, रेखा अजमेरा, छैल बिहारी जोशी, अमरसिंह चौहान, शंकरलाल जाट, प्रतिभा माली, अंकुर बोरदिया, अजय नौलखा, अविनाश जीनगर, मनोज बुलानी, ललित अग्रवाल, पूरण डीडवानिया, इमरान कायमखानी, भगवत सिंह राठौड़, महेंद्र मीणा, कुलदीप शर्मा, आरती कोगटा, मीनाक्षी नाथ, रागिनी गुप्ता, इंदु बंसल, मीरा कराड, जगदीश बैरवा, रघु सालवी, महावीर मीणा हितेंद्र राजौरा भूपेंद्र सिंह बिलिया, योगेश त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं अनुसूचित जातिज जनजाति, मुस्लिम समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

# धर्मगुरुओं ने संभाली बाल विवाह की रोकथाम की कमान

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा और बाल विवाह की रोकथाम के लिए कार्यरत संगठन ग्रामराज्य विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान ने बाल विवाहों की रोकथाम के लिए धर्मगुरुओं के बीच चलाया जागरूकता अभियान ग्रामराज्य विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान संगठन के प्रोग्राम हेड मनीषा मीणा ने कहा, ज्योति शंकर शर्मा धर्मगुरुओं से मिला सहयोग व समर्थन अभिभूत करने वाला, इस अक्षय तृतीया जिले में नहीं होगा एक भी बाल विवाह, बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश में नागरिक समाज संगठनों के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन जेआरसी के बूंदी में सहयोगी संगठन ग्रामराज्य विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान की ओर से अक्षय तृतीया और शादी-ब्याह के मौसम को देखते हुए बाल विवाहों की रोकथाम के लिए विभिन्न धर्मों के विवाह संपन्न कराने वाले पुरोहितों के बीच चलाए जा रहे जागरूकता अभियान को व्यापक सफलता मिली है और सभी धर्मगुरुओं ने इसकी सराहना करते हुए समर्थन का हाथ बढ़ाया है। संगठन ने कहा कि यह देखते हुए कि कोई भी बाल विवाह किसी पंडित, मौलवी या पादरी जैसे पुरोहित पंडित के बिना संपन्न नहीं हो सकता, हमने



उन्हें बाल विवाह के खिलाफ अभियान से जोड़ने का फैसला किया। इसके सकारात्मक नतीजों को देखते हुए हम उम्मीद कर सकते हैं इस अक्षय तृतीया पर जिले में एक भी बाल विवाह नहीं होने पाएगा। आज जिले में तमाम मंदिरों-मस्जिदों के आगे ऐसे बोर्ड लगे हुए जिन पर स्पष्ट लिखा है कि यहां बाल विवाह की अनुमति नहीं है। गौरतलब है कि जेआरसी 2030 तक देश से बाल विवाह खत्म करने के मकसद से 'चाइल्ड मैरिज फ्री इंडिया' कैम्पेन चला रहा है। जेआरसी कानूनी हस्तक्षेपों के जरिए बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश के 416 जिलों में जमीन पर काम कर 250 से भी ज्यादा नागरिक संगठनों का नेटवर्क है जिसने पिछले वर्षों में दो लाख से ज्यादा बाल विवाह रुकवाए हैं और पांच करोड़ से ज्यादा लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई है।




# जे सी आई बूंदी ऊर्जा द्वारा महिला के टैलेंट को बढ़ावा देने के लिए महिला युगल 'स्टार जोड़ी' प्रतियोगिता का आयोजन किया

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** जेसीआई बूंदी ऊर्जा द्वारा स्थानीय रिसॉर्ट में महिला युगल के लिए एक रोमांचक 'स्टार जोड़ी' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अनूठी प्रतियोगिता में कई प्रतिभाशाली महिला जोड़ियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं की प्रतिभा को बाहर निकलने का एवं उनको आगे बढ़ाने का है। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के दीप प्रजनन एवं उमा महेश्वरी के गणेश वंदना के साथ हुई प्रतियोगिता में तीन मनोरंजक दौर शामिल थे: आकर्षक रैंप वॉक व रचनात्मक परिचय, अद्भुत टैलेंट वराउंड और प्रश्न-उत्तर सत्र जिसमें प्रतियोगियों ने बुद्धिमत्ता और आत्मविश्वास का परिचय दिया। प्रसिद्ध हस्तियों मिस राजस्थान दिव्या जैन और जॉन उपाध्यक्ष निशा जोशी ने निर्णायक के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने प्रत्येक जोड़ी के प्रदर्शन का बारीकी से मूल्यांकन किया और निष्पक्ष निर्णय दिया। अंत में, सभी प्रतिभागियों के शानदार प्रदर्शन के बाद, नेहा झंवर और नेहा जेथलिआ की जोड़ी को 'स्टार जोड़ी' के विनर खिताब से नवाजा गया। स्टार जोड़ी की रनर रही शोभा कासत एवं श्रुति बागला, इसी के अतिरिक्त पांच अन्य किताब से भी प्रतिभाओं को नवाजा गया उसमें मार्वलयस जोड़ी के दो खिताब अवनि माहेश्वरी, जयतिगर्ग, सिया राजानी, खुशबू राजानी, नच बलिए जोड़ी नेहा राठौर व ओजस्वी, ट्विनिंग वीनिंग जोड़ी रेणु कासट और निधि सोमानी , पावर पटाखा जोड़ी आश्वी तोतला और सानवी फलोड आदि टाइटस दिए गए उनकी प्रतिभा, समन्वय और आत्मविश्वास ने दर्शकों और जजों को समान रूप से प्रभावित किया। इसी के साथ जेसीआई बूंदी ऊर्जा का भी प्रतिभा राउंड रखा गया जिसमें खुशबू कोठारी को सर्वश्रेष्ठ स्टाइलिश मेंबर, नंदिनी विजय को स्माइलिंग मेंबर इसी के साथ स्टार मेंबर ऑफ़ जेसीआई बूंदी ऊर्जा अमीषा अरोड़ा को दिया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष अंशुल जैन ने सब का स्वागत किया सचिव अंकिता नुवाल ने सभी स्पॉन्सर्स का आभार प्रकट किया कोषाध्यक्ष कविता नुवाल सहित सभी पूर्व अध्यक्ष सोनल नुवाल, साधना न्याति, श्वेता भंडारी एवं जैसी बूंदी ऊर्जा के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थिति में हुई सफाई कर्मी की मौत परिवार ने लगाया हत्या का आरोप, मुकदमा दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** बजाज नगर थाना क्षेत्र में एक सफाईकर्मी की संदिग्ध परिस्थिति में मौत का मामला सामने आया है। जहां मृतक के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला जांच कर रही है। जांच अधिकारी एसआई रामकृपाल ने बताया कि मृतक नवरतन डागर (52) झालाना डूंगरी का रहने वाला था तथा जवाहर नगर स्थित एक बंगले में सफाई का काम करता था। 7 फरवरी की सुबह करीब 6 बजे काम पर जाने के बाद करीब 8 बजे वह सफाई कार्य पूरा कर बजाज नगर थाने की ओर निकला था। रास्ते में शराब के नशे में एक वर्कशॉप के बाहर गिर पड़ा। राह चलते एक छात्र ने उसकी हालत देखकर मदद करनी चाही।


# विश्व टीकाकरण सप्ताह के तहत जिले मे विशेष अभियान शुरू 30 अप्रैल तक चलेगा टीकाकरण महाअभियान

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा।** जिले में पूर्ण टीकाकरण कवरेज को सशक्त करने और संक्रामक बीमारियों से बच्चों की रक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विश्व टीकाकरण सप्ताह (24 से 30 अप्रैल, 2025) के तहत भीलवाड़ा जिले में विशेष टीकाकरण महाअभियान का आगाज हो गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सी. पी. गोस्वामी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान जिलेभर में टीकाकरण से वंचित पात्र बच्चों और लाभार्थियों को टीके लगाए जाएंगे। सीएमएचओ डॉ. गोस्वामी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा 24 अप्रैल को राष्ट्रीय स्तर पर खसरा-रूबैला उन्मूलन अभियान (2025-26) का शुभारंभ किया गया है। इसी के तहत भीलवाड़ा में भी सघन टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में शत प्रतिशत लक्ष्य अर्जित करने के लिए सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को अभियान में पूर्ण सक्रियता से भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। टीकाकरण से वंचित एक भी पात्र बच्चा न रहे, इसके लिए क्षेत्रवार टीमें गठित कर सघन निगरानी भी की जा रही है।

# महर्षि पाराशर का पूजन-अर्चन कर मनाया जन्मोत्सव, निकाली वाहन रैली





बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** शहर में सुभाष नगर, छोटी पुलिया स्थित पाराशर भवन पर महर्षि पाराशर जन्मोत्सव हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में पंडित विष्णु शास्त्री सहित अन्य विद्वान आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ महर्षि पाराशर जी की विधिवत पूजा-अर्चना की गई।

इसके बाद वाहन रैली निकाली गई, जो पाराशर भवन से प्रारंभ होकर परशुराम सर्किल, रेलवे स्टेशन, गोल प्याऊ चौराहा, सूचना केंद्र, भीमगंज थाना, श्री गेस्ट हाउस, रोडवेज बस स्टैंड होते हुए वापस पाराशर भवन पहुंची। रैली का विभिन्न स्थानों पर समाजजनों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। रैली को भवानीशंकर और उमेश पाराशर ने हरी झंडी दिखाई। वहीं वाहन रैली की व्यवस्था में दीपक व सोनू पाराशर (सांगानेर) एवं उनकी टीम का सक्रिय सहयोग रहा।

इसके बाद महर्षि पाराशर को 56 भोग समर्पित कर महाआरती की गई। छप्पन भोग की विशेष व्यवस्था महावीर मिश्रा, चंद्रप्रकाश, नरेंद्र कुमार, प्रकाश मुरलीधर, अशोक एवं मनमोहन एवं उनकी टीम द्वारा की गई। कार्यक्रम में महावीर मिश्रा एवं पवन पाराशर के सानिध्य में मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन भी रखा गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत बच्चों और महिलाओं के लिए कुर्सी रेस, जलेबी रेस और अन्य मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में समाज के प्रतिभाओं की उत्साहजनक भागीदारी रही। विजेताओं को समाजसेवी राजेंद्र पाराशर राजश्री द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी एवं संयोजक भवानी शंकर पाराशर ने समाज में सामूहिक विवाह जैसे आयोजनों की आवश्यकता पर बल दिया। अखिल भारतीय पाराशर समाज सेवा संस्थान के अध्यक्ष सुरेश पाराशर एवं आयोजन समिति के सदस्यों ने आभार व्यक्त किया। राहुल पाराशर, मनीष पाराशर, दीपक पाराशर एवं उनकी टीम ने भोजन व्यवस्था में सहयोग किया। कार्यक्रम का संचालन एवं व्यवस्था कृष्णगोपाल पाराशर कोटड़ी ने की।

मीडिया प्रभारी आशीष पाराशर ने बताया कि कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों जगदीश चंद्र, रमेश चंद्र, राधेश्याम, नाथूलाल, सत्यदेव, नानालाल, सत्यनारायण सहित युवा साथी ओमप्रकाश, लंकेश, आशीष पाराशर, अभिषेक पाराशर, लोकेश पाराशर, महेश मिश्रा, मनमोहन, चंद्रप्रकाश, श्याम पाराशर, रामबाबू (भगत), श्याम बाबू की भागीदारी रही।

इससे पहले, रविवार रात छोटी पुलिया स्थित पाराशर भवन में भजन संध्या हुई। भजन संध्या की शुरुआत मोनू पाराशर ने 'मेरे लाडले गणेश प्यारे प्यारे' गणेश वंदना से की। इसके बाद लखन पाराशर, मानसी पाराशर, पुष्कर और मोनू पाराशर के एक से बढ़कर एक भजनों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### अजमेर शांति समिति की बैठक आयोजित

# आपसी सौहार्द बनाए रखने में रहे सबका सहयोग : जिला कलक्टर



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** जिला शांति समिति की बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु ने की। जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने शांति समिति के सदस्यों के साथ वार्तालाप कर क्षेत्र की जानकारी ली। जिला कलक्टर लोक बन्धु ने कहा कि क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखना सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा क्षेत्र पर लगातार नजर रखी जा रही है। शांति समिति के सदस्य क्षेत्र की गतिविधियों की जानकारी रखते हैं। किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना स्थानीय पुलिस एवं प्रशासन को तत्परता के साथ उपलब्ध करानी चाहिए। सार्वजनिक एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर सावधानी रखी जाए। विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे कार्यशील रहने चाहिए। असामाजिक तत्वों की गतिविधि पर सीसीटीवी कैमरों से नजर रखी जा सकती है। उन्होंने कहा कि शांति समिति के सदस्य समाज में सकारात्मक वातावरण निर्माण करने में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करते है। कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह आवश्यक है। सोशल मीडिया पर कई प्रकार की प्रतिक्रियाएं आती है। उनमें से नियम विरूद्ध प्रतिक्रियाएं रोकी जानी चाहिए। सम्बन्धित व्यक्ति से समझाईश कर इन्हें प्लेटफॉर्म से हटाने की कोशिश करें। कानून एवं शान्ति व्यवस्था को बिगाड़ने वालों के विरूद्ध सख्ती के साथ विधिक कार्यवाही की जाएगी।

जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने कहा कि जिले में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। इसके लिए आमजन का सहयोग भी आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि सोशल मीडिया पर भड़काऊ एवं भ्रामक सामग्री साझा करने से बचें। किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए सभी को कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करना होगा। यदि कोई व्यक्ति शांति भंग करने का प्रयास करता है, तो पुलिस प्रशासन उसके विरुद्ध सख्त और न्यायसंगत कार्रवाई करेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य निभाना चाहिए। युवाओं को अपनी ऊर्जा सही दिशा में लगानी चाहिए।

किसी की भावनाओं एवं आस्थाओं पर ठेस पहुंचाने वाले के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जाएगी। असामाजिक तत्व सोशल मीडिया के माध्यम से भी अफवाह फैला सकते है। इससे बचने की आवश्यकता है। सोशल मीडिया से प्राप्त सूचना का सत्यापन प्रामाणिक स्त्रोतों से करने के उपरान्त ही उपयोग में लेना चाहिए।

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट गजेन्द्र सिंह राठौड़ द्वारा परशुराम जयन्ती के कार्यक्रमों के सम्बन्ध में चर्चा की गई। शांति समिति के सदस्यों ने इस दौरान विभिन्न सुझाव भी दिए। श्री कमल गंगवाल ने मुंह ढ़ककर वाहन चलाने वालों पर कार्यवाही करने की आवश्यकता बताई। इसी प्रकार तेज गति से वाहन चलाने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही की जाएगी।

# जलभराव की समस्या का होगा अंत, आमजन को मिलेगी राहत : वासुदेव देवनानी

### विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने किया वार्ड 5,6 में 2.14 करोड़ की लागत से नाला निर्माण का किया शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर (घनश्याम दास)।** विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने कहा कि अजमेर उत्तर क्षेत्र में बारिश के दिनों में जलभराव की समस्या का निराकरण करने के लिए युद्धस्तर पर काम चल रहा है। क्षेत्र में 40 करोड़ रूपये की लागत से नालों का निर्माण किया जा रहा है। नाला निर्माण, कच्चे नाले पक्के होने और पानी की निकासी का रूट निश्चित होने से विभिन्न क्षेत्रों में वर्षा एवं अन्य जल का भराव नहीं होगा। नाला निर्माण पूरा होने से क्षेत्र के कई हिस्सों को समस्या से मुक्ति मिलेगी। हजारों लोगों को इससे राहत मिलेगी। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोमवार को वार्ड 5,6 में 2.14 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले नाले के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर देवनानी ने कहा कि हर साल बारिश में अजमेर उत्तर क्षेत्र में जलभराव की समस्या आती है। इस समस्या के स्थायी निराकरण के लिए काम किया जा रहा है। राज्य सरकार की बजट घोषणा, नगर निगम एवं अजमेर विकास प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं के तहत अजमेर उत्तर क्षेत्र में 40 करोड़ रूपये की लागात से नालों का निर्माण किया जा रहा है। यह नाले अजमेर उत्तर क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में बनाए जा रहे है। इनके निर्माण से क्षेत्र को जलभराव से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने कहा कि अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र सशक्त, सुव्यवस्थित एवं आधुनिक शहर बनेगा। सरकार ने अजमेर को प्राथमिकता के साथ बजट उपलब्ध करवाया है। अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए सरकार संकल्पबद्ध है। इसके लिए सरकार ने गत दोनों बजटों में पर्याप्त महत्त्व दिया है। क्षेत्र में विकास की गंगा अनवरत बहती रहेगी।

विकास कार्य एक सतत चलने वाली प्रक्रिया है। सरकार की मन्शा स्थाई ढ़ांचागत निर्माण करने की है। शहर के ड्रेनेज सिस्टम तथा सड़क निर्माण के लिए करोड़ों रूपये की राशि उपलब्ध करवाना इन मन्शा को मूर्त रूप देने का द्यौतक है। प्रत्येक विकास कार्य के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध करवाया गया है। उन्होंने कहा कि आमजन से जुड़ी हुई सुविधाओं पर भी पूरा ध्यान दिया जा रहा है।

इसके लिए जेएलएन चिकित्सालय मे विधानसभा अध्यक्ष हेल्प डेस्क स्थापित की गई। इसके माध्यम से मरीजों तथा परिजनों की सहायता की जाती है। सप्ताह के सातों दिन चौबीस घण्टे हेल्प डेस्क से लगातार आमजन लाभान्वित हो रहे है। अल्प समय में ही 3 हजार से अधिक व्यक्तियों की सहायता की गई है। उन्होंने कहा कि जेएलएन चिकित्सालय एवं मेडिकल कॉलेज में नवीनतम तकनीक युक्त आधुनिक सुविधाओं से उपचार सुनिश्चित करने के लिए बजट में प्रावधान किया गया है। इसके भवन के लिए 50 करोड़ की राशि उपलब्ध कराई गई है।

इससे भवन का जीर्णोद्धार एवं उन्नयन होगा। इसी प्रकार विकास के विविध आयामों के माध्यम से आमजन का जीवन आसान बनाने की दिशा में आगे भी कार्य जारी रहेंगे।

इस अवसर पर पार्षद अजय वर्मा, सुल्तान सिंह, सुरेंद्र शर्मा, पंकज सिंह, अवतार किशन, वर्षा कंवर, सुरेश नवाल, दीपक शर्मा, महेंद्र सिंह बोराज, सीता राम शर्मा सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# पहलगाम आतंकी हमले पर मृतको के लिए की शोक सभा, महिला सेवा दल की कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

## पहलगाम हमले पर गुस्साए लोग आतंकियों के खिलाफ प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों की कायराना हरकत के बाद निर्दोष पर्यटकों पर फायरिंग कर हत्या को लेकर पूरे देश में आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। इसी क्रम में आज राजसमंद महिला सेवा दल जिला अध्यक्ष उषा विजयवर्गीय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने तपती धूप में 100 फीट रोड स्थित अमर जवान ज्योति परिसर पहुंचकर मृतकों के की सद्गति के लिए प्रार्थना की और पुष्पांजलि अर्पित की।सेवा दल महिला संगठन द्वारा पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए पर्यटकों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। उन्होंने एक स्वर मे कहा की जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले में निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या से समस्त देशवासियों का हृदय द्रवित है। सेवादल महिलाओं के द्वारा आतंकवाद के खिलाफ रोष प्रकट किया गया।केलवा पहलगाम नरसंहार के आतंकी हमले को लेकर एक और जहां पूरा देश में आक्रोश व्याप्त है वहीं आतंकी हमले में मारे गए लोगों को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई आतंकी हमले के विरोध में रविवार को कस्बे के व्यापारियों व विभिन्न मंडल और संगठनों के साथ आम लोगों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए आतंकियों के पुतले फूंक का प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भेजा आतंकी घटना के विरोध में लोगों ने विरोध में रैली निकाली नारेबाजी की धोली बावड़ी, सदर बाजार,चादणा की खाली,होते हुए सूरजपोल बस स्टैंड पर विरोध जताया वही पुराने बस स्टैंड पर आतंकियों का पुतला जलाया गया ज्ञापन में घटना को धार्मिक नरसंहार करार देते हुए इसे संयुक्त राष्ट्र में प्रस्तुत करने एवं पाकिस्तान के सैन्य प्रमुख के उग्रवादी बयानों अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उजागर करने का घटना की स्वतंत्र जांच करने की मांग की हमले में मारे गए लोगों को शहीद का दर्जा देने में परिजनों को सरकारी सहायता देने आतंक प्रभावित क्षेत्र में विशेष हिंदू सुरक्षा प्रकोष्ठ के गठन की मांग की है।



हिन्दू समाज का अत्यंत वेदना क्रोध और राष्ट्रीय स्वाभिमान के साथ ज्ञापन सर्व हिन्दू समाज केलवा द्वारा थानाधिकारी को गांव में निवास कर रहे बाहरी व्यक्तियों एवं परिवारों के बारे में जांच गांव में विगत कुछ वर्षों से बिना पूर्व सूचना के कई व्यक्ति एवं परिवार निवास कर रहे है। इनके आगमन एवं उद्देश्य की स्पष्ट जानकारी गांववासियों को नहीं है, जिससे गांव में सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था को लेकर चिंता का माहौल है बाहरी व्यक्तियों एवं परिवारों की पहचान व सत्यापन हेतु आवश्यक पुलिस जांच करवाई जाए, दस्तावेज फर्जी होने का अंदेशा है.इस समय देश के बिगडते माहौल को देखते हुए हमारे गांव की सुरक्षा एवं जानकारी हेतु संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान हो सके एवं समय पूर्व कार्यवाही हो जिससे गांव की सुरक्षा, शांति बनी रहे। का ज्ञापन दिया गया।

# रहमानिया आम मुस्लिम समाज का पहला नि:शुल्क इज्तेमाई शादी सम्मेलन सफलता के साथ सम्पन्न



निवाई, (फरीद मोहम्मद)।



रविवार को रहमानिया आम मुस्लिम समाज द्वारा आयोजित पहले नि:शुल्क इज्तेमाई शादी सम्मेलन में शहर के कई जोड़ों ने शादी के बंधन में बंधकर एक नई शुरुआत की। इस अवसर पर 11 जोड़ों का निकाह हुआ, जिसे शहर के प्रसिद्ध काजी मौलाना सलीम नबी साहब ने पढ़ाया और सभी दुल्हा-दुल्हन को दुआओं से नवाजा। समारोह का आयोजन निवाई के विभिन्न इलाकों से दूल्हा-दुल्हन की जोड़ी को शामिल करने के लिए किया गया था और यह कार्यक्रम पूरी तरह से सफल रहा। सम्मेलन में निवाई की जनता ने अपनी तरफ से तन, मन, और धन से योगदान दिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में शादी के लिए आर्थिक मदद और सामाजिक समर्थन प्रदान करना था। इस ऐतिहासिक आयोजन में रहमानिया आम मुस्लिम समाज के विभिन्न प्रमुख सदस्य शामिल हुए, जिनमें सदर रईस भाई देशवाली, कल्लू भाई मंसूरी, मुर्तुजा भाई देशवाली, अज्जू भाई कुरेशी, पार्षद अल्लाह रखा देशवाली, शकील भाई लोहार, पप्पू भाई देशवाली, वकील भाई कुरेशी, तनवीर भाई कुरेशी, रहीम भाई देशवाली, शाहिद भाई कुरेशी, बूंदी भाई मंसूरी, शरीफ भाई करियर, और राजू भाई मलावत शामिल थे।

इस सम्मेलन को सफल बनाने में निवाई के हर एक व्यक्ति का योगदान रहा, और यह आयोजन निवाई शहर के लोगों के सामूहिक प्रयासों से आयोजित हुआ।

# 'बाल विवाह एक अभिशाप' बाल विवाह के दंश में फंस रहा बचपन : अनिल कुमार बिश्नोई

## 'ऑपरेशन लाडली' के तहत पुलिस प्रशासन देवगढ़ और करियर महिला मंडल देवगढ़ द्वारा हुई कार्यशाला



बढ़ता राजस्थान

राजसमंद। राजस्थान में अक्षय तृतीया के अबूझ सावे पर होने वाले बाल विवाह की रोकथाम को लेकर पुलिस ने कमर कसी है । राजस्थान पुलिस प्रदेश में बाल विवाह रोकने के लिए एक खास अभियान चला रही है । जिसे ऑपरेशन लाडली नाम दिया गया है । देवगढ़ नगर में गुरुवार को पूनम मीणा अध्यक्ष, तालुका विधिक सेवा समिति देवगढ़ निर्देशानुसार बाल विवाह पर पुलिस प्रशासन देवगढ़ और करियर महिला मंडल देवगढ़ द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवगढ़ थाना अधिकारी अनिल कुमार बिश्नोई , एएसआई खेमराज पैनल अधिवक्ता चंदा तिवारी, विशिष्ट अतिथि पार्षद आरती कच्छावा, शिल्पा सेन, सीमा वैष्णव, किरण गोस्वामी, अधिकार मित्र विजयलक्ष्मी धाभाई और कार्यक्रम की अध्यक्षता तालुका विधिक सेवा समिति की सदस्य भावना पालीवाल ने की । थाना अधिकारी अनिल कुमार विश्नोई ने बताया बाल विवाह ऐसी बेड़ी है जिसके दंश में बचपन फंसता जा रहा है । इस कुप्रथा की रोकथाम के लिए राजस्थान पांच दिवसीय विशेष अभियान 'ऑपरेशन लाडली' चला रही है । जिसमें लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ कानून की अवहेलना करने वाले व्यक्तियों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी . फेरे करवाने वाले पंडित, टेंट वाले, बैंड-घोड़ी वालों और हलवाइयों को भी पाबंद किया जाएगा कि वे बाल विवाह की सूचना तुरंत पुलिस को दें । ऐसा नहीं करने पर उनके विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी । सूचना देने वालों को प्रोत्साहन के साथ मजबूत सुरक्षा तंत्र उपलब्ध करवाया जाएगा ।

कार्यक्रम को पैनल अधिवक्ता चंदा तिवारी ने संबोधित करते हुए कहा की बाल-विवाह से वर-वधू का भविष्य अन्धकारमय बन जाता है। इससे समाज में कई विकृतियाँ आ जाती हैं अत: इस कप्रथा का निवारण अपेक्षित है, तभी समाज को इस अभिशाप से मुक्त कराया जा सकता है। तालुका विधिक सेवा समिति की सदस्य पालीवाल ने छोटी सी उमर, परणाई ओ बाबोसा, काई थारो करयो म्हे कसू गीत से सभी का बाल विवाह से होने वाले दर्द के बारे में बताया । कार्यक्रम को एएसआई खेमराज, पार्षद आरती कच्छावा और शिल्पा सेन ने भी संबोधित किया ।

# विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने दी परशुराम जयंती की शुभकामनाएं



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने भगवान परशुराम की जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम का जीवन सत्य, धर्म और न्याय का प्रतीक है। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनका आदर्श हमें समाज में नैतिकता और न्याय की स्थापना की प्रेरणा देता है। देवनानी ने सोमवार शाम को परशुराम सर्किल पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीपदान किया. उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम ने समाज में व्याप्त अनीति का विरोध करते हुए धर्म की रक्षा की। उनका साहस और कर्तव्यपरायणता हमारे लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। हमें उनके आदर्शों को अपनाकर समाज में शांति, समृद्धि और सद्भावना स्थापित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम एक महान योद्धा एवं विचारक थे। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि जब भी समाज में अन्याय और अत्याचार फैलते हैं, तब उसे समाप्त करने के लिए हमें अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए।

**संस्कारों और धर्म का पालन करें :** देवनानी ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे भगवान परशुराम के जीवन से प्रेरणा लें और समाज में सत्य, धर्म और शांति को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा कि इस दिन को हम सभी को एक नए संकल्प के साथ मनाना चाहिएए ताकि हम समाज में भलाई के कामों को बढ़ावा दे सकें और हर स्तर पर समानता और भाईचारे की भावना को सशक्त बना सकें।

**समाज के हर वर्ग में परशुराम का आदर्श प्रासंगिक :** विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि भगवान परशुराम के आदर्श समाज के हर वर्ग के लिए प्रासंगिक है। उनका जीवन हमें प्रेरित करता है कि समाज में न्याय, सम्मान और समानता की स्थापना होनी चाहिए। उनके सिद्धांतों को मानते हुए हम सभी को अपने दायित्वों को समझकर समाज की सेवा करनी चाहिए। देवनानी ने सभी को भगवान परशुराम की जयंती की शुभकामनाएं दीं।

# मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (इक़बाल अहमद)।** मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान के तहत ग्राम पंचायत भाटोलाव में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण उपखण्ड अधिकारी गुरु प्रसाद सरवाड़ द्वारा किया गया। गोपाल लाल धाकड़ ने बताया कि नाडी निर्माण आगामी मानसून को देखते हुए पानी को संग्रहण करने हेतु नाडी का निर्माण किया जा रहा है जो कार्य प्रगति शील है। चारागाह विकास चारागाह विकास में चरागाह को हरा भरा रखने के लिए पौधारोपण एवं उद्यानिकी के लिये विकास कार्य किये जा रहे है आदि विकास कार्यों का निरीक्षण किया गया सभी कार्य प्रगतिशील पाए गए निरीक्षण के दौरान ग्राम विकास अधिकारी मीना चौधरी कनिष्ठ तकनीकी सहायक सुनील कुमार गृह रक्षा दल सदस्य बुद्धि प्रकाश मीणा सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## जहाजपुर में विदेशी नागरिकों की तलाश, पुलिस की बड़ी कार्रवाई, दस्तावेजों की सख्त जांच

बढता राजस्थान

भीलवाड़ा (के.एम. कुरेशी)। विदेशी नागरिकों की अवैध मौजूदगी की आशंका को लेकर जहाजपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए क्षेत्र के ज्वैलर्स प्रतिष्ठानों, ईंट भट्ठ‍े पर काम करने वाले कर्मचारियों की गहन जांच-पड़ताल की. इस दौरान 20 से 25 कर्मचारियों को थाने बुलाया गया और उनके दस्तावेजों की बारीकी से जांच की गई.थानाधिकारी राजकुमार नायक ने बताया कि महाराष्ट्र एवं बंगाल सहित अन्य राज्यों व जिलों के व्यक्तियों का भौतिक सत्यापन भी किया गया. जांच के दौरान दस्तावेजों की जांच के साथ-साथ उनकी वर्तमान स्थिति का भी अवलोकन किया गया। नायक ने कहा कि यदि दस्तावेजों या सत्यापन में किसी प्रकार की गड़बड़ी पाई जाती है तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। थानाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रारंभिक जांच में जहाजपुर थाना क्षेत्र में किसी भी विदेशी नागरिक की मौजूदगी की पुष्टि नहीं हुई है. पुलिस का कहना है कि भविष्य में भी इसी प्रकार सतर्कता बरती जाएगी और संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई से व्यापारिक प्रतिष्ठानों में भी सतर्कता का माहौल देखा गया। थानाधिकारी ने सभी प्रतिष्ठान संचालकों से अपील की कि वे अपने यहां कार्यरत कर्मचारियों के वैध दस्तावेजों की जांच समय-समय पर करते रहें, ताकि किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से बचा जा सके।

## भिनाय कस्बे में पहलगाम आतंकी नरसंहार को लेकर आज शाम को, श्रृद्धांजलि सभा व मसाल जुलूस

बढ़ता राजस्थान

अजमेर (घनश्याम दास)। अजमेर जिले के भिनाय उपखंड मुख्यालय पर सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में स्थानीय कस्बे में आज पहलगाम आतंकी नरसंहार को लेकर शाम को 7 बजे श्रृद्धांजलि सभा व मसाल जुलूस का आयोजन रखा गया है। स्थानीय मुख्य महावीर बाजार में आज शाम को 7 बजे श्रृद्धांजलि सभा होगी। तत्पश्चात महावीर बाजार से बस स्टैंड तक मसाल जुलूस निकालकर पाकिस्तान ओर आतंकियों के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा।

## जिला न्यायाधीश दीक्षित ने जिला कारागृह निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) सवाई माधोपुर देवेन्द्र दीक्षित द्वारा सोमवार को जिला कारागृह सवाई माधोपुर का मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष देवेन्द्र दीक्षित द्वारा कारागृह परिसर की साफ-सफाई, बैरकों की साफ-सफाई आदि के बारे में जांच की गई। देवेन्द्र दीक्षित द्वारा मौके पर उपस्थित जेलर महावीर प्रसाद मीना से कारागृह में बंदियों की कुल संख्या, नए प्रवेश करने वाले बंदियों के नाम एवं पता, बंदियों को प्रदान की जाने वाली भोजन, पेयजल एवं चिकित्सकीय सुविधाओं आदि के संबंध में पूछताछ की गई तथा बंदियों से वार्ता कर उनके मुकदमों, संबंधित थानों, न्यायालयों, परिजनों से बातचीत के समय, अपने मुकदमों की पैरवी हेतु अधिवक्ता की उपलब्धता आदि के संबंध में पूछताछ की गई।

# बच्चों के आपसी कॉम्पटीशन को कैसे कम करें?

## इसके नुकसान और रोकने के तरीके

भाई-बहनों में आपसी प्रतिस्पर्धा अकसर देखने को मिल जाती है। वैसे थोड़ी बहुत कॉम्पटीशन (प्रतिस्पर्धा) भावना में कुछ गलत नहीं। जैसे पढ़ाई लिखाई में या खेल में प्रतिस्पर्धा। यहां तक कि कभी-कभी छोटी-छोटी बातें जैसे कि खाने, उठने-बैठने के तरीके आदि में भी अक्सर यह प्रतिस्पर्धा दिखती है। लेकिन जब यह बढ़ जाये तो नुकसानदायक हो सकती है। दरु इन प्रतियोगिताओं की वजह से उनके बीच कभी-कभी भयंकर लड़ाई भी हो जाती है। उस समय पेरेंट्स उन्हें कितना ही क्यों न समझा लें, लेकिन वह अपने को दूसरे से श्रेष्ठ साबित कर,उसे नीचा दिखाना बंद नहीं करते। इसलिए इन झगड़ों और इस प्रतियोगिता की भावना को कम करना काफी जरूरी है।



### उन्हें स्पष्टता के बारे में सिखाएं

अपने बच्चों को चीजों को स्पष्ट करना सिखाएं। उन्हें यह पता होना चाहिए कि अगर उनके भाई या बहन पढ़ाई में उनसे कमजोर हैं तो यह उनकी कमजोरी नहीं है बल्कि हो सकता है वह खेल कूद आदि में तेज हों। इसलिए किसी एक चीज को लेकर उनकी तुलना एक दूसरे से न करें। बल्कि उनकी एक कमजोरी के बदले दूसरी खूबी ढूंढें। ताकि वह एक दूसरे की कमजोरी में उनका साथ दे पाएं।

### बाउंड्री सेट करें

थोड़ा बहुत मस्ती मजाक हर भाई बहन करते हैं और अगर कभी कभार वह मस्ती करते समय एक दूसरे की टांग खींच लेते हैं तो इसमें कोई बुराई नहीं है। लेकिन उन्हें उनकी सीमा का पता होना चाहिए। उन्हें बताएं कि मजाक इतना ज्यादा भी नहीं होना चाहिए कि उससे दूसरे बच्चे की भावनाओं को ठेस पहुंचे। अगर दूसरा बच्चा मजाक में रो रहा है या उसे बुरा महसूस हुआ है तो ऐसी गलती या मजाक दोबारा न करने को कहें और इसे एक सबक की तरह प्रयोग करना सिखाएं।

### उनकी एक दूसरे से तुलना न करें

बच्चे जैसा देखते और महसूस करते हैं वैसा ही वह व्यवहार करने लगते हैं। इसलिए सबसे पहले आपको खुद में यह बदलाव करना होगा कि आप उन्हें एक दूसरे से कंपेयर न करें। अगर आप उन्हें यह समझाएंगे कि वह एक दूसरे से किसी चीज में अच्छे या बुरे हैं तो वह हमेशा एक दूसरे के लिए नीचा दिखाने वाला और लड़ाई की भावना वाला भाव रखेंगे। इसलिए हमेशा केवल उनकी तारीफ करें लेकिन एक दूसरे से उनकी तुलना न करें।

### उनकी भावनाओं को समझें

बच्चा अपने आप को दूसरे से श्रेष्ठ तब दिखाता है जब उसे यह महसूस हो कि माता पिता उसकी भावनाओं की कदर नहीं कर रहे हैं या जब उन्हें यह महसूस होता है कि उनकी पूरे परिवार में कोई वैल्यू ही नहीं है। ऐसी स्थिति को अवॉइड करने के लिए उनके मन में क्या चल रहा है इस बारे में बात करें। अगर आपको लगता है कि आप दोनों बच्चों में एक जैसा व्यवहार नहीं कर रहे हैं तो इस बात पर गौर करें।

### दोनों बच्चों की खूबियां गिनवाएं



एक बच्चे को उसकी खामी की वजह से गलत शब्दों का प्रयोग करने की बजाए उसे उसके अंदर छुपी खूबी के लिए शाबाशी दें। हो सकता है किसी दिन दोनों बच्चों में से एक बच्चे के अच्छे नंबर नहीं आए हों, तो इस स्थिति में अच्छे नंबर लाने वाले बच्चे की प्रशंसा करने के साथ साथ दूसरे बच्चे की कमी न निकालें बल्कि उसे भी उसकी किसी पिछली उपलब्धियों के बारे में शाबाशी दें।

# वजन बढ़ाने के लिए रोज नाश्ते में खाएं प्रोटीन से भरपूर ये फूड्स, मिलेगी ताकत और एनर्जी

प्रोटीन हमारे शरीर के लिए बहुत जरूरी होता है। प्रोटीन से ही पूरा शरीर डेवलप होता है। बाल, त्वचा, आंखें, मसल्स सभी को प्रोटीन की जरूरत होती है। प्रोटीन सेल्स को रिपेयर करता है और नई कोशिकाओं के निर्माण में भी मदद करता है। प्रोटीन शरीर को मजबूत, ताकतवर बनाने में मदद करता है। इसलिए सभी लोगों को अपनी डाइट में प्रोटीन शामिल करने की सलाह दी जाती है।

**अंडा :** अंडा प्रोटीन से भरपूर होता है। एक बड़े अंडे में करीब 6.5 ग्राम प्रोटीन पाया जाता है। ऐसे में अगर आप वजन बढ़ाना चाहते हैं, तो अंडे को अपनी हाई प्रोटीन ब्रेकफास्ट डाइट में शामिल कर सकते हैं। वजन बढ़ाने के लिए आपको अंडे का येलो और व्हाइट दोनों पार्ट खाने चाहिए। क्योंकि सफेद हिस्से में प्रोटीन होता है, वहीं पीले हिस्से में कैलोरी और हेल्दी फैट पाया जाता है। रोजाना नाश्ते में 1-2 अंडे खाने से आपका वजन धीरे-धीरे बढ़ सकता है। इसके अलावा अंडा विटामिन्स, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट्स का भी अच्छा सोर्स होता है।

**बादाम :** बादाम एक ड्राई फ्रूट है, जो पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसमें




फाइबर, विटामिन ई, मैग्नीशियम और पोटेशियम पाया जाता है। इसके अलावा बादाम प्रोटीन का भी बेहद अच्छा सोर्स होता है। 28 ग्राम बादाम में करीब 6 ग्राम प्रोटीन होता है। इसलिए अगर आप वजन या मसल्स बढ़ाना चाहते हैं, तो अपनी ब्रेकफास्ट डाइट में बादाम को शामिल करना शुरू कर दें। इसके लिए आप रात को 8-10 बादाम भिगोकर रख दें। सुबह इनका छिलका निकालकर खा लें। रोजाना बादाम खाने से आपको वेट गेन में मदद मिल सकती है।

**कॉटेज चीज :** कॉटेज चीज एक प्रकार का चीज है, जिसमें फैट और कैलोरी कम होती है लेकिन प्रोटीन अधिक होता है। इसके अलावा कॉटेज चीज में कैल्शियम, फास्फोरस, सेलेनियम, विटामिन बी 12 और राइबोफ्लेविन जैसे पोषक तत्व भी पाए जाते हैं। हाई प्रोटीन ब्रेकफास्ट डाइट में आप कॉटेज चीज को शामिल कर सकते हैं। 17 ग्राम कॉटेज चीज में लगभग 3.96 ग्राम प्रोटीन पाया जाता है। अपनी रेगुलर डाइट में कॉटेज चीज शामिल करके वजन को धीरे-धीरे बढ़ाया जा सकता है।

**दूध :** दूध में लगभग हर पोषक तत्व होता है, जिसकी शरीर को जरूरत होती है। दूध में कैल्शियम, विटामिन बी12 और प्रोटीन काफी अधिक मात्रा में पाए जाते हैं। रोजाना नाश्ते में दूध पीने से वेट गेन में मदद मिल सकती है। इसके लिए आप दूध में केला या ड्राई फ्रूट्स आदि मिला सकते हैं। लेकिन अगर आपको दूध से एलर्जी है, तो आप काजू, बादाम या फिर नारियल का दूध पी सकते हैं।

**पीनट बटर :** पीनट बटर में प्रोटीन, फोलेट, मैग्नीशियम, विटामिन ई जैसे पोषक तत्व काफी अधिक मात्रा में पाए जाते हैं। 28 ग्राम पीनट बटर में लगभग 7.30 ग्राम प्रोटीन पाया जाता है। इसलिए अगर आप वजन बढ़ाना चाहते हैं, तो अपने हाई प्रोटीन ब्रेकफास्ट डाइट में पीनट बटर को जरूर शामिल करें। आप पीनट बटर को ब्राउन ब्रेड या सैंडवच आदि पर लगाकर खा सकते हैं। नियमित रूप से पीनट बटर खाने से आपको वेट गेन में काफी मदद मिल सकती है।

# विटामिन ई से भरपूर होती हैं ये फल और सब्जियां, रोजाना करें सेवन

विटामिन ई स्वास्थ्य के लिए काफी हेल्दी मानी जाती है। यह मुख्य रूप से आपकी स्किन और बालों के लिए लाभकारी होती है। इसके साथ ही विटामिन ई से हड्डियां और टिश्यूज का विकास बेहतर तरीके से किया जा सकता है। विटामिन ई एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट्स है, जो हमारी कोशिकाओं को फ्री-रेडिकल्स से बचाव करने में मददगार हो सकता है। नियमित रूप से आहार में विटामिन ई को शामिल करने से मोटापा कंट्रोल हो सकता है। साथ ही यह झड़ते और बेजान बालों की परेशानी कम कर सकता है। अक्सर हम विटामिन ई की कमी को कम करने के लिए कैप्सूल का सेवन करते हैं लेकिन हमारे आसपास कई ऐसी फल और सब्जियां हैं जिससे विटामिन ई की कमी को पूरा किया जा सकता है।

**एवोकाडो में है विटामिन ई :** एवोकाडो विटामिन ई का काफी अच्छा स्त्रोत होता है। यह एक ऐसा फल है, जिसे आप कई तरीकों से खा सकते हैं। साथ ही स्किन पर भी लगा सकते हैं। अगर आपके शरीर में विटामिन ई की कमी है तो इसे नियमित रूप से अपने आहार में शामिल करें। इससे आपको काफी लाभ मिलेगा। एवोकाडो को छिलकर और इसके बीच निकालकर खाए जाते हैं। इसके अलावा सैंडविच और स्मूदी भी इससे तैयार किया जा सकता है, जो आपके स्वास्थ्य के लिए हेल्दी हो सकता है।

**पालक विटामिन ई से है भरपूर :** हरी सब्जियों की बात कि जाए तो पालक विटामिन ई का काफी अच्छा स्त्रोत होता है। इसमें कई तरह के अन्य पोषक तत्व पाए जाते हैं जो आपके समग्र स्वास्थ्य के लिए हेल्दी होते हैं। इसके साथ ही पालक में प्रोटीन, कैल्शियम और मैग्नीशियम भरपूर रूप से मौजूद होती हैं जो आपको हेल्दी रखने में असरदार है।

**कीवी का करें सेवन :** शरीर में विटामिन ई की कमी होने पर कीवी का सेवन करें। यह



विटामिन सी का भी काफी अच्छा स्त्रोत होता है, जो आपकी इम्यूनिटी को बूस्ट कर सकता है। इसके अलावा कीवी का सेवन करने से शरीर में प्लेटलेट्स के स्तर को बढ़ा सकते हैं। इसका सेवन आप सीधेतौर पर कर सकते हैं। इसके अलावा कीवी का जूस और स्मूदी भी काफी स्वादिष्ट होता है। कई लोग कीवी से आइसक्रीम भी तैयार करके खाते हैं।

**विटामिन ई से भरपूर है ब्रोकली :** ब्रोकली विटामिन ई का काफी अच्छा स्त्रोत होता है। हालांकि, अन्य फूड्स की तुलना में इसमें थोड़ा कम विटामिन ई होता है, लेकिन इसमें अन्य पोषक तत्व भी होते हैं जो स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हो सकता है। ब्रोकली का सेवन आप सब्जी तैयार करके खा सकते हैं। इसके अलावा इसका सूप भी आपके लिए फायदेमंद हो सकता है।

**टमाटर है विटामिन ई से भरपूर :** विटामिन सी से भरपूर टमाटर भी विटामिन ई का अच्छा स्त्रोत होता है। इसके सेवन से आपके शरीर को विटामिन ई के साथ-साथ विटामिन-ए और लायसोपीन नामक एंटीऑक्सीडेंट प्राप्त होता है। इसका इस्तेमाल आप खाने का स्वाद बढ़ाने के लिए कर सकते हैं। साथ ही टमाटर का सेवन आप सूप और जूस के रूप में भी कर सकते हैं।

# जीरा, अजवाइन, सौंफ और दालचीनी का पानी पीने से मिलते हैं ये फायदे

खराब जीवनशैली और असंतुलित खानपान की वजह से आज के समय में मोटापे की समस्या, डायबिटीज और ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियों से पीड़ित लोगों की संख्या बढ़ रही है। मोटापा कई तरह की बीमारियों का कारण भी माना जाता है। इन समस्याओं से बचने के लिए डाइट का विशेष ध्यान रखना चाहिए। मोटापे को कम करने और डायबिटीज, ब्लड प्रेशर जैसी लाइफस्टाइल डिजीज के खतरे को कम करने के लिए डिटॉक्स ड्रिंक्स का सेवन बहुत फायदेमंद माना जाता है। वजन कम करने के लिए जीरा, अजवाइन, सिंफ और दालचीनी से बना पानी पीना बहुत फायदेमंद होता है। इस मिश्रण का सेवन करने से आपको एंटी-ऑक्सीडेंट गुणों के साथ-साथ फाइबर, प्रोटीन, आयरन, पोटैशियम और कैल्शियम जैसे गुण पाए जाते हैं। इस ड्रिंक में विटामिन सी की पर्याप्त मात्रा होती है, जो शरीर की इम्यूनिटी बढ़ाने में बहुत उपयोगी होती है।



**वजन कम करने के लिए जीरा, अजवाइन, सौंफ और दालचीनी का पानी :** पाचन तंत्र को मजबूत बनाने, शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और बीमारियों के खतरे को कम करने के लिए जीरा, अजवाइन, सौंफ और दालचीनी से बने इस ड्रिंक का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। इसका सेवन करने से आपको गैस्ट्रिक समस्याओं से मुक्ति मिलती है और शरीर का चयापचय भी दुरुस्त रहता है।

### जीरा, अजवाइन, सौंफ और दालचीनी के फायदे

- इस डिटॉक्स ड्रिंक में फाइबर, आयरन और कैल्शियम जैसे पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हैं। इसका सेवन करने से आपके शरीर में कमजोरी या पोषक तत्वों की कमी नहीं होती है और वजन तेजी से कम होता है।
- जीरा, अजवाइन, सौंफ और दालचीनी के पानी का सेवन करने से आपको बार-बार भूख नहीं लगती है और आप संतुलित मात्रा में भोजन कर पाते हैं। इसका सुबह के समय सेवन करने से वजन कम करने में फायदा मिलेगा।
- पेट से जुड़ी परेशानियां जैसे अपच और कब्ज की समस्या या पेट में गैस बनने की समस्या में भी जीरा, अजवाइन, सौंफ और दालचीनी के पानी का सेवन फायदेमंद होता है।
- शरीर में ब्लड शुगर के स्तर को कंट्रोल में रखने के लिए भी इस ड्रिंक का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। डायबिटीज के मरीज वजन कम करने के लिए इस ड्रिंक का रोजाना सेवन कर सकते हैं।

# खजूर से बना गुड़ सेहत के लिए होता है बहुत फायदेमंद

खजूर का गुड़ सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। इसको खाने से शरीर स्वस्थ रहता है। गन्ने से गुड़ बनने के बारे में, तो आपने हजारों बार सुना होगा। लेकिन खजूर से बनने वाला गुड़ भी शरीर को हेल्दी रखने में मदद करता है। खजूर का गुड़ कई पोषक तत्वों से भरपूर होता हैं। इसे खाने से शरीर को गर्माहट मिलती है। खजूर के गुड़ में प्रोटीन, आयरन, फाइबर और विटमिन बी1 आदि पाया जाता हैं। इसे खाने से शरीर में आयरन की कमी नहीं होती। खजूर का गुड़ खजूर के रस से तैयार किया जाता है। इसे नियमित खाने से इम्यूनिटी भी मजबूत होती है।

**सर्दी जुकाम से राहत देता है :** खजूर का गुड़ सर्दी जुकाम से राहत देने में मदद करता है। ये गुड़ मौसमी बीमारियों से भी शरीर की रक्षा करता है। खजूर गुड़ की तासीर गर्म होती है इसलिए ये शरीर में गर्माहट पहुंचाकर सर्दी जुकाम को ठीक करता है। खजूर का गुड़ सीने में जमा कफ से भी राहत देता है। खजूर के गुड़ का काढा बनाकर पिया जा सकता है।

**डायबिटीज :** डायबिटीज के मरीजों का हर चीज बड़ी सोच समझकर खानी पड़ती है। डायबिटीज के मरीजों को अपनी डाइट का काफी ख्याल रखना पड़ता है। ऐसे में खजूर का गुड़ डायबिटीज के मरीज आसानी से खा सकते है। लेकिन ध्यान दें डायबिटीज के मरीज इसका सेवन सीमित मात्रा में ही करें।

**थकान दूर करने में मददगार :** खजूर का गुड़ थकान को दूर करता है। अगर आप थका महसूस कर रहे है, तो एक टुकड़ा खजूर के गुड़ का खाएं। इसे



आपकी थकान दूर होने में मदद मिलेगी। खजूर का गुड़ शरीर को इस्टेंट एनर्जी देने में मदद करता है। खजूर का गुड़ खाने में काफी स्वादिष्ट होता है। ये आपके मूड को भी फ्रेश रखने में मदद करता है।

**पाचन तंत्र को रखें मजबूत :** खजूर का गुड़ पाचन तंत्र को मजबूत बनाने में मदद करता है। इसके सेवन से पेट से जुड़ी कई समस्याएं कम होती हैं। खाने के बाद खजूर का गुड़ खाने से खाना ठीक से पचता है। अगर आपके पेट में गैस बनती है, तो ऐसे में खजूर के गुड़ का नियमित सेवन करें।

**मुंहासों की समस्या को करें दूर :** खजूर का गुड़ शरीर की कई परेशानियों को दूर करके बॉडी को हेल्दी रखने में मदद करता है। खजूर के गुड़ को नियमित खाने से मुंहासों की समस्या दूर होती है। खजूर का गुड़ शरीर के टॉक्सिक पदार्थो के बाहर निकालने में मदद करता हैं। नियमित इसको खाने से त्वचा ग्लोइंग बनती है।

# दिल को हेल्दी रखने में मदद करेंगी ये सब्जियां

हार्ट शरीर का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। हार्ट शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करता है। लेकिन आजकल के बिजी लाइफस्टाइल के कारण, गलत खानपान खाने और एक्सरसाइज न करने की वजह से इसका सीधा असर हमारी हेल्थ पर पड़ता है। अनहेल्दी चीजों के सेवन से दिल से जुड़ी बीमारियां लगने का खतरा बना रहता हैं। दिल को स्वस्थ रखने के लिए हेल्दी डाइट लेना आवश्यक होता है। ऐसे में हार्ट को हेल्दी रखने के लिए इन सब्जियों को डाइट में अवश्य शामिल करें। ये सब्जियां हार्ट को हेल्दी रखने के साथ शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करेंगी।

**पालक :** पालक शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। पालक में आयरन, कैल्शियम, फोलेट, ओमेगा-3 फैटी एसिड और विटामिन के आदि पाए जाते हैं। पालक के नियमित सेवन से शरीर में हीमोग्लोबीन की कमी नहीं होती है। पालक खाने से दिल स्वस्थ रहता है और शरीर भी मजबूत बनता है।

**गाजर :** गाजर हार्ट को तंदुरुस्त रखने में मदद करती है। गाजर में प्रचुर मात्रा में आयरन, पोटैशियम, कार्बोहाइड्रेड, प्रोटीन और विटामिन ए आदि मौजूद होते हैं। गाजर को आप सब्जी, सूप या सलाद आदि के रूप में आसानी खा सकते हैं। गाजर खाने से शरीर में खून की कमी नहीं होती है। गाजर शरीर की इम्यूनिटी बढ़ाने में भी मदद करती है।

**भिंडी :** भिंडी खाने में जितनी स्वादिष्ट होती है, दिल के लिए उतनी ही फायदेमंद। भिंडी में कैल्शियम, फाइबर, फास्फोरस, पोटेशियम और आयरन प्रचुर मात्रा में पाया जाता हैं। भिंडी नियमित खाने से हार्ट को हेल्दी रखने में मदद करती है।

**ब्रोकली :** ब्रोकली शरीर के लिए फायदेमंद होती है। ब्रोकली खाने वजन घटाने में मददगार होती है, लिवर को स्वस्थ रखती है और इम्यूनिटी को मजबूत करती हैं। ब्रोकली एक प्रकार की हरी सब्जी है।

# बालों में सरसों का तेल और दही मिलाकर लगाने से दूर होंगी ये समस्याएं



प्राचीन काल से ही बालों में सरसों तेल लगाना बहुत फायदेमंद माना जाता है। यही कारण है कि हमारी मम्मी, दादी-नानी बचपन में सरसों के तेल से सिर की मालिश किया करती थीं। बालों की कई समस्याओं को दूर करने के लिए सरसों का तेल एक रामबाण उपाय है। यह हेल्दी फैट्स जैसे मोनोअनसैचुरेटेड फैटी एसिड, पॉलीअनसेचुरेटेड फैटी एसिड, और ओमेगा-3, 6 के साथ ही एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटीबैक्टीरियल गुणों से भरपूर होता है। वहीं दही का सेवन तो हम सभी करते हैं, यह एक बेहतरीन प्रोबायोटिक है जो आपके पेट को हेल्दी रखने में मदद करता है। लेकिन बालों के लिए दही बहुत फायदेमंद होती है। कैल्शियम, प्रोटीन, आयरन जैसी जरूरी पोषक तत्वों के साथ दही के बैक्टीरियल गुण इसे बालों के लिए लाभकारी है बनाते हैं। जब आप सरसों के तेल में दही मिलाकर बालों में लगाते हैं और इससे स्कैल्प की अच्छी तरह मालिश करते हैं, तो यह बालों की लगभग सभी समस्याओं को दूर करने और आपको मजबूत, घने और शाइनी बाल पाने में मदद करता है।

**डैंड्रफ का है रामबाण इलाज :** सरसों तेल और दही का मिश्रण बालों में लगाने से बालों और स्कैल्प को पोषण मिलता है। इससे स्कैल्प मॉइश्चराइज होता है और नमी बनी रहती है। यह स्कैल्प पर जमा हानिकारक बैक्टीरिया को भी साफ करता है और डैंड्रफ का सफाया करता है।

**बाल बनाए मजबूत :** बालों का झड़ना कम करने और रोकने में सरसों तेल और दही का मिश्रण बहुत लाभकारी है। यह आपको मजबूत और घने बाल पाने में मदद करता है।

**ड्राई हेयर की समस्या करे दूर :** सरसों का तेल और दही बालों में लगाने से बालों को पोषण मिलता है, यह बालों में नमी को लॉक करता है और उन्हें काला बनाता है। यह दो मुहे बाल, ड्राई और फ्रिजी हेयर की समस्या को दूर करने को मुलायम और शाइनी बाल पाने में मदद करता है।

**बालों के विकास को दे बढ़ावा :** बालों का विकास रुकना या बहुत कम होने की समस्या को दूर ने में यह कॉम्बिनेशन बहुत लाभकारी है। यह आपके बालों, स्कैल्प और रोमछिद्रों को पोषण प्रदान करता है और बालों के तेजी से विकास में मदद करता है।

**खुजली से दिलाए राहत :** स्कैल्प पर जमा गंदगी और हानिकारक बैक्टीरिया के कारण सिर में खुजली होती है और बाल झड़ते हैं।



हीरे की अहमियत जानते हो तो अँधेरे में चमको
क्योंकि रौशनी में तो कांच भी चमकते है।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान

# पहलगाम अटैक पर सीएम उमर अब्दुल्ला का भावुक संबोधन

## सुरक्षा मेरी जिम्मेदारी थी, मृतकों के परिजनों से क्या कहूं; माफी के लिए शब्द नहीं

बढ़ता राजस्थान

**श्रीनगर ( एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा में सोमवार को पहलगाम अटैक में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी गई। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा- मेजबान होने के नाते मैं सुरक्षा के लिए जिम्मेदार था। इन लोगों के परिजन से मैं कैसे माफी मांगू। मेरे पास कोई शब्द नहीं है। उमर ने कहा- जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा लोगों की चुनी हुई हुकूमत की जिम्मेदारी नहीं है, लेकिन CM और टूरिज्म मिनिस्टर होने के नाते मैंने इन्हें बुलाया था। मेजबान होने के नाते मेरी जिम्मेदारी थी कि इन्हें सुरक्षित भेंजू, नहीं भेज पाया। उमर ने कहा- उन बच्चों से क्या कहता, जिन्होंने अपने वालिद को खून में लिपटा हुआ देखा। उस नेवी अफसर की विधवा को क्या कहूं, जिन्हें शादी किए हुए ही चंद दिन हुए थे। कुछ लोगों ने पूछा कि क्या कसूर था हमारा। हम पहली बार कश्मीर आए थे छुट्टी मनाने के लिए। इस छुट्टी का जिंदगी भर खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

### उमर बोले- नहीं सोचा था ऐसे हालात होंगे

उमर अब्दुल्ला ने कहा- यकीन नहीं होता कि चंद दिन पहले हम इस सदन में थे और बजट पर कई अन्य मुद्दों पर बहस चली। सदन स्थगित होते होते हम यह उम्मीद कर रहे थे कि श्रीनगर में दोबारा मुलाकात होगी। किसने सोचा था कि जम्मू-कश्मीर में ऐसे हालात बनेंगे कि दोबारा यहां मिलना पड़ेगा। सीएम अब्दुल्ला ने कहा कि स्पीकर साहब आपके आसपास वो लोग बैठे हैं, जिन्होंने खुद अपने रिश्तेदारों को कुर्बान होते देखा है। हम में से कितने ही हैं, जिन पर हमले हुए हैं। हम चाहते हैं कि इस सदन की तरफ से हमले की निंदा की जाए। मारे गए 26 परिवारों के साथ हम हमदर्दी जाहिर कर सकें।

### उमर ने कहा- मेरे पास अल्फाज नहीं कैसे माफी मांगू

उमर अब्दुल्ला ने कहा- स्पीकर साहब उत्तर से लेकर दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक पूरा देश इस हमले की चपेट में आया है। यह पहला हमला नहीं था। हमने कई हमले होते हुए देखे हैं। हमने अमरनाथ यात्रा, डोडा के गांवों में हमले देखे, कश्मीरी पंडितों की बस्तियों पर हमले देखे, सिख बस्तियों पर हमले देखे।

# पहलगाम पर सर्वदलीय बैठक में पीएम नहीं आए : खड़गे

## राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष डोटासरा ने कहा- एक के बदले 100 सिर का क्या हुआ मोदीजी

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। खड़गे ने कहा- देश की बदकिस्मती है कि जब देश के स्वाभिमान को धक्का पहुंचा हो, उस वक्त आप बिहार में चुनावी भाषण कर रहे थे। सर्वदलीय बैठक में सब दलों के नेता आए, लेकिन दुख है कि पीएम मोदी उस बैठक में नहीं आए। बिहार दूर था क्या? सर्वदलीय बैठक में पीएम आते और योजना बताते। हमसे क्या मदद चाहिए। खड़गे सोमवार को जयपुर के रामलीला मैदान में कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली को संबोधित कर रहे थे। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा- पहले पुलवामा में हुआ, अब पहलगाम में हुआ, यह चूक कहां हुई, यह पूछने का हिंदुस्तानी को अधिकार है। मोदीजी आपने वादे किए थे उनका क्या हुआ? एक के बदले 100 सिर कब आएंगे, उस वादे का क्या हुआ?

### संविधान बचाओ रैली में खड़गे की कही 6 प्रमुख बातें...

1. **पहलगाम आतंकी हमला:** आप (मोदी) 56 इंच की छाती की बात करते हो। अरे बाबा, कम से कम पहलगाम आतंकी हमले पर सर्वदलीय बैठक में बैठते तो हमें पता लगता कि क्या करने वाले हैं? हम सब पार्टियों के लोग थे, लेकिन उस पर कभी नजर करने की कोशिश नहीं की। ऐसा तो प्रधानमंत्री का एटीट्यूड है।
2. **संविधान :** अंबेडकर ने संविधान बनाया। उसी कारण एक मामूली चाय बेचने वाला आदमी पीएम बन सकता है। मेरे जैसा मिल मजदूर का बेटा देश के विपक्ष का नेता बन सकता है। संविधान रहा तो ही आप पीएम बनेंगे, गृह मंत्री बनेंगे।
3. **महंगाई और बेरोजगारी :** आज जितनी भी बड़ी स्कीम हैं, वो सब कांग्रेस की देन हैं। मोदी ने क्या दिया? मोदी ने महंगाई और बेरोजगारी दी है। मोदी 56 इंच की बात करते थे। अब मोदी की 56 इंच की छाती सिकुड़ गई है।
4. **दलित-पिछड़ा वर्ग :** हमारा नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली मंदिर गया। उस मंदिर को इनके मूंछों वाले एक नेता ने गंगाजल से धुलवाया। अब हिंदू एकता की बात कहां गई? अमित शाह और इनके चेले चुनाव से पहले दलितों के घर जाकर खाना खाते थे। ऐसी खबरें चलती थी। ये दलित-पिछड़ों के ही बनाए तालाब से उन्हें पानी नहीं पीने देते। दलित-पिछड़े मूर्ति बनाते हैं, लेकिन उन्हें मूर्ति के हाथ नहीं लगाने देते। शाह और मोदी दलित-पिछड़ों को झुकाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन झुकने वाले नहीं हैं।
5. **अंबेडकर :** अमित शाह ने संसद में कहा कि अंबेडकर, अंबेडकर इतना करते हैं, इतना नाम भगवान का लेते तो मोक्ष मिल जाता। बाबा साहेब के नाम से इतनी नफरत है। अंबेडकर जितना नाम भगवान का लेते तो स्वर्ग मिल जाता। अब हम तुम्हें स्वर्ग ही भेजेंगे। अब यह तो यमराज तय करेंगे कि स्वर्ग मिलेगा या नहीं।
6. **मोदी के वादे :** मोदी के 12 झूठ हैं? काला धन वापस लाने, हर खाते में 15 लाख डालने, हर साल 2 करोड़ नौकरी, पेट्रोल-डीजल सस्ता, गंगा को साफ, हर भारतीय को घर, किसानों को एमएसपी, महंगाई खत्म करने जैसे उनके सभी वादे

### खड़गे ने मोदी के 12 झूठ गिनाए

- कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा- मोदीजी 11 साल में इतने झूठ बोले कि पूछो मत। मोदी के 12 झूठ हैं, मोदी कैसे प्रधानमंत्री हैं।
- पहले उन्होंने कहा कि 100 दिन में काला धन वापस लाएंगे, नहीं लाए।
- हर खाते में 15 लाख डालने की बात कही, यह झूठ है।
- हर साल दो करोड़ नौकरी का वादा किया, नहीं दी।
- पेट्रोल-डीजल सस्ता करने का वादा किया।
- 2022 तक गंगा साफ करने का वादा किया था, किया क्या?
- किसानों की आय दोगुना करने का वादा किया, पूरा किया क्या?
- 2022 तक हर भारतीय को घर देने का वादा किया।
- किसानों को एमएसपी देने का वादा किया, दिया क्या।
- महंगाई खत्म कर दूंगा यह मोदी ने कहा। लोगों को खत्म कर रहे, लेकिन महंगाई खत्म नहीं हुई।
- मेक इन इंडिया में फैक्ट्री लगाने का वादा किया।
- मोदी ने बिहार के बक्सर में पैकेज देने का वादा किया।
- मोदी ने बिहार को 1.25 लाख करोड़ पैकेज देने का वादा किया, बिहार को दिया क्या?

# सिद्धारमैया ने एएसपी को थप्पड़ मारने की कोशिश की

## बेलगावी में एक रैली की घटना; भाजपा कार्यकर्ताओं के विरोध प्रदर्शन से नाराज हुए

बढ़ता राजस्थान

**बेंगलुरु ( एजेंसी )।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सोमवार को बेलगावी में एक रैली के दौरान असिस्टेंट सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस को थप्पड़ मारने की कोशिश की। दरअसल, सिद्धरमैया जैसे ही भाषण देने के लिए उठे, भीड़ में मौजूद कुछ भाजपा कार्यकर्ता नारेबाजी करने लगे। उन्होंने ष्टरू को काले झंडे भी दिखाए। इससे सिद्धारमैया नाराज हो गए और सुरक्षा में तैनात एएसपी नारायण भरमनी पर भड़क उठे। मामले का वीडियो भी वायरल हो रहा है।

नाराज सीएम ने मंच से ही एएसपी से कहा- आप जो भी हैं, यहां आएं। जब एएसपी भरमनी मंच पर पहुंचे तो ष्टरू ने उनसे पूछा- आप क्या कर रहे थे। इसके बाद सीएम ने थप्पड़ मारने के लिए अपना हाथ उठा दिया। एएसपी भरमनी कुछ पीछे हटे तो सिद्धारमैया रुक गए। राज्य में विपक्षी पार्टी भाजपा और जनता दल सेक्युलर इस घटना को लेकर हमलावर हैं।

जेडीएस बोली- ष्टरू ने गली के उपद्रवी की तरह बर्ताव किया जेडीएस ने ट्वीटर पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा- सिद्धारमैया, आपको सत्ता का अहंकार है। एएसपी को मारने के लिए हाथ उठाना आपके पद को शोभा नहीं देता है। आप मुख्यमंत्री हैं और गली के उपद्रवी की तरह एएसपी को मारने की कोशिश की। यह माफी के लायक नहीं है। आपका कार्यकाल केवल 5 साल का है, लेकिन सरकारी अधिकारी 60 साल की उम्र तक सेवा करता है। सत्ता स्थायी नहीं है, अपना आचरण सुधारें।



# क्रिकेटर आर अश्विन को पद्मश्री

## हॉकी खिलाड़ी श्रीजेश को पद्म भूषण मिला

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में 2025 के लिए पद्म अवॉर्ड्स दिए। साल की पहली पद्म सेरेमनी में 71 हस्तियों को पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री से सम्मानित किया गया। जबकि बाकी हस्तियों को जल्द ही एक अलग समारोह में सम्मानित किया जाएगा।
सोमवार को हुई सेरेमनी में 4 पद्म विभूषण, 10 पद्म भूषण और 57 पद्म श्री पुरस्कार दिए गए।

कला के क्षेत्र में साउथ फिल्मों के एक्टर अजीत, डायरेक्टर शेखर कपूर को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। वहीं गजल गायक पंकज उधास को मरणोपरांत पद्म भूषण सम्मान दिया गया। अवॉर्ड उनकी पत्नी फरीदा ने लिया। क्रिकेटर आर अश्विन को पद्मश्री, हॉकी खिलाड़ी श्रीजेश को पद्म भूषण दिया गया। वहीं कुवैत की योग टीचर शेखा अली को भी चिकित्सा क्षेत्र में पद्मश्री से सम्मानित किया गया। सरकार ने गणतंत्र दिवस से पहले 2025 के लिए 139 पद्म पुरस्कारों का ऐलान किया था।

# राजस्थान में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी : जैसलमेर में 7 साल का रिकॉर्ड टूटा, 20 जिले हीटवेव की चपेट में रहे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में सोमवार को रिकॉर्ड तोड़ गर्मी रही। जैसलमेर में अधिकतम तापमान 46.2 डिग्री रहा। इससे पहले जैसलमेर में 30 अप्रैल 2018 में अधिकतम तापमान 46.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था। जयपुर, अलवर, भीलवाड़ा समेत अन्य शहरों में अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अभी दो दिन तेज गर्मी झेलनी पड़ेगी। 1 मई से राजस्थान में एक नया वेदर सिस्टम एक्टिव होगा, जिसके प्रभाव से आंधी-बारिश का दौर शुरू हो सकता है।

### जोधपुर में 5 साल का सबसे ज्यादा तापमान दर्ज हुआ

जैसलमेर के अलावा बाड़मेर में भी भीषण गर्मी रही, जहां अधिकतम तापमान 46.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जोधपुर में पिछले 5 साल में सर्वाधिक तापमान दर्ज हुआ। यहां पारा 44.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। फलोदी, गंगानगर, बीकानेर, जालोर, पिलानी, चित्तौड़गढ़ और कोटा हीटवेव की चपेट में रहे। इन शहरों में सुबह 10 बजे बाद ही तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया।



### 2 शहरों को छोड़कर सभी शहरों में पारा 40 पार

राजस्थान में केवल प्रतापगढ़ और हनुमानगढ़ ऐसे शहर रहे, जहां तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। जबकि शेष सभी शहरों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर दर्ज हुआ। फलोदी में तो रविवार रात न्यूनतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। यहां रात में दिन जैसी गर्मी रही और तापमान औसत से ऊपर दर्ज हुआ।

# पहलगाम अटैक के बाद पुलवामा की ओर भागे आतंकी

## शुरुआती जांच में खुलासा- लोकल हैंडलर-ड्रोन से रेकी की; क्रिप्टोकरेंसी से पाकिस्तान फंडिंग कर रहा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पहलगाम हमले के एक हफ्ते बाद अब धीरे-धीरे जांच एजेंसियों को आतंकी हमले की साजिश के सबूत मिलने लगे हैं। एजेंसियों की प्राइमरी इंवेस्टिगेशन जांच और खुफिया जानकारी के मुताबिक, हमले से पांच दिन पहले बैसरन एरिया में एक अज्ञात चीन में बना डीजेआई ड्रोन उड़ता देखा गया था। इसके अलावा घोड़ेवालों से रेकी करवाने का शक भी है। जांच में ऐसे कई अहम खुलासे हुए हैं।

बैसरन घाटी पर हमले से 5 दिन पहले ड्रोन उड़ते देखा गया। जांच एजेंसी के मुताबिक, आशंका है कि इसका रेकी करने और संभावित भीड़ का आकलन करने के लिए किया गया।

जांच एजेंसियां इसरो की मदद से यह पता करने की तलाश में है कि क्या पहलगाम में असामान्य रेडियो सिग्नल ट्रैफिक देखा गया। ऐसा अनुमान है कि हथियारों की खेप भी ड्रोन से घाटी में पहुंचाई गई। एजेंसियों को शक है कि आतंकियों ने घोड़ेवालों को पैसे देकर क्षेत्र की रेकी करवाई थी। पर्यटकों के बीच घुलने-मिलने के लिए स्थानीय वेशभूषा और लोकल आईडी कार्ड इस्तेमाल किए।

# यूरोप में भारी ब्लैकआउट, जनजीवन अस्त-व्यस्त


## फ्रांस-स्पेन-पुर्तगाल में बिजली गुल, एयरपोर्ट-मेट्रो बंद

बढ़ता राजस्थान

**मैड्रिड/लिस्बन/पेरिस।** यूरोपीय देश स्पेन, पुर्तगाल और फ्रांस में सोमवार को भारतीय समयानुसार शाम 4 बजे ब्लैकआउट हो गया है। इससे तीनों देशों के मेट्रो, एयरपोर्ट, रेल और मोबाइल नेटवर्क ठप हो गए।

इस ब्लैकआउट से लाखों लोग बिना बिजली के रहने पर मजबूर है। यूरोन्यूज पुर्तगाल के मुताबिक, पुर्तगाल और स्पेन की राजधानियों में कई मेट्रो ट्रेन स्टेशन के बीच सुरंगों में फंस गई हैं। लोग इन मेट्रो में फंसे हुए हैं।

पुर्तगाल पुलिस ने पुष्टि की है कि ट्रेनों का संचालन बंद है, पोर्टो और लिस्बन दोनों शहरों में मेट्रो सेवाएं बंद कर दी गई हैं और पूरे देश में ट्रैफिक सिग्नल भी प्रभावित हुए हैं। यूरोप की इलेक्ट्रिक ग्रिड में खराबी इस ब्लैकआउट की वजह हो सकती है। फ्रांस के दक्षिण-पश्चिम में अलारिक माउंटेन पर आग लग गई है। इससे पेरपिगन और पूर्वी नारबोन के बीच एक हाई वोल्टेज इलेक्ट्रिसिटी लाइन को नुकसान पहुंचा है।



पुर्तगाल की राष्ट्रीय विद्युत कंपनी रेन ने कहा कि इसे पावर आउट-रेज का एक संभावित कारण माना जा रहा है।


# बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# दिग्विजय बोले- अब मैं कभी मंच पर नहीं बैठूंगा : ग्वालियर में मंच पर बैठने को लेकर हुआ विवाद; पूर्व सीएम बोले- ये लड़ाई समाप्त करें

बढ़ता राजस्थान

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि वह अब कभी मंच पर नहीं बैठेंगे। मंच के नीचे बैठेंगे। जब उनके बोलने की बारी आएगी, तभी वो मंच पर चढ़ेंगे। दिग्विजय सिंह ने कांग्रेस नेताओं से मंच की लड़ाई खत्म करने की अपील की है।

दिग्विजय सिंह सोमवार को ग्वालियर के फूलबाग में कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली को संबोधित कर रहे थे। दिग्विजय सिंह ने कहा- मैं आपसे प्रार्थना करता हूं कि मंच की लड़ाई समाप्त करें। आपसे अनुरोध करता हूं कि मैं अब कांग्रेस या किसी भी मंच पर नहीं बैठूंगा। मैं नीचे बैठ जाऊंगा। बस इतना अनुरोध है कि जब बोलने का अवसर आए, तब मुझे बुला लिया जाए। कृपया मंच की लड़ाई को समाप्त कर दीजिए।

दिग्विजय सिंह ने कहा कि जो लोग लाते हैं, वे बेचारे रह जाते हैं, और हमारे लोग मंच पर आ जाते हैं। इन बातों पर ध्यान दीजिए। दरअसल, ग्वालियर में हुए कांग्रेस के इस कार्यक्रम में करीब 4 से 5 हजार नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। मंच पर बैठने को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में विवाद हुआ। जिसके बाद दिग्विजय सिंह ने मंच से ही ये बातें कहीं।

### कांग्रेस ने बनाई थी गाइडलाइन, नहीं हुआ पालन

दरअसल, हाल ही में कांग्रेस ने अपने कार्यक्रमों को लेकर एक गाइडलाइन बनाई थी, जिसमें ये भी तय किया गया था कि मंच पर कोई नहीं बैठेगा। सिर्फ डायस और माइक रहेगा। जिस नेता का भाषण देने का नंबर आएगा, वहीं मंच पर जाएगा, भाषण देगा और फिर नीचे आकर बैठ जाएगा। लेकिन ग्वालियर की इस रैली में इसका पालन नहीं हुआ।

## पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि

कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मौन रखकर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने ज्योतिरादित्य सिंधिया को लेकर कहा कि उन्होंने विधायकों को दल बदलवाकर एक चुनी हुई सरकार को गिरा दिया। उन्होंने कहा था कि वह सड़क पर उतरेंगे, क्योंकि उनका अपमान हो रहा है। उन्होंने इसे संविधान पर आघात बताया और आपके दिए हुए वोट को चुनौती दी। अगर यह संविधान खतरे में नहीं था, तो फिर और क्या था?